सुप्रभात
रांची, रविवार
28.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

PARIS 2024

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 19

12

लाओस ने जारी किया रामलला पर डाक टिकट

न्यूज डायरी

मेकॉन को जल संरक्षण ग्लोबल वाटरटेक अवार्ड

रांची। मेकॉन को वर्ष 2024 के लिए जल संरक्षण कंपनी श्रेणी में प्रतिष्ठित जीइइएफ ग्लोबल वाटरटेक अवार्ड 2024 से नवाजा गया है। दिल्ली में आयोजित समारोह में मेकॉन के निदेशक पीके दीक्षित को यह पुरस्कार दिया गया।

ससुराल नहीं जा रही बेटी की हत्या, पिता गिरफ्तार

गिरिडीह। देवरी थाना इलाके के महेशियादीघी गांव में शनिवार की सुबह एक महिला का शव उसके मायके के बाहर में पड़ा मिला। मृतिका मंजू देवी (40) पिछले कई महीनों से पति से अलग हो कर मायके में रह रही थी। पिता प्रभुनाथ सिंह ने कई बार बेटी को अपने ससुराल जाने को कह था। चर्चा है कि उसका अफेयर गांव के संजय राम के साथ चल रहा था। इसी बात को लेकर पिता गुस्से में कई बार बेटी को शासुराल जाने को कह चुका था। आरोप है कि ससुराल जाने से इनकार करने पर उसकी हत्या तेज धारदार हथियार से कर कर दी गयी।

पूर्व मंत्री आलम की जमानत याचिका पर सुनवाई तीन को

रांची। टेंडर कमीशन मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर शनिवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की अगली सुनवाई तीन अगस्त तय की गयी।

खाई में गिरी कार, पांच परिजन समेत 8 की मौत

श्रीनगर । दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकरनाग के डकसुम इलाके में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में एक कार खाई में गिर गयी। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्य भी शामिल हैं। यह हादसा डकसुम नाका से 20 किलोमीटर दूर अर्शान हट के पास हुआ।

पेशी के बाद कमलेश को भेजा गया जेल

रांची। इडी ने गिरफ्तार जमीन कारोबारी कमलेश कुमार को शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। अदालत ने कमलेश कुमार को आठ अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। मामले में ईडी की ओर से रिमांड पर लेने के लिए आवेदन दिया गया है। रिमांड पर अदालत सोमवार को सुनवाई करेगी। जमीन घोटाला से जुड़े मामले में इडी के छठा समन कमलेश शुक्रवार की दोपहर इडी ऑफिस पहुंचा था। लंबी पूछताछ के बाद देर रात गिरफ्तार कर लिया था।

इनामी महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

कबीरधाम। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में 13 लाख रुपये की एक इनामी महिला नक्सली ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। साथ ही बताया कि नक्सलियों के एमएमसी जोनल कमेटी के अंतर्गत टांडा/मलाजखंड एरिया कमेटी की सदस्य रानीता उर्फ हिड़मे कोवासी (22) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। उस पर 13 लाख का इनाम घोषित था।

नीति आयोग की बैठक मे नहीं गया विपक्ष, ममता बीच बैठक से निकलीं

यह बदलाव का दशक, भारत मौके का लाभ उठाये : मोदी

- विकसित भारत का लक्ष्य पाने में राज्यों की अहम भूमिका
- तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर भारत
- 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का है लक्ष्य

नयी दिल्ली (एजेंसी)। इंडिया दलों के बहिष्कार और ममता बनर्जी के हंगामे के बीच शनिवार को नीति आयोग की की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि यह बदलावों का दशक है। भारत को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्य अहम भूमिका निभा सकते हैं। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य केंद्र सरकार ने निर्धारित किया है। नीति आयोग की बैठक का विषय भी विकसित भारत 2047 रहा है। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्य सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि वह सीधे लोगों से जुड़े हैं। 2047 तक विकसित भारत हर भारतीय की महत्वाकांक्षा है। बैठक में अपनी बात रखने के दौरान बंगाल की सीएम ममता ने माइक बंद कर देने का आरोप लगाया। हंगामा किया और बैठक बीच में ही छोड़ कर निकल गयीं। बैठक में भागलेनेवाली वह विपक्ष की ओर एकमात्र नेता थीं। (शेष पेज 11 पर)

बहिष्कार करके आयी हूं : ममता बनर्जी

ममता बनर्जी ने कहा, मैं विपक्ष की एकमात्र सदस्य थी जो बैठक में भाग ले रही थी, लेकिन फिर भी मुझे बोलने की अनुमति नहीं दी गयी। यह अपमानजनक है। मैं नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करके आई हूं। आंध्र, असम, गोवा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों को काफी समय दिया गया। मुझे केवल पांच मिनट बाद ही रोक दिया गया। यह अनुचित है। बैठक में राजनीतिक भेदभाव का आरोप लगाया था। केंद्र को राज्य सरकारों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। मैं बोलना चाहती थी, लेकिन मेरा माइक बंद कर दिया गया।



नीति आयोग के सीइओ बोले

इस विवाद पर नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने ममता बनर्जी के दावे को खारिज कर दिया है। सीइओ ने दावा किया कि हर मुख्यमंत्री को बोलने के लिए सात मिनट का समय दिया जाता है। जब ममता बनर्जी के बोलने का समय पूरा हो गया तो उन्होंने कहा कि मैं कुछ समय और बोलना चाहती थी, लेकिन अब नहीं बोलूंगी। बस इतना ही। और कुछ नहीं हुआ। हम सबने सुना।

ममता झूठ बोल रहीं हैं : निर्मला सीतारमण

ममता बनर्जी के माइक बंद करने के दावे पर अब केंद्र सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी झूठ बोल रही हैं। उनका इरादा इंडिया गठबंधन के नेताओं को खुश करना मात्र है। उन्हें पर्याप्त समय दिया गया था। सबने उनकी बात भी सुनी है। माइक बंद करने का उनका आरोप पूरी तरह झूठ है। उन्होंने कहा कि सभी मुख्यमंत्रियों को पर्याप्त समय दिया गया। वित्त मंत्री ने कहा, ममता को झूठ पर आधारित कहानी गढ़ने के बजाय सच्चाई बतानी चाहिए।

मनु भाकर ने जगायी पदक की आस

10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचीं

नयी दिल्ली(एजेंसी)। पेरिस ओलंपिक 2024 के पहले दिन खराब शुरूआत के बाद शाम होते-होते भारत के लिए अच्छी खबर भी सामने आयी। भारत की शीर्ष निशानेबाज मनु भाकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वह क्वालीफिकेशन स्पर्धा में 580 अंक और 27 बुल्सआई के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। भाकर ने पहली सीरीज में 97, दूसरी में 97, तीसरी में 98, चौथी में 96, 5वीं में 96 और छठी में 96 अंक हासिल किये। फाइनल रविवार दोपहर 3. 30 बजे से होगा।

आज खेला जायेगा फाइनल: 10 मीटर एयर पिस्टल का फाइनल रविवार दोपहर 3:30 बजे से होगा। मनु भाकर पिछले 20 वर्षों में व्यक्तिगत स्पर्धा में ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज हैं। आखिरी बार सुमा शिरूर एथेंस 2004 में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में पहुंची थीं। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रिदम सांगवान 15वें स्थान पर रहीं। इसके साथ ही वह मेडल की रेस से बाहर हो गयीं। सांगवान ने 573-14 एक्स स्कोर किया।

अच्छी नहीं रही भारत की शुरूआत

भारत के लिए ओलंपिक की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। 10 मीटर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत की रमिता जिंदल और अर्जुन बाबुता की जोड़ी क्वालिफायर से बाहर हो गयी। ये जोड़ी छठे स्थान पर रही। (शेष पेज 11 पर)

भाजपा सीएम परिषद की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बैठक, योजनाओं की भी समीक्षा

नयी दिल्ली(एजेंसी)। पीएम मोदी की अध्यक्षता में भाजपा के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं की बैठक में कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। पार्टी में गुटबाजी और कुछ राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनावों पर चर्चा की गयी। भाजपा द्वारा नियमित अंतराल पर आयोजित की जाने वाली मुख्यमंत्री परिषद का उद्देश्य राज्यों में प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करना, सर्वोत्तम शासन प्रथाओं का पालन करना और केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी पहल का क्रियान्वयन करना है।

दो दिनों तक चलेगी बैठक : दिल्ली भाजपा मुख्यालय में यह बैठक दो दिनों तक चलेगी। शनिवार की बैठक में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन के प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे। पहले दिन अमित शाह और जेपी नड्डा, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, असम के हिमंत विश्व शर्मा, राजस्थान के भजनलाल शर्मा और ओड़िशा के मोहन चरण माझी समेत अन्य नेता शामिल थे। (शेष पेज 11 पर)

इंडिया ब्लॉक की एकजुटता, कई सीएम ने किया बहिष्कार

हेमंत भी नहीं गये, सीएस को नहीं मिली इंट्री

नीति आयोग की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची, नयी दिल्ली। पीएम मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को दिल्ली में हुई नीति आयोग की बैठक का इंडिया ब्लाक शाषित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बहिष्कार कर गटबंधन की एकजुटता का परिचय दिया। गटबंधन ने बहिष्कार के फैसले को उचित ठहराया और दावा किया कि उनके इस कदम की वजह केंद्र सरकार की कुछ हरकतें हैं। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने भी बैठक का बहिष्कार किया। झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांग्ते बैठक में शामिल होने पहुंचे, पर उन्हें एंट्री नहीं दी गयी। वह कल ही दिल ली पहुंच गये थे। बैठक से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और पुडुचेरी से अनुपस्थित था। बहिष्कार की वजह केंद्रीय बजट में गैर भाजपा शासित राज्यों की अनदेखी रही। (शेष पेज 11 पर)

बैठक में जाने का कोई औचित्य नहीं : झामुमो

झामुमो ने स्पष्ट कर दिया इस बैठक में सीएम के शामिल होने का कोई औचित्य ही नहीं था। पार्टी प्रवक्ता का कहना है कि सीएम हेमंत सोरेन ने पिछले दिनों पीएम मोदी से मुलाकात की थी। वह चाहते थे कि केंद्रीय बजट से पहले नीति आयोग की बैठक हो। उसमें राज्य के हित की बात हो ताकि उसी आधार पर बजट में हिस्सेदारी मिल सके। लेकिन केंद्र सरकार ने दो राज्यों को छोड़कर खासकर गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार कर दिया। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि गैर भाजपा शासित राज्यों की अनदेखी की वजह से इंडिया गठबंधन वाले राज्यों ने पहले ही बहिष्कार की घोषणा कर दी थी। वहीं दूसरी तरफ भाजपा का कहना है कि सीएम ने सीएम ने अपरिपक्वता दिखायी।

सीमा पर घुसपैठ करते एक पाकिस्तानी ढेर

एक जवान शहीद, चार घायल

श्रीनगर(एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया। रक्षा अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में मेजर रैंक के एक अधिकारी समेत पांच भारतीय सेना के जवान घायल हैं। सभी पांचों जवानों को घटनास्थल से निकाल लिया गया, घायलों में से एक जवान की मौत हो गयी। इलाके में सेना की ओर से अभी सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। आर्तकियों के छिपे होने की खबर के बाद जब सेना के जवान तलाशी अभियान चला रहे थे, तभी मुठभेड़ होने लगी। वहीं एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश करते सुरक्षाबलों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया।

दो घुसपैठिये पीओके की ओर भागे : घंटों चली भीषण गोलीबारी के बीच दो घुसपैठिये पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भाग गये। तीन घुसपैठियों के ग्रुप ने उत्तर कश्मीर जिले के त्रेहगाम सेक्टर में कुमकडी चौकी के पास अग्रिम चौकी पर ग्रेनेड फेंका। इसके बाद गोलीबारी की। भारतीय जवानों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी। मुठभेड़ में पांच जवान घायल हो गये। एक कैप्टन समेत चार घायल जवानों को बेस अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि माछिल सेक्टर के कुमकारी सेक्टर में शनिवार सुबह सतर्क भारतीय सेना के जवानों ने बॉर्डर एक्शन टीम (बीएटी) की कार्रवाई को नाकाम कर दिया, जिसमें पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया है। पिछले एक पखवाड़े में कुपवाड़ा में यह चौथी मुठभेड़ है। इससे पहले हुई तीन मुठभेड़ों में छह संदिग्ध विदेशी आतंकवादी मारे गये है और एक सैनिक शहीद हो गया था।

नापाक मंसूबे पर पानी फेरा : भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया है। सेना के जवानों ने नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना के खिलाफ पाकिस्तानी बॉर्डर एक्शन टीम (बैट) के हमले को नाकाम कर दिया। एक घुसपैठिये को मार गिराया। हमले में शामिल बैट टीम में पाकिस्तान सेना के रेगुलर जवान के शामिल होने का शक है। इसमें उनके कमांडो भी शामिल हैं, जो आतंकवादी संगठनों के साथ मिलकर काम करते हैं।

झारखंड में 11 सीटों पर लड़ेगा जदयू

खीरू महतो ने पटना में नीतीश कुमार को सौंपी सूची

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जदयू ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी सिलसिले में जदयू सुप्रीमो और बिहार के सीएम नीतीश कुमार के आवास पर शनिवार को बैठक हुई। बैठक में झारखंड प्रदेश जदयू अध्यक्ष सांसद खीरू महतो भी मौजूद थे। श्री महतो ने नीतीश कुमार को झारखंड की 11 सीटों की लिस्ट सौंपी, जहां से जदयू चुनाव लड़ने की तैयारी में है। इस मीटिंग में कुर्मियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने पर भी चर्चा की। इस दौरान नीतीश ने झारखंड के जदयू अधय्क्ष और अन्य पदाधिकारियों से चुनाव की तैयारियों में जुट जाने को कहा। नीतीश से मुलाकात के बाद खीरू महतो ने कहा कि झारखंड में कुर्मी समाज के लोग की बातें महाकुशवाहा संघ ने भी नीतीश कुमार के सामने रखीं। इसके साथ ही झारखंड में होने वाले चुनाव को लेकर भी चर्चा की गयी।

झारखंड में चुनाव की तैयारी पर जोर : खीरू महतो ने कहा कि कुर्मी समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा दिलवाना उन लोगों की मांग है। यह मांग उन्होंने पार्टी अध्यक्ष नीतीश कुमार के सामने रखी हैं। आने वाले चुनावों को लेकर खीरू महतो ने कहा कि पार्टी सभी सीटों पर अपनी तैयारी कर रही है। हालांकि जिनसे भी उनका गठबंधन होगा वे उनके साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। खीरू महतो ने कहा कि 11 सीटों पर कौन-कौन उम्मीदवार होगा उसकी संभावित सूची सीएम नीतीश कुमार को सौंप दी गई है। (शेष पेज 11 पर)

धनबाद से गिरफ्तार पवन का आधार कार्ड फर्जी

नीट पेपर लीक मामला

वह ड्राइवर नहीं, कई महंगी कारों व मकान का मालिक है

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची, धनबाद। नीट पेपर लीक मामले में धनबाद से गिरफ्तार पवन कुमार उर्फ पंकज कार चालक नहीं है, बल्कि वह कई कारों का मालिक है। निजी इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन कराने का धंधा करता था। जांच में पवन कुमार उर्फ पंकज के आधार कार्ड का एड्रेस फर्जी निकला। आधार कार्ड में पंकज का एड्रेस कंबाइंड बिल्डिंग लिखा गया है, जबकि वास्तव में वह बिशनपुर बाबूडीह का रहने वाला हैष वह छद्म नाम से शहर में घूमता थाष पिछले चार-पांच वर्षों से निजी इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन (नामांकन) का धंधा करता था। इससे उसे अच्छी आय हुई है।

पंकज के नाम से है मशहूर : पेपर लीक केस में सीबीआई पटना की टीम ने शुक्रवार को उसे गिरफ्तार किया था। पवन कुमार धनबाद में पंकज के नाम से ज्यादा मशहूर है। उसे लोग पंकज के नाम से ही ज्यादा जानते हैं। पास इनोवा सहित कई महंगी गाड़ियां हैं। उसकी मां ने शुक्रवार को मीडिया के समक्ष दावा किया था कि उसका बेटा पवन एक कार चालक है। पहले गिरिडीह एवं कुछ दिनों से झरिया में किसी के यहां कार चला रहा है। सूत्रों के अनुसार हकीकत में पवन उर्फ पंकज की दुनिया अलग है। निजी इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेजों में नामांकन के धंधा में शामिल होने के बाद उसकी दुनिया तेजी से बदली। उसका एक तीन मंजिला मकान है। कई महंगी गाड़ियां भी हैं।

पूछताछ में खुलेंगे कई राज

पवन उर्फ पंकज को लेकर सीबीआइ की टीम पटना लेकर गयी है। उससे पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने की संभावना है। धनबाद से नीट पेपर लीक मामले में अब तक चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अब तक इस मामले में देश भर से 37 से अधिक गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें एक एम्स पटना और एम्स रांची का छात्र भी शामिल है। इस मामले में अब भी कई संदिग्धों पर सीबीआई की नजर है। कुछ लोग अब भी फरार हैं।

झारखंड में फिर सूखे की आहट, किसान परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड में एक बार फिर सूखे के आसार नजर आ रहे हैं। देश मॉनसून को आये कई दिन गुजर चुके हैं, लेकिन झारखंड में कम बारिश से किसान परेशान हैं। ऐसे में लगातार तीसरे साल सूखे का खतरा मंडरा रहा है। अधिकारियों ने भी इसकी आशंका जतायी है। झारखंड में अबतक धान की खेती वाले लगभग 86 प्रतिशत खेत कम बारिश के कारण अभी भी बंजर पड़े हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार 24 में से चार जिलों में अभी तक धान की बुआई शुरू नहीं हुई है, जबकि बुआई का प्रमुख समय अगले सप्ताह समाप्त हो रहा है।

47 प्रतिशत कम बारिश : अधिकारियों ने बताया कि 26 जुलाई तक झारखंड में 47 प्रतिशत बारिश कम हुई है। इस स्थिति को लेकर किसान चिंतित हैं और उनका अनुमान है कि राज्य में लगातार तीसरी बार सूखे जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। राज्य सरकार ने 2023 में 17 जिलों के 158 ब्लॉकों को सूखाग्रस्त घोषित किया था, जबकि 2022 में यह संख्या 226 थी। राज्य कृषि विभाग की बुवाई रिपोर्ट के अनुसार 26 जुलाई तक 18 लाख हेक्टेयर के लक्ष्य के मुकाबले सिर्फ 2.43 लाख हेक्टेयर में धान की फसल बोई गयी थी। कृषि योग्य भूमि का सिर्फ 13.53 प्रतिशत हिस्सा ही बोया गया है। पलामू, लातेहार, चतरा और देवघर जिलों में धान की बुवाई शुरू नहीं हो सकी है। (शेष पेज 11 पर)

केंद्र, झारखंड में लगभग 2.37 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई क्षमता सृजित करेगी : केंद्रीय मंत्री

राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने पूछे सवाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्यसभा में भाजपा के सचेतक सह झारखंड़ भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में अपने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से झारखंड़ में सिचिंत भूमि से संबंधित जानकारी मांगी। श्री प्रकाश ने पूछा कि झारखंड़ की कृषि जल पर निर्भरता देश की कुल कृषि जल पर निर्भरता की तुलना में काफी अधिक है। इसकी सुधार के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं? श्री प्रकाश के सवालों के जबाब में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के आर्थिक सांख्यिकी एवं मूल्यांकन के अनुसार वर्ष 2012-13 से 2021-22 में देश भर में बोए गए 141.01 मिलियन हेक्टेयर शुद्ध क्षेत्र में से लगभग 63.09 मिलियन हेक्टेयर असिंचित/वर्षा सिंचित है, जो 44.7 प्रतिशत है। जबकि झारखंड के मामले में 1.38 मिलियन हेक्टेयर शुद्ध क्षेत्र में से 1.10 मिलियन हेक्टेयर असिंचित वर्षा सिंचित है, जो 79.7 प्रतिशत है। केंद्र सरकार प्रति बूंद अधिक फसल (पीडीएमसी) की केंद्र प्रायोजित योजना को भी कार्यान्वित कर रही है।

श्री चौहान ने बताया कि वर्षा सिंचित क्षेत्र की संवेदनशीलता के मुद्दे का समाधान करने के लिए, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग झारखंड सहित पूरे देश में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना

(आरकेवीवाई) के एक घटक के रूप में वर्षा आधारित क्षेत्र विकास (आरएडी) कार्यक्रम को कार्यान्वित कर रहा है। वर्ष 2014 से 2024 तक झारखंड राज्य में आरण्डी के तहत 0.10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया गया है। इसके अलावा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्लू) वर्ष 2015-2016 से देश में प्रति बूंद अधिक फसल (पीडीएमसी) की केंद्र प्रायोजित योजना को भी कार्यान्वित कर रहा है। वर्ष 2015-16 से 2023-24 तक झारखंड में पीडीएमसी के तहत 0.41 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि झारखंड सहित देश भर में उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषि मंत्रालय कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन, राष्ट्रीय खाद्य और पोषण सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन, परंपरागत कृषि विकास योजना, डिजिटल कृषि,समेकित विकास बागवानी मिशन, बीज हब कार्यक्रम, मृदा स्वास्थ्य मिशन आदि कार्यक्रम की कार्यान्वित कर रही है। आईसीएआर सतही और भूजल संसाधनों के संयुक्त उपयोग की सलाह देता है। झारखंड़ में कुल 4690 जल संचयन संरचनाओं का निर्माण/पुनरुद्धार किया गया है। श्री चौहान ने बताया कि झारखंड राज्य द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2014-15 से 2021-22 तक कुल 4690 जल संचयन संरचनाओं का निर्माण/पुनरुद्धार किया गया है और 5233 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को डब्ल्यूडीसी के तहत सुरक्षात्मक सिंचाई के अंतर्गत लाया गया है।

डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई के अनुमोदन के बाद से 393.53 करोड़ रुपये (236.118 करोड़ रुपये का केंद्रीय हिस्सा) की कुल लागत पर 1.48 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करने वाली कुल 30 पनधारा परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और अब तक केंद्रीय हिस्से के रूप में 132.45 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। वर्ष 2022-23 के दौरान डब्ल्यूडीसी-2.0 के अंतर्गत कुल 1115 जल संचयन संरचनाओं का निर्माण/पुनरुद्धार किया गया है तथा 1523 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को सुरक्षात्मक सिंचाई के अंतर्गत लाया गया है। श्री चोयहां ने बताया कि जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय झारखंड में लगभग 2.37 लाख हेक्टेयर की चरम सिंचाई क्षमता सृजित करने के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) के अंतर्गत सुवर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना को कार्यान्वित कर रहा है। वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक इस परियोजना के लिए केंद्रीय सहायता के रूप में 756.73 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

शुद्धि-पत्र

लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा अन्तर्गत प्रकाशित कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0– WRD/MID/KODERMA-07/2024-25 Date 23-07-2024 जिसका PR No. 330430 Minor Irrigation (24-25),D है, को अपरिहार्य कारणवश रदद् किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

PR 330990 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

जिला स्वास्थ्य समिति सदर अस्पताल परिसर, गिरिडीह

Emai. ID. cs.giridih2022@gmail.com

ई– निविदा सं0 01/DHS दिनांक– 25.07.2024

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, DHS गिरिडीह के अधिनस्थ जिला अंतर्गत संचालित सदर अस्पताल/रेफरल अस्पताल/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द/स्वास्थ्य उपकेन्द्र हेतु औषधि एवं किट के क्रय हेतु निर्माता कम्पनी/प्राधिकृत विक्रेता/एजेन्सी इत्यादि से तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड से निविदा आमंत्रित करती है। उक्त निविदा दस्तावेज को Website – http:// jharkhand tenders.gov.in से प्राप्त एवं उसी के माध्यम से जमा किया जा सकता है।

Sl. No.	Details	Timelines/other Particulars
a.	Tender Document Fee (Non-Refundable)	Rs. 1,000/- (One Thousand only) Online Payment
b.	Date of start of Bid Submission	26-07-2024
c.	Last Date and time for submission of Bids	17-08-2024 till 5.00 PM
d.	Opening of Technical Bid-PART A	21-08-2024 at 12.30 PM
e.	Opening of Financial Bid-PART B	To be notified later

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, DHS गिरिडीह।

PR.NO.330839 Health Med Edu and Family Welfare(24-25):D

झारखंड विरोधी है निशिकांत : मुस्ताक

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व मे रांची के फिरायालाल चौक में झारखंड विरोधी भाजपा सांसद निशिकांत दूबे का पुतला दहन किया गया। वर्तमान लोकसभा सभा सत्र के दौरान सांसद निशिकांत दूबे द्वारा झारखंड और आदिवासियों के विरुद्ध दिए गए बयान के विरोध मे झामुमो रांची जिला समिति ने पुतला दहन किया। मौके पर जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने वर्तमान लोकसभा सत्र के दौरान बहुत ही भ्रामक और विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि संथाल परगना, बिहार और बंगाल को मिलकर केंद्र शासित प्रदेश बना दिया जाय, जो कि घोर निंदनीय है। हम इसकी कड़ी शब्दों में निंदा करते हैं। जिसके विरोध में आज यहां पुतला दहन किया जा रहा है। जब भाजपा के सर्वे में यह बात इनको पता चल गया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में ये नही आनेवाले हैं तो ये तरह तरह के हथकंडे और प्रोपोगेंडा कर रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, सचिव डॉ हेमलाल कु मेहता, रामशरण विश्वकर्मा, आफताब आलम, अरुण वर्मा, चिंतामणी सांगा, कैथरीना तिर्की, जीत गुप्ता, महादेव मुंडा, जिला संयुक्त सचिव सुजीत उपाध्याय, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नयनतारा उरांव, सचिव शांति तिर्की, महिला मोर्चा महानगर संगठन सचिव सुनीता तिर्की, परविंदर नामधारी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष फरीद खान, उपाध्यक्ष परवेज आलम, किसान मोर्चा जिला सचिव सज्जाद अंसारी, छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, संगठन सचिव मो इरफान, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान, डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा, इरफान, गुलफसा शानी, कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, रंथु उरांव, इबादत अंसारी, फारूक अंसारी, सबीबुल रहमान, रतन अनमोल सांचा, नौसाद आलम, अकबर खुरैसी, गौरव, गुलाम रब्बानी, क्रीड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, सचिव अंश वर्मा, विक्की वर्मा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, कोषाध्यक्ष अजीत नायक, संगठन सचिव विश्वजीत गोप, रमजान रजा, संयुक्त सचिव महताब अंसारी, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष, निखिल, अवधेश यादव, सद्दाम, कामरान, गोपाल पांडेय, साहिल यादव, राहुल वर्मा, फैयाज साह, भोलू मलिक, आबिद, अमजद, इम्तियाज, नाजिम गुड्डू, विंदे मुंडा, जिकरुल्ला अंसारी, नामकुम प्रखंड सचिव मोजाहिद हुसैन, बबलू, सहनवाज आलम एवं अन्य शामिल हुए।

झारखंड में बदलती डेमोग्राफी डेमोक्रेसी के लिए खतरा : बाबूलाल

रांची। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड को बर्बाद कर रहे हैं। अवैध घुसपैठ के कारण बदलती डेमोग्राफी अब डेमोक्रेसी के लिए खतरा बन चुकी है। उन्होंने एक्स पर दूसरे पोस्ट में लिखा कि पाकुड़ में बांग्लादेशी मुसलमानों के अवैध घुसपैठ के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले युवा छात्रों की कल देर रात हेमंत सरकार की पुलिस ने छात्रावास में घुसकर बर्बरतापूर्ण पिटाई की है। छात्रों पर हुए इस कायराना हमले की वीभत्स तस्वीरें विचलित करने वाली है। पाकुड़ से बताया गया है कि बांग्लादेशी मुसलमानों के अवैध घुसपैठ के विरुद्ध प्रदर्शन करने वाले युवा छात्रों की कल देर रात हेमंत सरकार की पुलिस ने छात्रावास में घुसकर बर्बरतापूर्ण पिटाई की है। छात्रों के उपर हुए इस कायराना हमले की वीभत्स तस्वीरें विचलित करने वाली हैं। बाबूलाल ने आगे लिखा कि हेमंत जी, अपनी मां-बहनों की रक्षा के लिए घुसपैठ के खिलाफ आवाज उठाने वाले युवा छात्रों पर अत्याचार और बाहरियों पर इतना प्रेम बरसाने की वजह क्या है?

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(विकास शाखा)
E-Mail – ddcgumla2014@gmail.com
Phone No. 06524-222209 Fax No. 06524-222209

अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

विधायक मद से विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत गुमला एवं विशुनपुर के विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के ज्ञानोपार्जन, प्रतिभा, व्यक्तित्व विकास एवं विद्यार्थियों के मौलिक विकास हेतु पुस्तकों के क्रय/आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाताओं (प्रतिष्ठित प्रकाशकों/अधिकृत विक्रेताओं) से दिनांक 03.08.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदादाता अनुशंसित पुस्तकों की विवरणी एवं निविदा से संबंधित अन्य शर्तें गुमला जिला के वेबसाईट https://gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

दिनांक 03.08.2024 के अपराह्न 03.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा।

उप विकास आयुक्त,
गुमला

PR 331006 Rural Development(24-25).D

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।
(खेल शाखा)
Email Id- districtsportsofficehzb@gmail.com

पत्रांक– 219 दिनांक– 27.07.2024

:– आम सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर नगद पुरस्कार राशि दिये जाने हेतु राशि एवं मानक के आधार पर झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ी जिन्होंने दिनांक 01.04.2023 के बाद अन्तर्राष्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किए हो अथवा भागीदारी की हों तथा विभागीय संकल्प संख्या 03 दिनांक 11.03.2023 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत् नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने की अहर्त्ता (Eligibility) धारित करतें हो, उनसे नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) हेतु विहित प्रपत्र में जिला खेल पदाधिकारी, कार्यालय हजारीबाग में आवेदन पूर्ण रूप से भरकर अनिवार्य रूप से दिनांक 05.08.2024 तक कर्जन स्टेडियम अवस्थित जिला खेल कार्यालय, हजारीबाग में समर्पित कर सकतें हैं। नगद पुरस्कार हेतु विहित प्रपत्र जिला खेल कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं अथवा खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय के वेबसाईट–http://sports. jharkhand. gov. in से प्राप्त कर सकतें हैं।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 330979 (Art Culture Sports and Youth Affairs) 24-25 (D)

कार्यालय नगर पंचायत छत्तरपुर (पलामू)

अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–NPC-NIT-04/2024-25

1. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छत्तरपुर (पलामू)।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनाक–29.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–05.08.2024 एवं समयः 5.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय, नगर पंचायत, छत्तरपुर के कार्यालय वेश्म, छत्तरपुर /07.08.2024/02.00 बजे अपराह्न।
5. निविदा प्रकोष्ठ का मोबाईल संख्या :– 7004032340, 9608834366
   कार्य मद :–15वें वित्त आयोग।

SL No.	Name of Work	प्राक्कलित राशि	निविदा शुल्क (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	
1	Construction of Drain Around High School's Playground to Developed as a football ground in ward no. 08	2494217.00	10,000.00	49884.00	60 Days
2	Laying of paver Block & landscaping in High School Ground to developed as football ground in ward no. 08	1912043.00	10,000.00	38241.00	60 Days

नोटः– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्तें एवं अन्य जानकारीयाँ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर पंचायत कार्यालय, छत्तरपुर के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

PR.NO.330997 District(24-25):D

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छत्तरपुर।

निबंधन विभाग ने 15 रजिस्ट्रार बदले मधेशिया जमशेदपुर के डीएसआर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजस्व , निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से राज्य के विविभन्न निबंधन कार्यालयों में पदस्थापित 15 जिला अवर निबंधकों (रजिस्ट्रार) का ट्रांसफर कर दिया गया है। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में सभी पदाधिकारियों को नये पदस्थापना वाली जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा गया है कि वैसे पदाधिकारी, जिनके स्थान पर किसी अन्य पदाधिकारी का पदस्थापन हो गया है एवं उनका प्रतिस्थापन नहीं किया गया है। वह विभाग में योगदान देना सुनिश्ति करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

इनका हुआ तबादला

घासीराम पिंगुआ को डीएसआर सरायकेला खरसावां बनाया गचया है। वहीं, उज्जवल मिंज को प्रभारी एआईजी दो मुख्यालय बनाया गया है। इनके अलावा रामकुमार मद्धेशिया को डीएसआर जमशेदपुर, धर्मेंद्र कुमार को अवर निबंधन चांडिल, रामेश्वर प्रसाद सिंह को डीएसआर धनबाद, रामजी तिग्गा को डीएसआर गुमला, विकास कुमार को डीएसआर कोडरमा, सौरभ वर्मा को डीएसआर बोकारो, अशोक कुमार सिंह को डीएसआर चाईबासा, विकास सोरेन को डीएसआर पलामू, दीपिका कुमारी को जमुआ के साथ डुमरी के अवर निबंधन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। दिलीप कुमार सिंह को अवर निबंधक गोविंदपुर, प्रफुल्ल कुमार को डीएसआर घाटशिला, राजेश एक्का को डीएसआर हजारीबाग और संतोष कुमार को प्रभारी एआईजी एक एवं प्रभारी निबंधन कार्यालयों के निरीक्षक पलामू प्रमंडल के अलावा निबंधन कार्यालयों के निरीक्षक संथाल परगना प्रमंडल दुमका का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना शनिवार को रामेश्वर लेयांगी ने जारी कर दी है।

संताल परगना को केंद्रशासित प्रदेश बनाने की मांग कार्पोरेट घरानों की दीर्घकालिक योजना : सीपीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीपीएम का राज्य सचिवमंडल शुक्रवार को लोकसभा में गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा संताल परगना को केंद्रशासित प्रदेश बनाने की मांग का कड़ा विरोध करता है। झारखंड को विभाजित कर संताल परगना को केंद्रशासित प्रदेश बनाने की मांग देश के कार्पोरेट घरानों की दीर्घकालिक योजना का हिस्सा है। क्योंकि संताल परगना मे उपलब्ध खनिज और प्राकृतिक संसाधनों की लूट के लिए केंद्र शासित प्रदेश बड़े पूंजीपतियों के लिए आसान चारागाह हो जाएगा। सांसद निशिकांत दुबे इन्हीं पूंजीपतियों के प्रवक्ता बनकर संसद में इस प्रकार बेतुकी बात बोल रहें हैं।

सचिवमंडल ने कहा है कि संताल परगना झारखंड का एक अविभाज्य हिस्सा है जहां के कुल 6 जिलों में से 4 जिला दुमका,साहेबगंज, पाकुड़ और जामताड़ा पुरी तरह संविधान की 5 वीं अनुसूची के अंतर्गत आता है और देवघर और गोड्डा जिला के कुछ हिस्से को छोड़कर प्रमंडल के 50 प्रखंडों में से 33 प्रखंड पुरी तरह अनुसूचित क्षेत्र में आते हैं। इसके अलावा संताल परगना में जमीन संबधी अलग कानून यानि संताल परगना काश्तकारी कानून लागू है। सचिवमंडल ने कहा है कि यह कानून इस इलाके में यहां के आदिवासियों व स्थानीय लोगों की जमीन का सुरक्षा कवच है। यह कानून कार्पोरेट घरानों के द्वारा यहां की जमीन की लूट में एक बड़ी बाधा है। केंद्रशासित प्रदेश बनने से यह सभी संवैधानिक प्रावधान केंद्र सरकार द्वारा शिथिल कर दिए जाएंगें और पूंजीपतियों द्वारा यहां के जंगल, जमीन, जल और खनिज का दोहन और तेज हो जाएगा। अभी इस क्षेत्र में कई कोयला खदानों की नीलामी हुई है। गोड्डा जिला मे गौतम अडानी के पावर प्लांट के लिए साहेबगंज जिले में बहने वाली गंगा नदी से प्रतिवर्ष 36 एमसीएम यानि 10 करोड़ लीटर जल प्रतिदिन वहां भेजा जाता है। इसलिए कार्पोरेट घरानों के हित में आवाज उठाते हुए सांसद निशिकांत दुबे यहां की डेमोग्राफी बदल जाने और बांग्लादेशी घुसपैठियों का विभाजनकारी हौवा खड़ा कर संताल परगना को केंद्रशासित प्रदेश बनाने की वकालत कर रहें हैं।

खबर एक नजर में

ज्ञान चंद अग्रवाल पर हमला मामले में 5 बरी

रांची। बहुचर्चित ज्ञान चंद अग्रवाल पर जानलेवा हमले से जुड़े मामले में रांची सिविल कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद इस केस के आरोपियों अरविंद पटेल, जीवन महतो, फैयाज खान, नंदन यादव और इम्तियाजा अंसारी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। आरोपियों की ओर से अधिवक्ता प्रीतान्शू सिंह ने बहस की। ज्ञान चंद अग्रवाल पर गोलीबारी की घटना वर्ष 2016 में सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के गेलेक्सिया मॉल के पास हुई थी। दो अपराधियों ने उनपर अंधाधुंध फायरिंग की थी, जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गए थे। इस संबंध में सुखदेवनगर थाना में कांड संख्या 310/2016 दर्ज की गई थी।

बिन बताये वकालत की पढ़ाई करने गये थे सेक्शन ऑफिसर, सस्पेंड

रांची। झारखंड सरकार ने सेक्शन ऑफिसर धर्मेंद्र कुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया है। वे बिना बताये वकालत की पढ़ाई करने चले गये थे। इससे संबंधित आदेश कार्मिक विभाग ने जारी कर दी है। जारी आदेश में कहा गया है कि सस्पेंशन की अवधि में धर्मेंद्र कुमार का मुख्यालय दक्षिण छोटानागपुर के कमिश्नर कार्यालय में होगा। जानकारी के अनुसार, वे 20 मार्च 2023 से दिल्ली यूनिवर्सिटी में तीन साल की लॉ का डिग्री कोर्स करने गये थे। इस दौरान वो अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे। हालांकि उन्होंने अपने बचाव में कहा कि ई-मेल के जरिये उन्होंने अवकाश स्वीकृति के लिए आवेदन दिया था।

जमीन कारोबारी कमलेश को ईडी ने कोर्ट में किया पेश, भेजा गया जेल

रांची। जमीन कारोबारी कमलेश कुमार को ईडी ने शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान एजेंसी ने कोर्ट से कमलेश से पूछताछ के लिए रिमांड देने का आग्रह किया। इसके बाद कोर्ट ने कमलेश को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार भेज दिया। वहीं कमलेश की रिमांड पर कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा।

छह घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने किया था गिरफ्तार

बताते चलें कि लैंड स्कैम से जुड़े केस में ईडी ने बीते 21 जून को कमलेश के किराए के फ्लैट में छापेमारी की थी। इस दौरान एजेंसी ने फ्लैट से एक करोड़ कैश और राइफल की 100 गोलियां बरामद की थीं। इसके बाद ईडी के अधिकारियों के आग्रह पर रांची के कांके थाना में कमलेश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। इसके बाद ईडी ने कमलेश को पांच समन भेजकर पूछताछ के लिए ईडी ऑफिस बुलाया। लेकिन वो ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे।

मंत्री बेबी देवी के ओएसडी बने सुधीर महतो

रांची। महिला बाल विकास विभाग के मंत्री बेबी देवी की अनुशंसा पर सचिवालय सेवा के प्रशाखा पदाधिकारी सुधीर महतो को मंत्री का विशेष कार्य पदाधिकारी के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

लालपुर में एसबीआई और जूलरी दुकान से लूट मामले में तीन दोषियों को 5 -5 साल की सजा

रांची। लालपुर में एसबीआई बैंक और जूलरी दुकान में हुई लूटकांड मामले में तीन दोषी को गौतम रविदास, संजय राम और राजू पांडे को अदालत ने 5-5 साल की सजा सुनाई है। साथ ही सभी पर 15-15 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर सभी को 9 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अपर न्यायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने अभियुक्तों को सजा सुनाई है। बताते चलें कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी रातु थाना के द्वारा की गई थी और मामले में प्राथमिकी भी रातु थाना में ही दर्ज की गई थी। चेक बाउंस कराने के आरोपी को 70 हजार जुमार्ना और 4 माह की सजा रांची। सिविल कोर्ट ने चेक बाउंस के आरोप में अर्जुन प्रसाद यादव को चार महीने की सजा और 70 हजार का जुमार्ना लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जुर्माने की राशि उस पीड़ित को दी जायेगी, जिसे अर्जुन ने चेक दिया था, जो बाउंस हो गया। मालूम हो कि अर्जुन प्रसाद यादव ने अजय जैन को पैसों के भुगतान के लिए 50 हजार का चेक दिया था, जो बाउंस कर गया था। इसके बाद अजय जैन ने कोर्ट की शरण ली थी। अजय जैन ने सिविल कोर्ट में कंप्लेंट केस दर्ज करवाया था, जिस पर ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट दिव्या राघव की कोर्ट में सुनवाई हुई। अजय जैन की ओर से अधिवक्ता अनंत कुमार विज ने बहस की।

दुष्कर्म के आरोपी को 4 साल सश्रम कारावास की सजा

रांची। रांची सिविल कोर्ट के सफाई कर्मचारी के साथ दुष्कर्म करने के दोषी संजय सिंह को कोर्ट ने चार साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने संजय सिंह पर 10 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुमार्ना नहीं देने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। प्राथमिकी के मुताबिक, संजय सफाई कर्मचारी के साथ अक्सर छेड़छाड़ करता था। एक दिन मौका पाकर उसने पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में पीड़िता ने रांची के कोतवाली थाना में कांड संख्या 90/2020 दर्ज करायी थी।

पूर्व मंत्री आलमगीर की बेल पर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में हुई सुनवाई

रांची। टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की बेल पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में आज शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान आलमगीर आलम की ओर से उनके अधिवक्ता ने अपनी दलीलें रखी। अब कोर्ट ईडी का पक्ष सुनेगा। बता दें कि आलमगीर आलम को एऊ ने लंबी पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था। इसी केस में आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम को भी ईडी गिरफ्तार कर चुकी है। एजेंसी को इनके ठिकानों से 35 करोड़ से ज्यादा नकद राशि मिली थी। वहीं इसी केस में ईडी राज्य के वरीय वक्षर अधिकारी मनीष रंजन से भी पूछताछ कर चुकी है।

हेमंत कर रहे सरकारी पैसों का दुरुपयोग : पंकज

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकारी पैसों का दुरुपयोग कर रहे है. दूसरी तरफ पैसों का रोना भी रोते हैं. सोरेन के इस चरित्र से जनता का नुकसान हो रहा है। थर्ड फ्रंट के मीडिया प्रमुख पंकज मिश्र ने हेमंत सोरेन पर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मंत्रियों ,अधिकारियों पर लाखों रुपये लुटाने को किसी एंगल से जायज नहीं ठहराया जा सकता।

हॉस्टल के छात्रों पर लाठी चार्ज हेमन्त सरकार की ताबूत में अंतिम कील साबित होगी : दीपक प्रकाश

रांची। पाकुड़ के केकेएम कॉलेज हॉस्टल के छात्रों पर रात के अंधेरे में झारखंड़ पुलिस के द्वारा की गयी लाठी चार्ज की भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने भर्त्सना की है। श्री प्रकाश ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अपनी माताओं और बहनों की बांग्लादेशी घुसपैठियों से रक्षा करने के उद्देश्य से पाकुड़ केकेएम कॉलेज हॉस्टल के छात्रों ने एक विरोध मार्च निकालने तथा बांग्लादेशी घुसपैठ का विरोध करने वाले थे। लेकिन जब इसकी जानकारी पुलिस महकमा को हुई तो उन्होंने इस रैली को रोकने को कहा। जब छात्र नही माने तो निर्दोष और निहत्थे छात्रों पर रात के अंधेरे में बेरहमी से बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज की गयी। इसकी जितनी भी निंदा और भर्त्सना की जाए कम है।

श्री प्रकाश ने कहा कि झारखंड़ पुलिस के द्वारा निर्दोष छात्रों पर सरकार के निर्देश पर लाठी चार्ज की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमन्त सरकार लाठी और गोली से सरकार चलाना चाहती है और अपने खिलाफ उठती आवाज को दबाना चाहती है।

पीएम कुसुम योजना : सोलर पम्पसेट वितरण के लिए चयन समिति की बैठक

रांची जिले के लिए 2131 आवेदन स्वीकृत

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय में आयोजित चयन समिति की बैठक में पीएम कुसुम योजना अंतर्गत सोलर पम्पसेट वितरण और इंस्टालेशन के लिए लाभुकों का चयन किया। बैठक में 2131 आवेदन की स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में प्रोजेक्ट डायरेक्टर आई.टी.डी.ए.सह कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार भगत, जिला कृषि पदाधिकारी राम शंकर सिंह, विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल रांची, पूर्वी, पश्चिमी, कोकर, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल रांची एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

आर्थिक रूप से कमजोर लघु एवं सीमांत किसानों के लिए योजना : नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) भारत सरकार एवं झारखंड अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (जरेडा) राज्य सरकार द्वारा पीएम कुसुम योजना अन्तर्गत रांची जिले में सोलर वाटर पम्प सेट के लिए 2131 (ऑनलाइन) आवेदनों को उपायुक्त द्वारा स्वीकृति दी गयी। सोलर पम्प सेट के वितरण के लिए वैसे लाभुकों का चयन किया जाना है, जिनके खेत में ग्रिड कनेक्टीविटी की सुविधा नहीं हो। कृषकों के चयन में लघु एवं सीमांत किसानों जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं माइक्रो एवं ड्रिप इरिगेशन (सिंचाई) से जुड़े किसानों एवं महिला किसानों को प्राथमिकता दी जाती है। उक्त योजना के तहत भी पूर्व की तरह ही लाभुक अंशदान की राशि के लिए क्रमशः रुपए 5000, 7000, और 10000 रुपए निर्धारित है। शेष राशि अनुदान स्वरूप राज्य सरकार द्वारा योजना राशि का 72% एवं केन्द्र सरकार द्वारा बेंचमार्क राशि का 30% जो कि योजना राशि का 25% है, का वहन किया जाता है।

प्रखंडवार आंकड़ा

अनगड़ा-235 आवेदन स्वीकृत, बेड़ो-412- आवेदन स्वीकृत, बुंडू-25- आवेदन स्वीकृत, बुढ़मू-288- आवेदन स्वीकृत, चान्हो-88- आवेदन स्वीकृत, इटकी-38- आवेदन स्वीकृत, खेलारी-95-आवेदन स्वीकृत, कांके-82-आवेदन स्वीकृत, लापुंग-86-आवेदन स्वीकृत, मांडर-179- आवेदन स्वीकृत, नगड़ी-34-आवेदन स्वीकृत, नामकुम-85- आवेदन स्वीकृत, ओरमांझी- 64- आवेदन स्वीकृत, राहे- 28- आवेदन स्वीकृत, रातू-239- आवेदन स्वीकृत, सिल्ली-105- आवेदन स्वीकृत, सोनाहातू- 42-आवेदन स्वीकृत, तमाड़- 6-आवेदन स्वीकृत।

कोई भी कंपनी अगर खुदाई करती है,तो जिला प्रशासन से लेना होगा एनओसी : राहुल कुमार

रांची। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय में गेल लि. और डाक विभाग के विभिन्न मामलों से संबंधित समीक्षा की। इस दौरान सम्बंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। डीसी ने गेल लिमिटेड से जुड़े मामलों की समीक्षा की। गेल की ओर से जानकारी दी गयी कि रांची शहर में कई जगह ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है। जिस कारण खुदाई का कार्य भी हो रहा है। कई जगह गेल की गैस पाईप लाइन गुजरी है।

खुदाई के दौरान गैस पाइप क्षतिग्रत होने से गैस का रिसाव होता है : खुदाई के दौरान गैस पाइप क्षतिग्रत होने से गैस का रिसाव होता है। इस कारण उन्हें खुदाई की जानकारी पूर्व से दे दी जाये, ताकि गेल का पाईप क्षतिग्रस्त ना हो जिससे गैस का रिसाव नहीं होगा। डीसी ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी कंपनी अगर खुदाई करती है, तो इसकी जानकारी जिला प्रशासन को देते हुए एनओसी जिला प्रसासन से अवश्यक रूप से लें।

डाक विभाग से सम्बंधित समीक्षा : डीसी ने डाक विभाग से सम्बंधित मामले की समीक्षा करते हुए वरिष्ठ डाक अधीक्षक डाकघर से जानकारी प्राप्त की। डाक अधीक्षक ने बताया कि मुख्य डाकघर डोरंडा में ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में मुख्य डाकघर डोरंडा की कुछ जमीन जा रही है। डीसी ने बताया कि उन्हें अन्यत्र जमीन दी जा रही है।

खबर एक नजर में

अग्रवाल सभा का चुनाव आज, तैयारियां पूरी

रांची। अग्रवाल सभा रांची की वार्षिक आम सभा एवं नए सत्र- 2024- 26 के लिए कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव आज महाराजा अग्रसेन भवन में होगा। चुनाव के निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं सह निर्वाचन पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया ने बताया कि आज होने वाले अग्रवाल सभा के नए सत्र के चुनाव की तैयारीयां पूरी कर ली गई है। मतदान पूर्वा? 11 बजे से संध्या 4 बजे तक महाराजा अग्रसेन भवन में होगा। उन्होंने बताया कि सभी 38 प्रत्याशियों की अंतिम सूची क्रमांक संख्या के साथ जारी कर दी गई है। तथा कुल 2455 मतदाता अग्रवाल सभा के नये सत्र- 2024-26 के लिए 31 कार्यकारिणी सदस्यों चयन करेंगे। मतदाताओं द्वारा 31 सदस्यों को मत देना अनिवार्य होगा। सभी मतदाताओं को 31 उम्मीदवार पर चिन्ह टीक मार्क लगाना अनिवार्य है। कम या अधिक टीक मार्क लगाने या कट छंट करने पर मतपत्र अवैध घोषित कर दिया जाएगा। मतदान स्थल पर रखे पेन से ही टीक मार्क करना अनिवार्य है। सभी मतदाताओं को भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त फोटो युक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। मतदान के पूर्व पूर्वा? 10 बजे वार्षिक आम- सभा होगा। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आम सभा एवं मतदान में भाग ले। यह जानकारी अग्रवाल सभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

सदस्यता खत्म किये जाने पर लोबिन सख्त बोले-हाईकोर्ट में फैसले को दी है चुनौती

रांची। झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने विधानसभा की सदस्या खत्म किए जाने पर अब मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में लोकतंत्र की हत्या हुई है। उनकी सदस्यता जानबूझकर स्पीकर के माध्यम से पार्टी के लोगों ने समाप्त करा दी है। इससे मैं विचलित होने वाला नहीं हूं। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में घुसपैठ हुई है। राज्य सरकार वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही है। शनिवार को पत्रकारों से बात करने के दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने से कुछ घंटे पहले उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। ऐसे में उनके द्वारा उठाए गए जनहित के सवालों का जवाब कौन देगा? साथ ही कहा कि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। उन्हें पूरा विश्वास है कि चालू सदन में उन्हें सवाल उठाने का मौका मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि झारखंड लेबर सप्लाई स्टेट बन गया है। राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड लेबर सप्लाई स्टेट बन गया है। आदिवासी रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं। लोगों का सरकार पर से विश्वास उठ गया है। चुनाव लड़ने के बारे में उन्होंने कहा कि समय आने पर बताऊंगा। एक सवाल के जवाब में लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि वे चुनाव जरूर लड़ेंगे। किस पार्टी से चुनाव लड़ेंगे, इसका खुलासा समय आने पर करूंगा।

हाइकोर्ट ने दिवंगत होमगार्ड के आश्रित को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का दिया आदेश

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने दिवंगत होमगार्ड के आश्रित को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का आदेश दिया है। दरअसल साल 2014 में होमगार्ड जवान तारिणी कुमार ज्योतिषी की ड्यूटी से घर जाने के दौरान मौत हो गयी थी। तारिणी के परिजनों ने अनुकंपा के आधार पर नौकरी की मांग की थी। लेकिन सरकार ने उनकी मांग नहीं सुनी। इसके बाद दिवंगत होमगार्ड के बेटे राकेश कुमार ने हाईकोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मनोज चौबे ने बहस की। कोर्ट ने मनोज चौबे की दलील से सहमत होकर दिवंगत होमगार्ड के आश्रित बेटे को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का आदेश दिया।

डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित मेले का समापन

रांची। डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन की ओर से आईआईएम सभागार में आयोजित दो दिवसीय मेले का समापन शनिवार को हो गया। समापन के आखिरी दिन लोगों ने परिवारों के साथ मेले का लुत्फ लिया। बच्चों और परिवारों के साथ मेला पहुंचे लोगों खुब मस्ती की। भीड़ देख कर चाहे वेंडर हो, कस्टमर या ऑगेर्नाइजर ,सबके चेहरे खिले हुए थे। जाहिर है सफल आयोजन के लिए सभी एक दूसरे को बधाई दे रहे थे। सभी स्टॉल धारकों को एक सर्टिफिकेट के साथ एक अपराजिता का पौधा दवा की ओर से गिफ्ट किया गया। सदस्यों ने बताया कि मेले की पूरी आय चैरिटी के लिये दिया जायेगा।

सीसीएल में वित्त विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

रांची। मानव संसाधन विकास विभाग ने सतर्कता विभाग के सहयोग से वित्त पर तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। उद्घाटन सत्र में निदेशक(वित्त) पवन कुमार मिश्रा एवं सीवीओ सीसीएल पंकज कुमार सीसीएल शामिल थे। गणमान्यों ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरक भाषण दिए। जीएम (एचआरडी) रामाकांत पांडेय ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। अवसर विशेष पर जीएम (वित्त) भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सत्र के दौरान वित्त मैनुअल,जेम खरीद और भुगतान,एसएपी में बजटिंग,निविदाओं में सामान्य त्रुटियां आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों के वित्तीय ज्ञान और प्रक्रियात्मक दक्षता को बढ़ाना एवं वित्तीय मामलों में बेहतर अनुपालन और प्रभावशीलता को बढ़ावा देना है।

सीसीएल में हैंडलिंग लिटिगेशन पर कार्यशाला का आयोजन

रांची। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने सीसीएल मुख्यालय के मानव संसाधन विकास विभाग में मुकदमेबाजी से निपटने पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों को अदालती मामलों को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए ज्ञान और कौशल से परिचित करना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अमित सिन्हा थे। उन्होंने मुकदमेबाजी प्रबंधन पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। विभागाध्यक्ष (विधि) जोबी वीपी एवं उप. प्रबंधक (विधि) ऋचा मित्तल ने सेवा मामलों से संबंधित न्यायालयों के कुछ ऐतिहासिक निर्णयों पर चर्चा किया। वही आशीष त्रिपाठी, एमटी (विधि) द्वारा मुकदमा प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) की कार्यप्रणाली के बारे में एक संक्षिप्त विवरण दिया गया। कार्यशाला में सीसीएल मुख्यालय और क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारियों और सभी क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

सड़क हादसे में प्राचार्या गंभीर

रांची। के काशीनाथ महतो पब्लिक स्कूल सुकुरहुटू की प्राचार्या किरण महतो सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना बुढ़मू के बरौदी के पास 21 जुलाई को घटी। सड़क दुर्घटना में उनका पैर फ्रै^ र हो गया है। साथ ही सिर में गंभीर चोट आने के कारण वह विगत तीन दिनों से मेदांता अस्पताल में बेहोश रही। होश में आने के बाद मगलवार को उनका ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के लिए खून की आवश्यकता को देखते हुए कांके विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सह प्रदेश महासचिव सुरेश कुमार बैठा सहित अन्य लोगों ने उनके लिए रक्तदान किया। किरण महतो क्षेत्र के समाजसेवी दिलेश्वर महतो की पत्नी हैं।

दलित समाज के नियुक्ति में आरक्षण की हकमारी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : नायक

रांची। दलित समाज के नियुक्ति में आरक्षण की हकमारी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हेमंत सरकार संज्ञान ले अन्यथा दलित समाज आंदोलन करने को बाध्य होगा। ये बातें शनिवार को प्रेस वयान जारी कर आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह कांके विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कहीं। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री को इस सबंध मे ईमेल भेजा है। आगे उन्होंने कहा कि हद तो तब हो गया की जेपीएससी द्वारा वन क्षेत्र पदाधिकारी के 170 पदों पर किये जा रहे नियुक्ति में मात्र एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है जब की उन्हे 10% आरक्षण के हिसाब से 17 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होनी थी ।

सेना भर्ती रैली में अग्निवीर के लिए युवाओं ने दिखाया अपना दमखम

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। खेलगाँव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शनिवार को सेना बहाली के पहले दिन , सेना भर्ती रैली में अग्निवीर टेक्निकल एवं ऑफिस असिस्टेंट के लिए झारखंड राज्य के सभी जिलों के शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवार एवं जूनियर कमीसन अधिकारी (धर्म शिक्षक) श्रेणी के लिए बिहार एवं झारखंड के युवा शामिल हुए। सभी श्रेणीयों में लगभग 500 युवाओं ने दिखाया अपना दमखम। लगभग रात्रि के 3 बजे भर्ती रैली का आगाज हुआ। सेना भर्ती कार्यालय राँची के द्वारा जिला प्रशासन की मदद से अभ्यर्थियों के विश्राम की उचित व्यवस्था की गई है। रात्री 1 बजे मार्शलिंग एरिया में आगमन के पश्चात अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड एवं अन्य जरूरी दस्तवजों को जांचा गया और अभ्यर्थियों को सेना के प्रतिनिधियों द्वारा भर्ती प्रक्रिया की पूर्ण रूपरेखा से अवगत करवाया गया।

मेकॉन को जल संरक्षण कंपनी श्रेणी में मिला जीईईएफ ग्लोबल वाटरटेक अवार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मेकॉन को वर्ष 2024 के लिए जल संरक्षण कंपनी श्रेणी में प्रतिष्ठित जीईईएफ ग्लोबल वाटरटेक अवार्ड 2024 से नवाजा गया है। दिल्ली में आयोजित समारोह में मेकॉन के निदेशक (परियोजनाएं) पीके दीक्षित को यह पुरस्कार दिया गया। मेकॉन ने वर्ष की जल संरक्षण कंपनी श्रेणी के लिए अपना नामांकन किया था। जिसमें एनएमडीसी-नगरनार में सीजेडएलडी प्लांट, आरएसपी-राउरकेला में जेडएलडी का कार्यान्वयन, जेएसडब्ल्यू तारापुर में जेडएलडी के साथ ईटीपी और बीएसएल-बोकारो के सीआरएम-श्री कॉम्प्लेक्स में जेडएलडी के साथ अन्य ट्रीटमेंट संयंत्र जैसी परियोजनाओं के माध्यम से अपनी विशेषता पेश की थी।

जल संसाधन के क्षेत्र में मेकॉन को मिला दूसरा पुरस्कार : नामांकन के लिए जूरी के समक्ष प्रस्तुत उपरोक्त सभी परियोजनाएं मेकॉन लिमिटेड के एफएस एंड पीडी अनुभाग द्वारा निष्पादित की गयी थीं। यह जल संसाधन के क्षेत्र में मेकॉन का दूसरा पुरस्कार है, जो इस उद्योग में इसकी क्षमता और दक्षता को रेखांकित करता है। इससे पहले, एनएमडीसी के सीजेडएलडी संयंत्र ने लंदन में ग्लोबल वाटर अवार्ड्स में वर्ष की औद्योगिक परियोजना का विशिष्ट पुरस्कार जीत चुका है। इसके लिए मेकॉन ने अपनी परामर्श और परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान की हैं।

बिहार में केंद्रीय बजट पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने किया संवाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बिहार के आज छपरा परिसदन में शनिवार को केंद्रीय बजट पर पत्रकारों से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संवाद किया। मंत्री ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार बिहार को केंद्रीय बजट में इतनी बड़ी हिस्सेदारी मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार के मजबूत नेतृत्व में बिहार विकास का नया अध्याय लिखने को तैयार है। पूर्वोदय के माध्यम से बिहार का भाग्योदय होगा। एनडीए गठबंधन के नेतृत्व में बिहार पुनः अपना गौरव हासिल करेगा। इस बजट में बिहार के लिए सड़क, रोजगार, बिजली, पर्यटन, आवास, शिक्षा, विरासत संरक्षण, महिला विकास सहित हर क्षेत्र की चिंता की गई है।

यह बिहार को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट है। कांग्रेस और राजद ने बिहार को जिस जंगलराज की ओर धकेला था, उससे बाहर निकलने का वक्त आ गया है। बिहारवासी अब विकास के साथ चलने को तैयार हैं।

विकसित भारत में बिहार अपनी सशक्त भूमिका निभाए, यह कार्य एनडीए गठबंधन का है। हर बिहारवासी स्वावलंबी हो, इस लक्ष्य के साथ हम काम कर रहे हैं।

धीरेंद्र शास्त्री से मिले संजय सेठ

रांची। नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बागेश्वर धाम सरकार के प्रमुख पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के साथ एक औपचारिक मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया

मौके पर भाजपा सांसद जनार्दन सिग्रीवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

पासवा का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री व कृषि मंत्री से मिला

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के वरीय उपाध्यक्ष विनाता पाठक नायक के नेतृत्व में पासवा का प्रतिनिधि मंडल कृषी मंत्री दीपिका पांडेय सिंह एवं शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम से मुलाकात किया और प्राइवेट स्कूल से संबंधित समस्याओं से अवगत कराते हुए उसके हल के लिए अपनी बातें रखी। मुलकात के दौरान शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि निजी विद्यालयों के मान्यता और कई जटिल समस्याओं से मैं अवगत हूँ , मेरे क्षेत्र में भी कई अच्छे विद्यालय हैं, जो अच्छी शिक्षा देते हैं लेकिन मान्यता नहीं मिला। वहीं कृषि मंत्री दीपिका पाण्डेय द्वारा प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त करते हुए बोली कि सोमवार को मुख्यमंत्री को फिर से मैं अवगत कराते हुए समस्या का निराकरण हेतु बात करूंगी और जरूरत पड़ने पर प्रतिनिधि मंडल को भी मिला दूंगी।

प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम नियमावली के प्रथम संशोधन 2019 में निजी विद्यालयों के मान्यता को लेकर इतना जटिल नियम बना दिया गया है जिसको पूर्ण रूप से लागू करना अंसभव है। कुछ नियम तो मान्यता प्राप्त विद्यालय भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं। जिसमें जमीन की बाध्यता, सी एन टी एक्ट और एस पी टी एक्ट से सम्बंधित जमीन को 30 वर्षों का लीज करना, जबकि सरकार के द्वारा मात्र 5 वर्षों का लीज का प्रावधान है। इस तरह के पांच मांग के साथ शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम और कृषि, पशुपालन, आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री दीपिका पांडेय से उपरोक्त मांगों का निराकरण करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराते हुए विधानसभा पटल पर संशोधन कराने की बात कही गयी।

डीएसपीएमयू में दो दिवसीय ग्लोबल हेरिटेज कॉन्क्लेव का आगाज

जनजातीय धरोहर और संस्कृति को केवल संग्रहालयों तक ही सीमित नहीं रखा जाये : पद्मश्री भगत

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) और हेरिटेज सोसाइटी की ओर से विवि कैंपस में शनिवार को दो दिवसीय ग्लोबल हेरिटेज कॉन्क्लेव की शुरूआत की गई। इस दो दिवसीय समारोह का मुख्य विषय - जनजातीय धरोहर पर आपसी विमर्श और व्याख्यान है, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर विद्वतजन शामिल हो रहे हैं। मौके पर उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि जनजातीय विशेषज्ञ और पद्मश्री अशोक भगत थे। समारोह की अध्यक्षता डीएसपीएमयू के वीसी डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने की। हेरिटेज सोसाइटी पटना के निदेशक डॉ. अनंत आशुतोष द्विवेदी ने स्वागत भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने विरासत और संस्कृति के तौर पर जनजातीय कला, साहित्य आदि की चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि जनजातीय धरोहर और संस्कृति को केवल संग्रहालयों तक ही सीमित नहीं रखा जाए बल्कि उनकी विशेषताओं से लोगों को अवगत कराया जाए। इसके उपरांत उन्होंने पर्यटन, इतिहास, दर्शन, जनजातीय कला, पारंपरिक ज्ञान और साहित्य को जनजातीय धरोहर में शामिल करने की बात कही।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ शांडिल्य ने जनजातियों की विशेषताओं के संबंध में कहा कि उन्होंने अपनी परंपरा और विरासत को सुरक्षित रखा है, जो उनमें पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित हो रही हैं । इसके साथ ही उन्होंने जनजातियों के वन प्रबंधन और वातावरण के संरक्षण में उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके औषधीय ज्ञान की सराहना की। उन्होंने कहा की जनजातीय जीवन में उनके कला, संस्कृति, लोक नृत्य अहम भूमिका का निर्वहन करते है, जिनके द्वारा वे अपनी संस्कृति को संरक्षित रखते हैं। आगे उन्होंने कहा की उनकी पारंपरिक भाषा भी उनके विरासत को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके उपरांत मुख्य वक्ता के तौर पर भारत अध्ययन केंद्र, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के सदस्य प्रो. विजय कुमार शुक्ला के द्वारा जनजातीय धरोहर के विशेषताओं की चर्चा की गई। कार्यक्रम में आईसीपीआर, नई दिल्ली के सदस्य सचिव डॉ सच्चिदानंद मिश्रा ने प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए उदघोष वोकल फॉर लोकल की महत्ता बताई और विस्तार से उसके विषय में समझाया। उदघाटन सत्र के बाद एक समानांतर सत्र की शुरूआत हुई, जिसमें रविन्द्र कुमार चौधरी, कृति सेन डॉ धम्मरत्ना, डॉ अजय कुमार सेठी और डॉ स्मृति सरकार ने उपरोक्त विषय पर अपने व्याख्यान दिए। अंत में डॉ रत्ना सिंह द्वारा लिखित पुस्तक थारू जनजाति एक विमर्श का विमोचन किया गया। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

टीवीएनएल के एमडी के विरुद्ध दस दिनों में जांच शुरू नहीं हुई तो जायेंगे कोर्ट : चंद्रप्रकाश चौधरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने ललपनिया स्थित तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन (टीवीएनएल) प्रभारी प्रबंध निदेशक अनिल कुमार शर्मा द्वारा पद का दुरुपयोग कर व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार व वित्तीय अनियमितता करने पर अब तक जांच कमेटी का गठन नहीं करने व न्याय संगत कानूनी कार्रवाई नहीं किए जाने पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं होना राज्य सरकार का भ्रष्टाचार के विषय पर जहां मौन सहमति को दशार्ता है। वहीं भ्रष्टाचार के पोषक इस पदाधिकारी के विरुद्ध 4 से 5 माह गुजर जाने पर भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं होना कई प्रश्नों को भी जन्म देता है। सांसद के अनुसार उन्होंने इसको लेकर पूर्व में मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल निगरानी विभाग व मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने मुख्य सचिव को पुनः लिखे अपने पत्र में राज्यहित में टीवीएनएल में हो रहे करोड़ों के घोटाले की जांच सचिव स्तर पर एक उच्च स्तरीय समिति बनाकर करने व 10 दिनों के भीतर इसका जवाब देने और ऐसा नहीं करने पर झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर उन्हें पक्षकार बनाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि प्रभारी प्रबंध निदेशक अनिल कुमार शर्मा के पदस्थापन के 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी टीवीएनएल में प्रबंध निदेशक की नियुक्ति नहीं करके उन्हें ही महाप्रबंधक के प्रभार में रखा गया है, जो प्रशासनिक हितों का अवैध संगम है। जिसमें निगम की प्रशासनिक व वित्तीय शक्ति निहित है। उदाहरण स्वरूप उनके द्वारा प्लांट का संचालन, कार्यादेश व भुगतान आदि किया जा रहा है। सब एक ही व्यक्ति पर केंद्रित हो गया है। यह केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा निदेर्शों का भी उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि अनुभवहीन व कनीय अभियंता को प्रबंध निदेशक का प्रभार देने की वजह से टीवीएनएल के विस्तारीकरण पर वित्तीय बोझ जहां बढ़ रहा है। वहीं अब तक करीब 200 करोड़ का वित्तीय नुकसान हो गया है। प्रभारी प्रबंध निदेशक ने अपना वेतनमान ऊर्जा विभाग के नियम के विरुद्ध बोर्ड को गुमराह करके उच्च वेतनमान का निकासी कर लिया है और यह मामला झारखंड महालेखाकार परीक्षा के पास विचाराधीन है। अपनी निजी फायदा के लिए उच्च वेतनमान बढ़ाकर अपनी प्रोन्नति अभियंता प्रमुख के लिए स्वयं संचिका तैयार कर लिया है ताकि भविष्य में अपना मालिकाना हक बनाए रख सके। यह प्रक्रिया प्रशासनिक शक्तियों के दुरुपयोग का ज्वलंत उदाहरण है। एमडी का प्रभार लेने के एक माह में ही अपना सिंडिकेट बनाना शुरू किया। इसी क्रम में तेजेंद्र सिंह मल्होत्रा को बैंक हस्ताक्षरित बनाया। मल्होत्रा ने उगाही का भी काम शुरू कर दिया इसका जब साक्ष्य प्रमाण के साथ दिया गया तो शर्मा ने बचाव का हर संभव प्रयास किया है। आगे जाकर मल्होत्रा का भ्रष्टाचार कारनामा बढ़ने लगा व इसकी खुलेआम चर्चा होने लगी तो एमडी अपने पसंद के कृष्ण कुमार सिंह के माध्यम से बैंक हस्ताक्षरित संबंधी कार्य कर लूट खसोट को अंजाम दे रहा है। मजेदार बात यह कृष्ण कुमार सिंह पूर्व में उपनिदेशक रहते हुए पूरी प्रक्रिया अपनाते हुए नौकरी छोड़ दिया और लंबे समय तक किसी दूसरे संस्थान में नौकरी की। इस बीच प्रभारी प्रबंध निदेशक ने अपने सिंडिकेट को मजबूत करने के लिए नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए इसकी दोबारा नियुक्ति कर ली। यही नहीं एमडी ने पूर्व में जांच में दोषी पाए जाने पर बर्खास्त करने व कठोर दंड देने की संचिका को नष्ट कर अभियंता अशोक प्रसाद को बहाल कर लिया और भ्रष्टाचार का खेल बदस्तूर जारी है। साथ ही टीटीपीएस में भी अनियमितता का बोलबाला है। यहां तो कर्मियों को प्रोन्नति देने में सेवा काल, आरक्षण व योग्यता की अनदेखी की गई है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने पत्र में मुख्य सचिव का प्रभारी प्रबंध निदेशक द्वारा भ्रष्टाचार व वित्तीय अनियमितता करने संबंधी नौ बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक ध्यान आकृष्ट कराया है। उनसे सकारात्मक प्रशासनिक निर्णय की अपेक्षा जतायी है।

बिरसा कॉलेज खूंटी में पिटो प्रतियोगिता आयोजित

रांची। बिरसा कॉलेज खूंटी में शनिवार को मुंडारी भाषा विभाग की ओर से एक दिवसीय इंटर सेमेस्टर वाइज पारंपरिक खेल पिटो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में यूजी सेमेस्टर 2, यूजी सेमेस्टर 3 और पीजी सेमेस्टर 2 की कुल तीन टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में यूजी सेमेस्टर 2 की टीम विजय रही। यूजी सेमेस्टर 3 को द्वितीय स्थान मिला और पीजी सेमेस्टर 2 की टीम तृतीय स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थी बड़े ही उत्साह के साथ शामिल हुए। पुरस्कार वितरण बिरसा कॉलेज खूंटी की प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर जे किड़ो ने किया। इस अवसर पर मुंडारी भाषा विभाग की विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर सावित्री कुमारी, प्रोफेसर वासुदेव हस्सा, प्रोफेसर कालीचरण मुंडू, डॉक्टर सिजरेन सुरीन, जावरा तिडू, नागपुरी विभाग के डॉक्टर कोरनेलियस मिंज सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

खबर एक नजर में

मवि अरसंडे में शिविर लगा कर दिव्यांग बच्चों की जांच

रांची। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरसंडे कैंपस में शनिवार को समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए जांच एवं सामग्री वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय में अध्यनरत 3 से 18 आयु वर्ग के बच्चे, जो दिव्यांग है के लिए कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप में पूर्व में 2023-24 के लिए जो जांच की गई थी, वैसे 21 बच्चों का सामग्री वितरित किया गया एवं इस वित्तीय वर्ष 24-25 के लिए 35 बच्चों का पंजीकरण किया गया। इसमें से 16 बच्चों का चयन सामग्री वितरण के लिए किया गया। इस जांच सह वितरण शिविर में एलिम्को की तरफ से राकेश पटनायक, मदन सिंह, विष्णु महापात्र, विपिन के साथ प्रखंड संसाधन केंद्र से समावेशी शिक्षा कर्मी रिसर्च टीचर पिंकी पांडे टेक्नीशियन नीलू सिंह एवं बीआरपी कृष्ण प्रसाद एवं बीपीओ मंजू बिलुंग उपस्थित रहे हैं।

डीजीपी से मिले कांग्रेस नेता शशि भूषण राय, अतिरिक्त ट्रैफिक बल की मांग

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने राज्य के नए डीजीपी अनुराग कुमार गुप्ता से मिलकर उन्हें उनके नए कार्यभार के लिए बधाई दिया एवं कानून व्यवस्था, ट्राफिक और नशा मुक्ति जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की। श्री राय ने कहा कि अनुराग गुप्ता के अनुभव का फायदा बतौर डीजीपी भी राज्य को मिलेगे। उन्होंने रांची के लिए अतिरिक्त ट्रैफिक बल देने की मांग की। उन्होंने बताया कि अभी राजधानी रांची में फ्लाइओवर निर्माण,सड़क चौड़ीकरण जैसे विकास कार्य चल रहे है, उसे देखते हुए कई बार ट्रैफिक को डायवर्ट करना पड़ता है और आम नागरिकों इससे परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि अगर कुछ अतिरिक्त ट्रैफिक बल दे कर उन्हें चौक चौराहों एवं कंस्ट्रक्शन साइड के आसपास वाले मुख्य मार्गों में पदस्थापित किया जाए तो इससे स्थिति को सुगम किया जा सकता है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सर्वप्रथम अभिवादन स्वीकार करते हुए शशि भूषण राय द्वारा दिए गए सुझावों को गंभीरता से लिया।

भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बने प्रेम शाही मुंडा

रांची। भारत आदिवासी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रोत संस्थापक सदस्य कांति भाई रोत सांसद राजकुमार रोत राष्ट्रीय अधिवेशन में लिए गए निर्णय के अलोक मे संगठन को आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से संगठित करने के लिए झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा कार्यकारी अध्यक्ष अजय कच्छप एवं महिला प्रदेश अध्यक्ष कुंदरसी मुंडा को नियुक्त किया गया है। आदिवासी संगठनों ने इन्हें बधाई दी है।

श्री श्याम भंडारा का आयोजन

रांची। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 122 वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न हुआ। पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय खाटूनरेश की जय लखदातार की जय जयकारों से गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवम उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में श्याम सुंदर सौंथलिया प्रीति सौंथलीया परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के लोकप्रिय भजन का गायन करके संयुक्त रूप से सभी परिवार ने खाटूनरेश की मनुहार की। यह जानकारी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

प्रसिद्ध जेके पैरा क्रिकेटर आमिर बने आर्यन्स ग्रुप ऑफ कॉलेज के ब्रांड एंबेसडर

रांची। प्रसिद्ध जेके पैरा क्रिकेटर आमिर बने को चंडीगढ़ स्थित आर्यन्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेज ने अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। शनिवार को प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आर्यन्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. अंशू कटारिया ने कहा कि वे भारत के युवाओं के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा हैं। हम पिछले कुछ वर्षों से उनके संपर्क में हैं और आखिरकार, हमने उन्हें आर्यन्स ग्रुप का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि आर्यन्स ग्रुप ऑफ कॉलेज द्वारा झारखंड के 30 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। हमारे कॉलेज का प्लेसमेंट इस बर्ष काफी अच्छा रहा है।

इंजीनियरिंग, लॉ, प्रबंधन, फामेर्सी, नर्सिंग, पैरामेडकल, पॉलिटेक्निक आदि में प्रवेश के लिए 80544-99888 (एर शाहिद), 84270-22288 (एर मुदासिर) से संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर आमिर ने कहा कि जब आर्यन्स ग्रुप ने मुझे ब्रांड एंबेसडर बनने की पेशकश की तो मुझे खुशी हुई। अब यह मेरे लिए खुशी की बात है कि मैं कश्मीर के बाहर भी जेके युवाओं से जुड़ा रहूंगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चौथी वर्षगांठ पर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में पौधारोपण

रांची। शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने और समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ पर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 22 जुलाई से 28 जुलाई तक शिक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है।

शिक्षा सप्ताह के छठवें दिन शनिवार को एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत विद्यालय परिसर में एक विशेष पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया।

इस पहल का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें प्रकृति के संरक्षण के महत्व को समझाना है एवं जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और संसाधनों की कमी जैसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में जागरूक करना है। इसे पुर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ० सिमी मेहता, प्रधानाचार्य रंजीत कुमार ठाकुर, एकाडमिक कॉर्डिनेटर रवि शेखर, जूनियर विंग इंचार्ज राजकिशोर शर्मा एवं अभिभावकगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक विवेक गुप्ता ने किया।

सीपीआइ, राजद और कांग्रेस के नेता डीजीपी से मिलकर दी बधाई

रांची। सीपीआई राज्य कार्यकारणी सदस्य सह जिला मंत्री अजय सिंह, राजद के राजेश यादव और कांग्रेस के योगेंद्र बेनी ने पुलिस मुख्यालय में झारखंड के नए डीजीपी अनुराग गुप्ता से मुलाकात किया और उन्हें गुलदस्ता भेंट किया।

उन्हें झारखंड के डीजीपी बनने पर बधाई दिया और साथ ही साथ उनसे आग्रह किया की पूरे राज्य में कानून व्यवस्था मजबूत और अपराधियों पर नकेल कसे। झारखंड में आपराधिक घटनाओं में सबसे अधिक जमीन विवाद को लेकर है। इसलिए जमीन दलालों और भूमाफियाओं को पुलिस संरक्षण न मिले। लोगो को थाने में पहुंचने पर सुरक्षा का अहसास हो। डीजीपी ने आश्वस्त किया की मेरे कार्यकाल में इस तरह की शिकायत नहीं मिलेगी।

डीएवी सरला स्कूल तुपुदाना में याद किये गये मिसाईल मैन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मिसाइल मैन और पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर डीएवी सरला स्कूल तुपुदाना परिवार की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। अब्दुल कलाम के कृतित्व पर चर्चा करते हुए पासवा राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा भारत रत्न डॉ कलाम की सुचिता, सादगी व कर्तव्य निष्ठा आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करती रहेंगी। वे हमेशा कहा करते थे कि सपने वे नहीं होते जो आपको रात में सोते समय नींद में आये, बल्कि सपने वे होते हैं जो रात में सोने ही न दे। ऐसी बुलंद सोच रखने वाले मिसाइल मैन युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं, उनकी कही बातों को अगर जीवन में अमल कर लिया जाए तो हम अपने लक्ष्य तक आसानी से पहुंच सकते हैं।

आलोक दुबे ने कहा पोखरण परमाणु परीक्षण में भाग लेकर भारत को परमाणु शक्तिशाली बनाने में मिसाइल मैन के योगदान को देश कभी नहीं भूल सकता है।

शारदा ग्लोबल स्कूल में 'स्कूल परिषद' का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। शारदा ग्लोबल स्कूल में स्कूल परिषद का गठन शनिवार को किया गया। चयनित छात्रों को विद्यालय के चेयरमैन संजय शारदा एवं डायरेक्टर दीपक बंका ने बैच पहनाया तथा प्राचार्या जसमीत कौर ने छात्रों को कर्तव्य निर्वहन की शपथ दिलाई।

खेल का अर्थ सिर्फ जीत या हार ही नहीं है : प्राचार्य

डीएवी बरियातु में क्लस्टर लेवल डीएवी स्पोर्ट्स का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में क्लस्टर लेवल डीएवी स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया। विद्यालय द्वारा बास्केटबॉल, टेबल टेनिस और क्रिकेट - इन तीन खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु, हेहल, पुंदाग, खलारी और टीसीआई गोविन्दपुर से कुल 203 विद्यार्थी खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से डीएवी बारियातु के प्राचार्य डॉ तापस घोष और डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन जे के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी संजय कुमार मिश्रा ने किया। उद्घाटन संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि खेल का अर्थ सिर्फ जीत या हार ही नहीं है, बल्कि यह सीख है प्रयास जीत का, जीत को जारी रखने का और हार से जीत का प्रयास करने का। सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि यदि रास्ता सुगम हो तो उसमें चलने का आनन्द कैसा? राहें पथरीली न हो तो फिर चुनौती कैसा? खेल हमें मुश्किल परिस्थितियों में भी अंत तक जीत की उम्मीद और उसके लिए प्रयास की प्रेरणा देती है।

डीएवी ग्रुप के स्कूलों के 203 विद्यार्थी खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा में लिया हिस्सा

अंडर-19 बास्केटबॉल : बास्केटबॉल के मैच में डीएवी बारियातु की गर्ल्स टीम ने डीएवी हेहल को 26-0 से हराया। डीएवी बारियातु की बोएज टीम ने डीएवी हेहल को 65-23 से हराया।

अंडर -14, 17 बोएज एण्ड गर्ल्स टेबल टेनिस : सभी मैच की विजेता डीएवी कीसीआई गोविन्दपुर की टीम विजयी रही और उपविजेता डीएवी बरियातु की टीम। अंडर 19 बोएज टीम को वॉक ओवर मिला। अंडर 19 गर्ल्स मैच में टीम सीआई गोविन्दपुर ने डीएवी बरियातु को हराया।

क्रिकेट में बरियातू ने हेहल को हराया : अंडर -19 बोएज टीम ने डीएवी बारियातु ने डीएवी हेहल को हराया। तीसरे स्थान पर डीएवी पुन्दाग की टीम तीसरे स्थान पर रही। डीएवी बारियातु का रितु राज को बीस गेंदों में 46 रन बनाने पर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। सभी विजयी टीम और उप-विजेता को स्कूल के प्राचार्य डा तापस घोष ने मेडल्स दिये।

आज क्या होगा : अंडर 14 और अंडर 17 का फाइनल मैच रविवार को खेला जाएगा।

बच्चों में तार्किक क्षमता को बढ़ाता है शतरंज : सचिव

निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में चेस प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में शनिवार को एक दिवसीय चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा ने किया । इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय परिवार एवं बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चेस (शतरंज) एक प्राचीन खेल है, जो तार्किक क्षमता को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि इनडोर गेम होने के कारण यह काफी सुरक्षित एवं मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी भी है। विभिन्न हाउस स्टूडेंट्स ने इस प्रतियोगिता में बड़े उत्साह एवं उत्सुकता के साथ भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में जीत सुनिश्चित करने के लिए अपना दम - खम लगा दिया। यह कई राउंड्स में जाकर अंततः समाप्त हुई, जहां विभिन्न हाउस के विद्यार्थियों को विजेता घोषित किया गया। विजयी छात्र-छात्राओं में पवन कुमार, स्मृति कुमारी, प्रिंस कुमार, चांदनी कुमारी इत्यादि शामिल हैं। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि इस चेस प्रतियोगिता से अनुभव प्राप्त कर जीवन में आने वाली शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक सभी प्रकार की चुनौतियों का दिमागी मजबूती से सामना करना सीखे। श्री शर्मा ने बच्चों के अध्ययन को रोचक बनाने के लिए शिक्षकों को भी कई दिशा-निर्देश दिये। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं ने सहयोग किया तथा मौके पर सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगाँठ पर सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगाँठ पर शनिवार को माँ शारदे मंच ने सैनिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में झारखण्ड के विभिन्न जिलों से आये 50 भूतपूर्व सैनिकों एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। मौके पर विभिन्न राज्यों के कवियों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा भारती के अध्यक्ष गुरुशरण प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, वरिष्ठ चिकित्सक डा० के० पी० सिन्हा, प्रसिद्ध समाजसेवी रमाशंकर प्रसाद, अरुण शर्मा तथा मुकेश कुमार उपस्थित थे। मंच संचालन प्रज्ञाकान्त पाठक ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समीर सिन्हा, अजय सिन्हा, राजीव मिश्रा, राखी प्रियदर्शिनी, सुमिता सिन्हा, खुशबू बर्णवाल, वीणा श्री, पूनम वर्मा इत्यादि ने सहयोग किया। धन्यवाद ज्ञापन मंच की अध्यक्ष नीतू सिन्हा ने दिया।

लहू बोलेगा संस्थान ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

रांची। कारगिल के शहीदों की याद में स्वैच्छिक रक्तदान संगठन लहू बोलेगा ने शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 11 यूनिट रक्तदान संग्रह हुआ यह रक्तदान सामुदायिक हॉस्पिटल नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड बैंक को समर्पित किया गया। प्रत्येक रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह ब्लड बैंक के द्वारा दिया गया। रक्तदान-महादान शिविर का उदघाटन आईपीएस नौशाद आलम(डीआइजी कार्मिक),रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन,मदरसा हुसैनिया के मौलाना अहमद,कारी असजद एवं रांची के खतीब मौलाना डॉ ओबैदुल्लाह कासमी,पत्रकार सैय्यद शारिफ इब्राहिम ने किया।

ऑरेंज बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड से इण्डियन ओवरसीज बैंक सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। ऑरेंज बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड 2024 में झारखंड क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ वित्तीय प्रथाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु इण्डियन ओवरसीज बैंक को सम्मानित किया गया। यह सम्मान रेडियो ऑरेंज द्वारा आयोजित किये गये विभिन्न सर्वेक्षणों, जनता, बैंक ग्राहकों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत के आधार पर प्रदान किया गया है। इस विशेष अवसर पर, रेडियो ऑरेंज द्वारा दिल्ली में आयोजित समारोह में इण्डियन ओवरसीज बैंक के राज्य प्रमुख सर्वेश कुमार ने यह सम्मान नितिन गडकरी (भारत के सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री) के हाथों प्राप्त किया।

पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं का बढ़ाया जा रहा हौसला

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य का सबसे बड़ा राजनीतिक दल झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने पंचायत स्तर के समर्पित कार्यकताओं के भरोसे विधानसभा चुनाव की वैतरणी पार करने की तैयारी कर रही हे। पार्टी की रणनीति है कि एक ओर पंचायत से लेकर बूथ लेवल तक झारखंड मुक्ति मोर्चा को मजबूत किया जाए। वहीं राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को भी जन-जन तक ले जाया जाए। पार्टी कार्यकताओं द्वारा जनता को यह बताया जाए कि वर्तमान गठबंधन की सरकार ने राज्य के किसान, मजदूर, गरीब, महिला, अल्पसंख्यक, आदिवासी-मूलवासियों के हित मे बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। उन योजनाओं की जानकारी न सिर्फ झामुमो के पंचायत लेवल कार्यकर्ता घर घर तक पहुंचाएं बल्कि यह भी बताएं कि कैसे भाजपा ने साजिश रचकर उनके नेता हेमंत सोरेन को जेल भेजा और उन्हें प्रताड़ित किया।

पंचायत स्तर पर हो रही मोर्चा बंदी रांची के हरमू स्थित सोहराई भवन में शनिवार को चतरा, पलामू और लातेहार जिला के झारखंड मुक्ति मोर्चा के पंचायत स्तरीय कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसमें राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सांगठनिक रूप से युद्ध स्तर पर कार्यक्रमों को आयोजित कर योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश सभी पंचायत स्तरीय कार्यकताओं को दिया गया। झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बैठक में आए पंचायत स्तरीय कार्यकताओं के मन में राज्य की लोककल्याणकारी योजनाओं के संबंध में उठ रहे सवालों और जिज्ञासा को भी शांत करने की कोशिश की। इसके साथ ही संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यक्रम करने की बात कही।

बैठक में चतरा, पलामू और लातेहार जिला के जिला समिति के सभी पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिव, नगर-महानगर समिति के पदाधिकारी, प्रखंड समिति के पदाधिकारी और पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल हुए. इससे पहले शुक्रवार को रांची और लोहरदगा जिला की बैठक हुई। झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल के कुछ भाग को अलग करके केंद्र शासित प्रदेश बनाने की संसद में सांसद निशिकांत दुबे की मांग के खिलाफ 21 जिलों में झामुमो कार्यकताओं ने निशिकांत दुबे का पुतला फूंका।

स्पीड न्यूज

भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने किया सहयोग

सिकिदिरी। भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने शनिवार को सिकिदिरी के ढेलुवा खूंटा निवासी राधा मुंडा के श्राद्धकर्म के लिए खाद्य सामग्री व नगद राशि देकर सहयोग किया है। राधा मुंडा का विगत सप्ताह गंभीर बीमारी से निधन हो गया था। शनिवार को जैलेन्द्र उनके घर जाकर मृतक की पत्नी मैनी देवी व पुत्र बबलू मुंडा को चावल,दाल, तेल, आटा, आलू व अन्य खाद्य सामग्री और नगद राशि सौंपा। मौके पर भाजपा नेता सुजीत सोनी,मंडल महामंत्री सतपाल राउत, ब्रजकिशोर प्रसाद, शशि प्रभा देवी आदि उपस्थित थे।।

जैविक उद्यान का वृद्ध बायसन की मौत

ओरमांझी। भगवान बिरसा जैविक उद्यान के वृद्ध इंडियन बायसन (गौर) की मौत हो गई है। बताया गया कि 2007 में मैसूर चिड़ियांघर से लाए गए बायसन काफी वृद्ध हो गया था, और पिछले एक वर्ष से बिमार था। मौत के बाद पोस्टर्मार्टम कर उसे जैविक उद्यान के शवदाह गृह में जला दिया गया। एक दिन पूर्व गुरूवार को भी जैविक उद्यान के तेंदुआ रानी की भी मौत हो गई थी। इस संबंध में जानाकारी देने के लिए किसी भी पदाधिकरी व कर्मी तैयार नही थें। फोन करने पर कोई भी फान रिसिव तक नही कर रहे थें। यहां तक की उद्यान निदेषक जबर सिंह द्वारा भी फोन रिसिव नही किया गया। वनक्षेत्र पदाधिकरी रामबाबु कमार ने फोन रिसिव किया लेकन उन्होने भी कुछ भी जानकारी नही दी, कहा वे पटना में है और किसी भी उद्यान के पषु की मौत की जानाकी नही है।

वज्रपात से मवेशी की मौत

ठाकुरगांव। कांके प्रखंड के बगदा निवासी राथो देवी का एक काड़ा और एक भैस की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। जानकारी के अनुसार दोनों मवेशी घर के बाहर थे इसी दौरान शुक्रवार की देर शाम भारी बारिश के साथ वज्रपात होने से मवेशी वज्रपात की चपेट में आ गये और मौके पर ही दोनों मवेशियों की मौत हो गई। सूचना पाकर मुखिया पूजा किस्पोटा, मदन महतो, नसीबलाल महतो मौके पर पहुंचे और पशुपालन विभाग को सूचित किया गया। शनिवार को भ्रमण चिकित्सा पदाधिकारी तनवीर आलम ने दोनों मवेशियों का पोस्टमार्टम किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि पीड़िता किसान को जल्द ही सरकार से मुआवजा दिलाया जाएगा।

शिक्षकों ने की परियोजना निदेशक के बयान का विरोध

ओरमांझी। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आहवान पर शुक्रवार को ओरमांझी प्रखंड के शिक्षकों द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक के विरोध प्रदर्षन किया गया। संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक के नेतृत्व में विरोध प्रदर्षन करने वाले सभी षिक्षक चप्पल पहन कर विरोध प्रदर्षन कर करते हुए, षिक्षा परियोजना निदेषक के बयान के विरोध में नारेबाजी कर रहे थें। सतीष बड़ाइक ने कहा वायरल विडियो में जिस प्रकार की झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक द्वारा चप्पल पहनकर स्कूल आने वाले षिक्षकों को उसी चप्पल से पीटने की बात कही गई। शिक्षकों के लिए अपमानजनक व असंसदीय भाषा का प्रयोग किया गया, वह निंदनीय है। इस बयान से शिक्षकों में आक्रोष हैं। प्रखंड के शिक्षक रोष प्रकट करते हुए सभी अपने विद्यालय में हवाई चप्पल पहनकर विरोध प्रदर्शन किया है। विरोध करने वालों में सतीष बडाईक के साथ अरविंद कुमार, सहदेव कुमार, सविता पन्ना, पवन प्रकाश, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, सुनीति बागे, कमर रशीद, जमाल अंसारी, आशा कुमारी, निर्मला कुजूर अनुपाशैल बाला कुजूर, संगीता कुमारी, प्रभा देवी, सुषमा देवी, डेकेश शर्मा, अब्दुल रउफ, नीता टोप्पो, भारती कुमारी, मनोज कुमार, परवीन अख्तर, सुषमा कुमारी, संध्या देवी, शशि सुमन मिंज, अपर्णा मिश्रा आदि शिक्षक शामिल थें।

दो दिनी विशेष मतदाता अभियान में बीएलओ उदासीन

प्रखंड के अधिकांश जगहों में नहीं लगा कैंप

- वोटरों में जागरूकता की कमी
- ग्रामीणों को नहीं दी गई सूचना

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। डीसी राहुल सिन्हा के निर्देश पर प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों में 27 और 28 जुलाई को होने वाले विशेष मतदाता अभियान दिवस के पहले दिन शनिवार को अधिकांश जगहों में कैंप नहीं लगा। ग्रामीणों ने बताया कि बीएलओ की ओर से उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गयी। गांवों में इसका प्रचार-प्रसार नहीं किया गया। सूचना के अभाव में लोग मतदान केंद्र पर नहीं आये। इससे स्पष्ट है कि आंगनबाड़ी सेविका और सहिया बहनें कर्त्तव्य के प्रति संवेदनशील नहीं है। लोगों का कहना है कि यही काम स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं से कराया जाता तो कैंप में वोटरों की लंबी कतार रहती। बच्चों के जरिये अभिभावकों को इसकी खबर भी मिल जाती। इधर, मुख्यालय से दबाव मिलने पर 16 और 17 बूथ पर बीएलओ ने आनन-फानन में स्कूली बच्चियों के हाथ में सूची प्रदर्शित कराते हुये फोटोग्राफी करायी।

जानें कैंप का उद्देश्य

मतदाता जिस मतदान केंद्र में वोट डालते हैं, कैंप में सूची का सत्यापन करना है। इस बात का ध्यान देना है कि क्या आधार नंबर, नाम और फोटो गलत प्रविष्ट हो गया है। इसका तत्काल समाधान की गुंजाइश है। दूसरी ओर 1 जुलाई 2024 को जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है, तो उनका वोटर कार्ड ऑन द स्पॉट बनाने का प्रावधान है। लोगों को आधार कार्ड और पासपोर्ट साइज का फोटो लाना जरूरी है।

पूर्व विधायक ने पांच गांव में लगाया चौपाल

सिकिदिरी। खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पांच पाहन ने शनिवार को प्रखंड के सोसो, नवागढ़, खभावन, बूटगोड़ा, मैनीछापर आदि गांव में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए। ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से पूर्व विधायक को अवगत कराया। रामकुमार पाहन ने सभी समस्याओं का निदान का आश्वासन देते हुए कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। युवाओं को रोजगार देने के नाम पर ठगा गया। बेरोजगारी बढ़ने से युवा पलायन को विवश हो रहे है। बालू की कालाबजारी से जनता त्रस्त है। खिजरी में जनता बदलाव चाहती है। सोहराई बेदिया, सोमरा मुंडा, मुकुंद भोगता, राजेश भोगता, जनार्दन कुम्हार, रवि कुम्हार, हेमनाथ महतो, पंचम भोगता, शिवु बेदिया, बिहारी साहु, राजेन्द्र बेदिया, संतोष भोगता, जगलु बेदिया आदि उपस्थित थे।

स्कूली बच्चों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। प्रखंड के प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल सदमा में षनिवार को एक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले 8वीं व 10वीं कक्षा के लगभग 20 बच्चों को मुख्य अतिथि प्रमुख अनुपमा देवी प्रषस्ती पत्र प्रदान किया, और कहा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों भी अब षिक्षा का महत्व को समझने लगे हैं। अभावों में भी बेहतर प्रदर्षन कर रहे हैं, वैसे बच्चों का उत्साहवर्द्धन करना जरूरी है। वहीं बीइइओ सीमा कुमारी, जिप सदस्य कमिष्नर मुंडा, 22 पड़हा के अध्यक्ष बाबूलाल महली, सदमा मुखिया सुनिल उरांव आदि ने भी बच्चों की प्रतिभा की सरहाना की। मौके पर प्राचार्य सीमा गुप्ता, षिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वीर नरियां सम्मनित

खबर मन्त्र संवाददाता

नामकुम। कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती अवसर पर प्रथम बिहार बटालियन में वीर नारियों का सम्मान समारोह सह पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान फैमिली वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन प्रथम बिहार और ग्रीन रांची संस्था के द्वारा लगभग ढाई सौ पौधे लगाए गए। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए फैमिली वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन प्रथम बिहार की कोऑर्डिनेटर श्रेया शरण पवार ने कहा कि कारगिल युद्ध का नायक प्रथम बिहार रेजिमेंट ने अपने जान की परवाह नहीं करते हुए दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए। इस युद्ध में बटालियन के नौ जवान शहीद हुए थे। आज हमारे साथ पूरा देश उनकी शहादत को सलाम कर रहा है। वहीं कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक संघ के द्वारा कर्नल बीरेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में संस्था के कार्यालय लालगंज से 23 इन्फैंट्री डिविजन वार मेमोरियल तक मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली ने वार मेमोरियल पर सभी शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं अखिल भारतीय पुर्व सैनिक सेवा परिषद रांची द्वारा भी चायबगान के आरडीएस पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस रजत जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती पवार और निशा कुमारी के द्वारा सात वीर नारियों को सम्मानित किया गया। मौके पर लेफ्टिनेंट कर्नल ललित विजय, सूबेदार विजय कुमार सिंह, सूबेदार राजेश कुमार सिंह, सूबेदार अनिल राम, नायब सुबेदार जितेंद्र कुमार, रीना देवी, पूनम देवी सहित ग्रीन रांची की टीम और सैनिक परिवार के लोग उपस्थित थे।

किसानों के बीच शत प्रतिशत अनुदान में बीज का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

पिस्का नगड़ी। कृषि विभाग के सौजन्य से शनिवार को जिला कृषि पदाधिकारी रांची के आदेशानुसार बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत नगड़ी प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत-देवरी के ग्राम-देवरी एवं बसिला के 32 किसानों के बीच संकुल प्रत्यक्षण हेतु आठ-आठ किलोग्राम मक्का प्रभेद एन०एम०एच०-803 बीज का वितरण शत प्रतिशत अनुदान में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुश्री दीपाली भगत,जिला परिषद सदस्य श्रीमती पूनम देवी एवं उप प्रमुख श्रीमती अफसाना प्रवीण ने संयुक्त रूप से किया।

मौके पर से प्रभारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार,प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक बरदानी लकड़ा सहित देवरी पंचायत के देवरी एवं बसिला के किसान व ग्रामीण उपस्थित थे।

संत मेरीस स्कूल गेतलसूद में विज्ञान सह हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन

अनगड़ा। संत मेरीस स्कूल गेतलसूद में शनिवार को विज्ञान सह हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न मॉडलों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विज्ञान सह हस्तकला प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सिस्टर निर्मला एवं ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया ने संयुक्त रूप से किया। विज्ञान सह हस्तकला प्रदर्शनी में विधालय के नीला दल लाल दल हरा दल एवं पीला दल के विधार्थियों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें नीला दल के नवीन बेदिया प्रेम बेदिया एंव टीम के द्वारा सोलर सिस्टम वायुमंडलीय परत लाल दल के सिकंदर बेदिया, सुरज बेदिया एवं टीम ने स्मार्ट एग्रीकल्चर व स्मार्ट सिटी हरा दल के विश्वनाथ बेदिया, अनुप ऊरांव एंव टीम ने मिनि कुलर जल चक्र एवं पीला दल के रितेश बेदिया, बंटी करमाली एंव टीम ने वर्षा जल शुद्धिकरण व मानव ह्रदय आदि मॉडल का प्रदर्शनी प्रस्तुत किया साथ ही सभी वर्ग के बच्चों ने रूमाल फोटो फ्रेम कुशन वॉल हेंगिग गुड़िया एवं आकर्षण फुलों से भरा गमला आदि हस्तकला प्रदर्शनी किया। बालेश्वर बेदिया ने विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाये गये विभिन्न आकर्षण एवं महत्वपूर्ण माडलों की प्रशंसा एवं छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। मौके पर शिक्षक वंशीधर, सुनील, अंजला, आलमा, अनिल, अमन, मरियालो, सिस्टर प्रमिला, मनोज बेदिया, आदि शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे।

एनके एरिया के रिजनल वर्कशाप में चोरी मामले की जांच अब तक पूरी नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। एनके एरिया अंतर्गत रिजनल वर्क शॉप डकरा से आर्मेचर, मोटर, सहित कई उपकरण करोड़ो रुपये की चोरी हुई थी। जिसके बाद से एनके एरिया में यूनियन प्रतिनिधिमंडल व सीसीएल अधिकारियों का राजनीति चालू हो गया। वर्कशॉप से करोड़ो की उपकरण की चोरी कराने में खुलेआम कहा जाता था कि उपकरण की चोरी में सीआईएसएफ सुरक्षा कर्मी, सीसीएल अधिकारियों व एनके का बड़ा पहुँच रखने वाला नेता का हाथ बताया जाता रहा था। मामला को दबाने के लिए सीआईएसएफ व नेता के प्रतिनिधि ने चोरी का मामला के विषय में जो भी मुँह खोलता था। उसके मुंह में पैसों से भरा बंडल भर दिया जाता था। मामला तूल पकड़ता देख नेता व अधिकारी ने चोरी किये गए आर्मेचर को जहां तहां से रिकवरी करवाना शुरू कर दिया। लेकिन रिजनल वर्कशाप से अब तक कितने उपकरण की रिकवरी हुई है। यह स्पष्ट अब तक नही हो पाया है। इस विषय में सीसीएल के अधिकारियों से पूछने पर बताया जाता है कि अब तक जांच चल रही है। फिलहाल सीआईएसएफ के द्वारा कुछ ऑफिसरों का ट्रंसफर व निर्लंबित किया गया है।

वर्कशाप से करोड़ो रुपए की उपकरण की चोरी में संयुक्त संगठन की आंच धीमा पड़ा: एनके एरिया रिजनल वर्कशाप से करोड़ो रुपए की उपकरण सुनियोजित रूप से चोरी कराने के कारनामे को बड़े ही वृहद रूप से संयुक्त संगठन के नेताओ ने मुद्दा बनकर उठाया था। लेकिन मुद्दा दिनों दिन लोगो के दिमाग से निकलता जाता है। उसी तरह मामला को ठंडा बस्ता में डाल दिया जा रहा है। एक समय में लगा था कि करोड़ो की चोरी में सीसीएल के बड़े अधिकारियों को सजा कटवाकर ही मानेंगे। सूचना के अनुसार मामला को दबाने के लिए सीसीएल व सीआईएसएफ के अधिकारियों का कई दौर का बैठक हो चुका है। वही सयुक्त संगठन के तरफ से बताया गया कि मामला शांत नही हुआ है। कुछ दिन के बाद एनके जीएम को पत्र सौप कर जवाब तलब किया जाएगा।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का लगा आई कैंप

- सैकड़ों मरीजों की हुई जांच
- मुफ्त दवा का भी वितरण

रातू। भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर शनिवार को अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से मिसाइल मैन, सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक व पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की स्मृति में आई कैंप का आयोजन किया गया। मोर्चा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष इमरान खान की अगुआई में सन साइन नर्सिंग होम, अगडु में आयोजित फ्री आई चेकअप कैंप में 3 सौ से अधिक मरीजों का इलाज किया गया और उनके बीच दवाइयां भी बांटी गयी। कार्यक्रम में श्री खान ने कहा कि दिवंगत कलाम का सिद्धांत व विचार युवाओं के लिये प्रेरणादायी बना रहेगा। कार्यक्रम में जिला मंत्री नौशाद अंसारी, डॉ जावेद, आबिद अंसारी, इरफान अंसारी व परवेज आलम मौजूद थे।

मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी मेला का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी मेला की शुभारंभ कॉलेज के अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल ए आर सिन्हा व मिस सिन्हा, लखन प्रसाद साहु, रूपेश गिरि सहित अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस प्रदर्शनी मेला में विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा एक से एक विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत किये। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने वैज्ञानिक और रचनात्मक द्रृष्टीकोण का निर्माण करने का प्रयास कर दिखाया। जिसको लेकर विज्ञान प्रदर्शनी मेला की तैयारी के लिए विद्यार्थियों में रोमांचक अनुभव भरा हुआ था। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के द्वारा बनाये गए ज्वालामुखी विस्फोट, एयरगन, होलोग्राफ, बायोलॉजिकल एग्रीकल्चर, पवन ऊर्जा जलसंचय, ग्रीन हाउस इफेक्ट्स, हृदयसंरचना, वृक्क संरचाना आदि मॉड्यूल द्वारा एंव उसकी कार्य प्रणाली प्रस्तुत किया गया। मौके पर ए आर सिन्हा ने बच्चों के वैज्ञानिक सोच और आधुनिक विचार की सराहना की और कहा कि आज के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय में प्रदर्शन शिक्षा की ओर एक सहनीय कदम है। वही कॉलेज के प्राचार्य मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि समय में किताबी ज्ञान के साथ उसका व्यवहारिक और प्रायोगिक ज्ञान भी आवश्यक हैं। जिससे उसे समझने में बच्चों को आसानी होती हैं,और साथ ही साथ यह क्रियाकलाप जीवन में काम आते हैं। मौके पर मुकेश विश्वकर्मा, रिया कुमारी,राहुल सिह,बासकी नाथ नाग, रामानंद आया, डेनिस मयंक रोबट, सुचिता कुजूर, आशा देवी, शवेता प्रजापति, पंकज कुमार, शौरभ कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

कार्यालय : राज्य-कर अपर आयुक्त (प्र0), राँची प्रमण्डल, राँची।

कचहरी रोड, राँची।

कम्प्युटर एवं संबंधित सामग्री तथा जेरोक्स मशीन के आपूर्ति से संबंधित अल्पकालिन निविदा।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्नवत सामग्रीयों की आवश्यकता है:-

HP AIO 27" COMPUTER-8 Pcs, INKJET COLOUR PRINTER (Tank Base) 1 Pc, LCD MONITOR- 3 Pcs, ROUTER-2 Pcs and HP FAST DUPLEX SCANNER (Scanjet Pro 54)-1 Pc 1 one xerox machine.

अतः वैसे आपूर्तिकर्ता, जो सामग्रीयों के आपूर्ति करने के इच्छुक है, दिनांक 31.07.2024 तक सिलबन्द लिफाफा में उपरोक्त वस्तुओं का Rate Quotation कार्यालय में जमा करें। इस अल्पकालिन निविदा हेतु प्राप्त Rate Quotation को दिनांक 02.08.2024 को खोला जायेगा।

ह/-
रा.कर अपर आयुक्त (प्र०),
राँची प्रमण्डल, राँची।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा
06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

Walk-in-Interview हेतु विज्ञापन

सरकार के अवर सचिव,पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड,राँची का पत्रांक–4503(s) दिनांक 06.08.2018 में दिये गये निर्देश के आलोक में पथ प्रमण्डल,कोडरमा कार्यालय में भू–अर्जन हेतु दो अमीन नियत पारिश्रमिक पर छः माह के लिए Walk-in-Interview हेतु दिनांक 01.08.2024 अपराह 4:00 बजे तक नीचे दिये गये अहर्त्ता पूर्ण करने वाले आवेदकों से स्वहस्तलिखित आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

आवेदकों का Walk-in-Interview दिनांक 05.08.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा के कार्यालय में संपन्न होगा।

अहर्त्ता

1. इच्छुक आवेदक झारखण्ड राज्य का निवासी हो। आवेदन पत्र के साथ निवास के संबंध में साक्ष्य संलग्न होना चाहिए।
2. मान्यता प्राप्त विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं औद्योगिक केन्द्रों से एक वर्षीय या दो वर्षीय भू–मापी (सर्वेयर) प्रमाण–पत्र होना चाहिए।
3. अंचल कार्यालय/बंदोबस्त कार्यालय/नगर निगम कार्यालय/पथ निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/भवन निर्माण विभाग/नगर विकास विभाग इत्यादि में कार्य करने का अनुभव यदि हो, तो उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।
4. सरकारी सेवानिवृत्त अमीन को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. उच्चतर शिक्षा एवं कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. सेवा का भुगतान राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संबंधित संकल्प में निर्धारित शूल्क के आधार पर किया जायेगा,यह बिल्कुल ही अस्थायी है। भविष्य में स्थायी के लिए कोई दावा मान्य नहीं होगा।

नोट :– आवेदन–पत्र के साथ सभी शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। आवेदन–पत्र पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा में जमा होगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR.NO.330941 Road(24-25):D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा।

ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अल्पकालीन निविदा संख्या :–03/2024-25 / RWD /LOHARDAGA दिनांक 26.07.2024

कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथ के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं0	आईडेन्टी फिकेषन संख्या / पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की तिथि	टेन्डर कॉल नं0
1	EE / RWD/ LOHARDAGA/ 02/2024-25	केन्दटोली बगडू से जामुनटोली तक पथ निर्माण कार्य। (लम्बाई – 1.800 कि0 मी0)	2,20,53,000.00	दो करोड़ बीस लाख तीरपन हजार रू0 मात्र	बारह माह	प्रथम
2	EE RWD/ LOHARDAGA/ 03/2024-25	पतरातु देवी मण्डप से महतो टोली महुआटोली तक पथ निर्माण कार्य। (लम्बाई – 1.700 कि0 मी0)	1,82,44,000.00	एक करोड़ बेरासी लाख चौबालीस हजार रू0 मात्र	बारह माह	प्रथम
3	EE RWD/ LOHARDAGA/ 04/2024-25	बगडू मेन रोड से उपर हिसरी तक पथ निर्माण कार्य । (लम्बाई – 3.350 कि0 मी0)	5,47,81,200.00	पाँच करोड़ सैतालीस लाख एकासी हजार दो सौ रू0 मा	अठारह माह	प्रथम
4	EE RWD/ LOHARDAGA/ 05/2024-25	रोरद पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0 पथ से पंचायत भवन तक पथ निर्माण कार्य । (लम्बाई – 0.900 कि0 मी0)	1,13,67,300.00	एक करोड़ तेरह लाख सड़सठ हजार तीन सौ रू0 मात्र	नौ माह	प्रथम
5	EE RWD/ LOHARDAGA/ 06/2024-25	ग्राम भुजनिया मोजीम अंसारी के घर से ईटा बैजवाली मुख्य पथ तक पथ निर्माण कार्य । (लम्बाई – 2.150 कि0 मी0)	2,03,25,500.00	दो करोड़ तीन लाख पच्चीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र	बारह माह	प्रथम
6	EE RWD/ LOHARDAGA/ 07/2024-25	ग्राम चरहु में सोहन साहु के घर से फुलझर नदी तक पथ निर्माण कार्य । (लम्बाई – 1.650 कि0 मी0)	1,55,59,700.00	एक करोड़ पचपन लाख उनसठ हजार सात सौ रू0 मात्र	बारह माह	प्रथम
7	EE RWD/ LOHARDAGA/ 08/2024-25	पी0 डब्लू0 डी0 रोड कैरो नरौली मोड़ से गाराडीह तक पथ निर्माण कार्य । (लम्बाई – 1.300 कि0 मी0)	1,39,06,100.00	एक करोड़ उनचालीस लाख छः हजार एक सौ रू0 मात्र	नौ माह	प्रथम
8	EE RWD/ LOHARDAGA/ 09/2024-25	ग्राम बक्सी से ग्राम गोपालगंज तक पथ निर्माण कार्य । (लम्बाई – 1.250 कि0 मी0)	1,64,45,900.00	एक करोड़ चौसठ लाख पैतालीस हजार नौ सौ रू0 मात्र	बारह माह	प्रथम
9	EE RWD/ LOHARDAGA/ 10/2024-25	पी0 डब्लू0 डी0 रोड कैरो – चटटी पथ बड़गाई मोड़ से खिजरी बरहाडीपा तक पथ निर्माण कार्य । (लम्बाई – 1.650 कि0 मी0)	2,00,01,400.00	दो करोड़ एक हजार चार सौ रू0 मात्र	बारह माह	प्रथम
10	EE RWD/ LOHARDAGA/ 11/2024-25	कोलसिमरी से लावागाँय तक पथ निर्माण कार्य । (लम्बाई – 1.550 कि0 मी0)	1,60,11,200.00	एक करोड़ साठ लाख ग्यारह हजार दो सौ रू0 मात्र	बारह माह	प्रथम
11	EE RWD/ LOHARDAGA/ 12/2024-25	जोंजरो से नामनगर तक पथ निर्माण कार्य । (लम्बाई – 2.300 कि0 मी0)	1,58,18,900.00	एक करोड़ अनठावन लाख अठारह हजार नौ सौ रू0 मात्र	बारह माह	प्रथम
12	EE RWD/ LOHARDAGA/ 13/2024-25	कुम्हरिया अम्बाटोली से कसपुर तक पथ निर्माण कार्य । (लम्बाई – 1.200 कि0 मी0)	1,41,50,200.00	एक करोड़ एकतालीस लाख पचास हजार दो सौ रू0 मात्र	नौ माह	प्रथम
13	EE RWD/ LOHARDAGA/ 14/2024-25	सलगी मुख्य पथ से गरभूटोली रामकुमार भगत के घर तक पथ निर्माण कार्य । (लम्बाई – 1.350 कि0 मी0)	1,44,05,700.00	एक करोड़ चौवालीस लाख पाँच हजार सात सौ रू0 मात्र	नौ माह	प्रथम
14	EE RWD/ LOHARDAGA/ 15/2024-25	पी0 डब्लू0 डी0 रोड अमानत के घर से नगजुआ रेलवे स्टेषन तक पथ निर्माण कार्य । (लम्बाई – 1.00 कि0 मी0)	1,09,79,400.00	एक करोड़ नौ लाख उनासी हजार चार सौ रू0 मात्र	नौ माह	प्रथम

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–03.08.2024 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–17.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 20.08.2024 अपराह्न 3.30 बजे ।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा पुराना डी0 आर0 डी0 ए0 भवन, लोहरदगा, पिन कोड– 835302
6. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 06526316381
7. प्राक्कलित राशि घट – बढ़ सकती है।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 (अनु0) दिनांक 09.10.2023 के निदेशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी ।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा ,उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी । अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबावदेही निविदादाता की होगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का वि0 ,
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 330916 (Lohardaga) 24-25 (D)

फ्रांसीसी विचारक विचारक ज्यां बोद्रियो ने आधुनिक उपभोक्तावाद की मीमांसा करते हुए कहा है कि पहले वस्तु आती है तो वह सुख देने वाली लगती है। अंत में वह दु:ख देकर चली जाती है। पहले वह भली लगती है, किन्तु अंत में बुरी साबित होती है। आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करने के लिये उपभोक्ता जागृति जरूरी है। आज का उपभोक्तावादी दृष्टिकोण एक प्रकार का सम्मोहन बन गया है, हिस्टीरिया की बीमारी बन गया है। सम्मोहन करने वाला जैसा नचायेगा, उपभोक्ता वैसा ही नाचेगा, फिर उपभोक्ता संरक्षण कैसे संभव होगी? यह तभी संभव है जब हमारा उपभोग के प्रति सम्यक दृष्टिकोण होगा।

किस सीमा तक उपभोग सराहनीय है?

ललित गर्ग

उपभोक्ता में उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधित जागरूकता को बढ़ाने, जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, कम नाप-तौल इत्यादि संकटों से उपभोक्ता को मुक्ति दिलाने एवं उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के बारे में लोगों को जानकारी देकर उपभोक्ता के हितों की रक्षा आवश्यक है। उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए इसी दिन 24 दिसंबर, 1986 को भारत सरकार ने ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इसके बाद इस अधिनियम में 1991 तथा 1993 में संशोधन किए गए। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को अधिकाधिक कार्यरत और प्रयोजनपूर्ण बनाने के लिए दिसंबर 2002 में एक व्यापक संशोधन लाया गया और 15 मार्च 2003 से लागू किया गया। यह दिन भारतीय ग्राहक आन्दोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। भारत में यह दिवस पहली बार वर्ष 2000 में मनाया गया और आगे भी प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।

उपभोक्ता संरक्षण कानून से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य यह है की किसी भी शासकीय पक्ष ने इस विधेयक को तैयार नहीं किया बल्कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने प्रथमतः इस विधेयक का मसौदा तैयार किया। हम में से हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अनुसार कोई व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिये सामान खरीदता है, वह उपभोक्ता है। उपभोक्ता क्योंकि संगठित नहीं हैं इसलिए हर जगह ठगा जाता है। इसलिए उपभोक्ता को जागना होगा और खुद को इन संकटों से बचाना होगा। बहुत कम उपभोक्ता जानते होंगे कि उनके क्या अधिकार हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस इसलिये मनाया जाता है ताकि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके और इसके साथ ही अगर वह धोकाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली आदि का शिकार होते हैं तो वह इसकी शिकायत कर सकें। इस कानून में जीवन एवं संपत्ति के लिए हानिकारक सामान और सेवाओं की बिक्री के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार दिया गया है, खरीदी गई वस्तु की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, स्तर और मूल्य, जैसा भी मामला हो के बारे में जानकारी का अधिकार एवं इसके लिए आवाज उठाने का अधिकार है। उपभोक्ता दिवस मनाते हुए हम केवल उपभोक्ता अधिकारों की ही बात नहीं करते बल्कि उपभोक्ता की उन्नत एवं सम्यक सोच को भी विकसित करते हैं। अमेरिकी लेखक और मोटिवेशनल स्पीकर ब्रिएना विएस्ट ने कहा भी है कि जब निजी स्तर पर हमारा दर्शन सिर्फ यही रह जाए कि हम बिना कोई प्रश्न पूछे वही करने लगें, जो हमें कहा जाए, तो इसका अर्थ है कि हम उपभोक्तावाद या अपने अहं या किसी के प्रति अंध श्रद्धा का शिकार हो रहे हैं या किसी ऐसे की इच्छा का पोषण कर रहे हैं, जो हमें नियंत्रित करना चाहता है। आज की बाजार शक्तियों इसी तरह उपभोक्ताओं का शोषण करती है। इन्हीं उपभोक्तावादी एवं बाजार शक्तियों के कारण जीवन में सुख का अभिप्राय केवल भोग और उपभोग को माना जाने लगा हैं। ऐसे में झूठी शानो-शौकत के दिखावे के चक्कर में उपभोक्ता अविवेकशील होकर अनावश्यक चीजों को भी थैले में भरकर घर ला रहा है। बाजार एवं उपभोक्तावादी संस्कृति के इस काले जादू के आगे उपभोक्ता बेबस एवं लाचार खड़ा हैं। जिसके कारण वस्तुओं की गुणवत्ता के स्तर में गिरावट आ रही हैं। कोई भी चीज मिलावटरहित मिलना अब संभव नहीं है। न चाहते हुए भी उपभोक्ता लूट का शिकार बन रहा है।

सभी धर्म,पंथ और संप्रदाय का लक्ष्य एक

-स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

सभी धर्मों, पंथ और संप्रदाय का मार्ग एक ही है और इस कारण भक्ति की उंची स्थिति में पहुंचना ही भक्त का उद्देश्य होना चाहिए। सनातन हिन्दू, इस्लाम, ईसाई सहित सभी धर्मों के गुरु का कार्य जीव का उद्धार कराना ही है। आज यह बड़ी बात है कि सगुण के रूप में सदगुरु के दर्शन और श्रवण का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक भक्त पटना आश्रम में आते थे। वृद्ध थे और रामायण की अच्छी जानकारी थी। लगभग चार-पांच साल तक आने के बाद भी वे मंत्र दीक्षा नहीं ले रहे थे। उन्हें शिकायत भी थी कि उनके मित्र और सहयोगी उन्हें दीक्षा लेने पर जोर दे रहे हैं। लगभग पांच साल ब्रह्म विद्यालय और आश्रम के पटना और मुख्य स्थान तक जाने के बाद उन्होंने अपनी शंका जाहिर की कि गुरुदेव हमने देवराहा बाबा से दीक्षा ली है तब क्या ब्रह्म विद्यालय की दीक्षा ली जा सकती है। लोग कहते हैं एक ही गुरु किया जाना चाहिए। यह सच है कि एक गुरु होना चाहिए। लेकिन गुरु तत्व पूरे संसार में एक ही है। आवश्यकता है आप जीवन में इसे अपना लें। उन्होंने मंत्र दीक्षा भी ली और सन्यासी भी बन गये। गुरु पद है उसे स्वीकार्य किया जाना चाहिए। वे अति विनम्र और मधुर बोलने वाले थे। गुरु के प्रति आपका प्रेम और समर्पण आपको बड़े ही शानदार ढंग से लौटता है। इस का साक्षात उदाहरण हमारे दरबार में एक नहीं अनेकों हैं। जीव के उद्धार के लिए परम पूज्यनीय स्वामी शिवधर्मानंद जी ने जो वाणी और व्यवहार अपनाया वर्तमान समय में वह ज्ञान और भक्ति की संपूर्ण उंचाई का सर्वोच्च उदाहरण है। जब गढ़वा घाट काशी बनारस के स्वामी जी ने स्वामी शिवधर्मानंद जी को गंगा पार राजपुर भेजा तो एक भी व्यक्ति सहयोग के लिए नहीं था। उन्हें एक गांव में भेज दिया। आज वही गांव पूरे देश में तत्व ज्ञान के प्रचार प्रसार का केन्द्र बना। यह पूरे देश में तत्व ज्ञान को फैला रहा है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि काली मां के प्रति उनका जो प्रेम था उनका भाव था जिसमें रात-दिन डूबे रहते थे। स्वामी तोतेपूरे ने उन्हें ज्ञान का अहसास करा दिया। स्वामी रामकृष्ण उस परमतत्व को प्राप्त कर गुरु पद को सुशोभित किया। गुरु ग्रंथ का अर्थ मनुष्य को ग्रंथियों से मुक्त कराने वाले से है। जड़ और चेतन के इस संसार में जड़ के बंधन काटने वाले तत्व ज्ञानियों, सदगुरु नानक देव, कबीर, धरनीदास, दरियादास, रैदास गुरु ग्रंथ हीं हैं। गुरु ग्रंथ में इनकी ही वाणी सुरक्षित है। गुरुग्रंथ को जानिए प्रकट गुरु की देह। वर्तमान समय में जीव ग्रंथियों में उलझकर अपने मूल कर्त्तव्य से विमुख हो रहा है। साहित्यकार जयशंकर प्रसाद की रचना कामायनी की पंक्तियां- एक तत्व की है प्रधानता उपर ही जल है, नीचे एक तरल है एक सघन। कहां जड़ या कहां चेतन। मनुष्य का शरीर या गुरु दरबार जड़ है। गुरु चेतन है और चेतन का ही महत्व है। जीवन में व्यक्ति और स्थान का बड़ा महत्व है। परमहंस दयाल जी ने छपरा से अपनी भक्ति यात्रा आंरभ की, लेकिन टेरी जो अब पाकिस्तान में है वहां जाकर ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम स्थापित किया। इस कार्य में उन्हें 20 वर्षों का समय लगा। संत आनंदपुर से मिले तब दरबार बना। प्रकृति नहीं मिलती तब तक पुरुष निद्रा में होता है। उन्होंने जो भक्ति की चेतना जगाई वह आज भी गढ़वा घाट काशी और राजपुर होते फिर से छपरा पहुंचा। 1846 में इनका जन्म छपरा में हुआ था।

(मुख्य स्थान:ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)

शिक्षा, शोध व प्लेसमेंट बनी एसबीयू की पहचान

वर्ष 2017 में अपनी स्थापना के महज कुछ वर्षों के भीतर ही सरला बिरला विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्ट के नए मापदंड स्थापित कर झारखंड ही नहीं, बल्कि आसपास के राज्यों - बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के शैक्षणिक वातावरण को अनूठी सौगात दी है। विश्वविद्यालय का ध्येय विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता और समकालीन शिक्षा प्रदान कर उनका समग्र विकास करना है।

रांची के महिलौंग स्थित 50 एकड़ परिसर में फैला सरला बिरला विश्वविद्यालय झारखंड का प्रमुख निजी विश्वविद्यालय है। देश के प्रतिष्ठित व्यावसायिक समूहों में शुमार बिरला परिवार की समृद्ध विरासत को कायम रखते हुए विश्वविद्यालय में स्वर्गीय बसंत कुमार बिड़ला और सरला देवी बिरला के चरित्र निर्माण के बुनियादी मूल्यों को आत्मसात किया गया है। विवि के आदर्शों में अनुशासन, राष्ट्र निर्माण के प्रति दीर्घकालीन प्रतिबद्धता और चरित्र निर्माण जैसे मानवीय गुणों का दृढ़ता से पालन करना शामिल है।

करियर व शोध पर ध्यान

योग्य, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित संकाय के कुशल दिशा निर्देशन में विश्वविद्यालय निरंतर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं करियर ओरिएंटेड शिक्षा देने के मार्ग पर अग्रसर है। संस्थान में अध्ययन के साथ अनुसंधान पर भी यथोचित बल दिया जाता है। यहां के कई शिक्षकों और छात्रों को शोध कार्य के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हासिल हो चुकी है। विश्वविद्यालय का प्रयास रहता है कि यहां के छात्र देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में शोध करें। इसीलिए कई नामी-गिरामी विश्वविद्यालयों से एमओयू भी किया गया है। विवि में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फामेर्सी, मास कम्युनिकेशन, लॉ, नर्सिंग, योग, फाइन आर्ट्स सहित अन्य विषयों की भी पढ़ाई होती है। वर्तमान में यहां लगभग 5000 से ज्यादा छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। स्मार्ट क्लास, अत्याधुनिक लैब, ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, कैंटीन के साथ अन्य सुविधाएँ विवि में छात्रों को बेहतर शिक्षा का माहौल प्रदान करता है।

शानदार रहा है प्लेसमेंट रिकॉर्ड

विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट रिकॉर्ड शानदार रहा है। प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से विद्यार्थियों को देश-विदेश की नामी-गिरामी कंपनियों में काम करने और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यहां से निकले छात्र आदित्य बिरला ग्रुप, टीसीएस, आईसीआईसीआई, वोडाफोन, डेल, एचसीएल, विप्रो, गोदरेज, बिरला सनलाइफ, एवरेस्ट इंडस्टरीज जैसी कंपनियों में जगह बनाने में सफल हुए हैं।

देश-विदेश के विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू

छात्रों को नवीनतम और शोधपरक जानकारी उपलब्ध करवाने और वृहत शैक्षिक परिवेश से परिचित करवाने के उद्देश्य से एसबीयू ने देश-विदेश के कई प्रतिष्ठानों से एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। एमओयू में नियमित तौर पर संकाय सदस्यों और छात्रों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ आदान-प्रदान पर सहमति बनी है। इसमें यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया बर्कले, यूनिवर्सिटी ऑफ मिनेसोटा, वर्मोंट यूनिवर्सिटी जैसे विदेशी विश्वविद्यालयों के अलावा आईआईटी खड़गपुर, वर्चुअल लैब आईआईटी दिल्ली, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड, एमआईटी पुणे, एनआईटी जमशेदपुर, सेंचुरियन यूनिवर्सिटी उड़ीसा जैसे कई संस्थान शामिल हैं। छात्रों का स्किल बढ़ाने के लिए माइक्रोसॉफ़्ट, टीसीएस-आईओएन, टैली से भी समझौता किया गया है।

साहित्य का मन भावन सावन

डॉ. सौरभ मालवीय

कविता का कोई भी काल रहा हो, सभी काल के कवियों ने वर्षा ऋतु पर जमकर लिखा है। भक्तिकाल एवं रीतिकाल के संधि कवि सेनापति वर्षा ऋतु का चित्रण करते हुए कहते हैं कि मेघ बहुत जल बरसाते हैं एवं सारंग की भांति ध्वनि करते हैं। मोर अत्यंत सुंदर लगते हैं तथा वे मेघ के घिर आने पर प्रसन्नचित्त होते हैं। मेघ वर्षा जल देने के कारण जीवन के आधार माने जाते हैं। कवि सेनापति के शब्दों में-

सारंग धुनि सुनावै घन रस बरसावै,
मोर मन हरषावै अति अभिराम है।
जीवन अधार बड़ी गरज करनहार,
तपति हरनहार देत मन काम है।।
सीतल सुभग जाकी छाया जग सेनापति,
पावत अधिक तन मन बिसराम है।
सपै संग लीने सनमुख तेरे बरसाऊ,
आयौ घनस्याम सखि मानौं घनस्याम है।।

रीतिबद्ध काव्य के आचार्य कवि देव अपनी कविता में विरहिणी नायिका की मनोव्यथा का वर्णन करते हैं।

नायिका कह रही है कि मैंने रात्रि में एक स्वप्न देखा, जिसमें मुझे प्रतीत हुआ कि झरझर का शब्द करती हुई झीनी-झीनी बूंदे गिर रही हैं एवं गर्जना के साथ आकाश में घटाएं घिरी हुई हैं। उस वातावरण में श्रीकृष्ण ने आकर मुझसे कहा है कि चलो आज झूला झूलते हैं। प्रियतम का यह प्रस्ताव सुनकर मैं अत्यधिक प्रसन्न हो गई। कवि देव कहते हैं-झहरि-झहरि झीनी बूंद है परति मानो,
घहरि-घहरि घटा घिरी है गगन में।
आनि कह्यो स्याम मो सों, चलो झूलिबे को आजु,
फूली ना समानी, भयी ऐसी हौं मगन मैं।।

सितारगढ़ के नरेश शंभुनाथ सिंह सोलंकी 'नृप शंभु' ने सावन का अत्यंत मनोहारी चित्रण किया है। इन्हें शंभु कवि एवं नाथ कवि के नाम से भी जाना जाता है। वे मनभावान सावन का उल्लेख करते हुए कहते हैं-

सावन के मास मनभावन के संग प्यारी,
अटा पर ठाढ़ी भई घटा अंधियारी में।
दामिनी के धोखे चक चौंझे दृग कवि नाथ,
छबिन सों मुरि दुरै पिय अंग वारी में।।
कोटि रति वारों ऐसी राधाजू के रूप पर,
रंभा रंक कहा शंक शची के निहारी में।
पागि रही रस जागि रही ज्योति लाजनि में,
चाहति उठ्योई, उड़ि गयी सो निगोड़ी नींद,
सोय गये भाग मेरे जागि वा जगन में।
आंखि खोलि देखौं तो मैं घन हैं न घनस्याम,
वेई छायी बूंदें मेरे आंसू ह्वै दृगन में।।
अयोध्या नरेश एवं रीतिकाल की स्वच्छंद काव्य-धारा के अंतिम कवि द्विजदेव ने भी वर्षा ऋतु का सुंदर वर्णन किया है। वे कहते हैं-
कारी नभ कारी निसि कारियै डरारी घटा,

झूकन बहत पौन आनंद को कंद री।

'द्विजदेव' सांवरी सलोनी सजी स्याम जू पै,
कीन्हौं अभिसार लखि पावस अनंद री।
नागरी गुनागरी सु कैसें डरै रैनि डर,
जाके संग सोहैं ए सहायक अमंद री।
बाहन मनोरथ उमाहिं संगवारी सखी,
मैन मद सुभट मसाल मुख चंद री।।

गुणकारी है हरा प्याज

क्या आपने हरे प्याज की सब्जी कभी खाई है? अगर नहीं, तो हरे प्याज के यह कमाल के सेहत फायदे।

- हरा प्याज खाने से इम्यूनिटी पॉवर बढ़ता है। हरा प्याज चेहरे की झुर्रियों को दूर करता है। इसे खाने से आंखों की रोशनी बढ़ती है। हरा प्याज माइक्रो न्यूट्रिशन को बनाए रखता है।

- हरा प्याज खाने के कई फायदे हैं। हरे प्याज में क्रोमियम होता है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम बनाए रखता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। एंटी-बैक्टीरियल गुण के कारण ही इसे खाने से पाचन में भी सुधार होता है।

- हिस्टीरिया का मरीज अगर बेहोश हो जाए तो उसे प्याज कूटकर सुंघाएं। इससे रोगी तुरंत होश में आ जाता है। हरे प्याज में एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-हिस्टामाइन गुण भी होते हैं इसीलिए यह गठिया और अस्थमा के रोगियों के लिए लाभदायक रहता है।

- पेशाब होना बंद हो जाए तो दो चम्मच प्याज का रस और गेहूं का आटा लेकर हलवा बना लें। हलवा गर्म करके पेट पर लेप लगाने से पेशाब आना शुरू हो जाता है। प्याज पानी में उबालकर वह पानी पीने से भी पेशाब संबंधी समस्याएं समाप्त हो जाती हैं।

- बाल गिरने की समस्या से निजात पाने के लिए प्याज बहुत ही असरदार है। बालों पर प्याज के रस की मालिश करने से बाल गिरना बंद हो जाते हैं। इसके अलावा, प्याज का लेप लगाने पर कम उम्र में सफेद हुए बाल फिर से काले होने

- सर्दी या जुकाम होने पर प्याज खाने से राहत मिलती है। गठिया में प्याज बहुत ही फायदेमंद होता है। सरसों का तेल व प्याज का रस मिलाकर मालिश करें, फायदा होगा। प्याज कई अन्य सामान्य शारीरिक समस्याओं जैसे मोतियाबिंद, सिर दर्द, कान दर्द और सांप के काटने में भी औषधि का काम करता है।

संविधान के अधिकार और हमारे वैवाहिक मूल्य

अनू अंबालिका

कितना अच्छा होता कि विभिन्न धर्मों के कानूनों में उचित सुधार करके समान रूप से संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों के लाभ दिलाने की दिशा में प्रयास होते। तलाक के लिये समान आधार का मुद्दा भी अप्रत्यक्ष रूप से समान नागरिक संहिता की आवश्यकता को आगे बढ़ाने वाला लगता है क्योंकि इसमें संविधान के अनुच्छेद 14, 15, और 21 के साथ ही 44 को शामिल किया गया है।

अनुच्छेद 44 समान नागरिक संहिता के बारे में ही है। अनुच्छेद 44 अनुसार, शासन भारत के समस्त राज्य क्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता प्राप्त करने का प्रयास करेगा। लेकिन यह अनुच्छेद आज तक संविधान की पुस्तक तक सिमटा हुआ है जबकि इस दिशा में कदम उठाने के बारे में कई बार उच्चतम न्यायालय अपनी राय व्यक्त कर चुका है।

न्यायालय में पहुंचे इस प्रकरण के अनुसार हिन्दू, बौद्ध, सिख और जैन समुदाय के सदस्यों को हिन्दू विवाह कानून, 1955 के तहत विवाह विच्छेद की प्रक्रिया अपनानी होती है जबकि मुस्लिम, ईसाई और पारसी समुदाय में विवाह विच्छेद के लिये उनके अपने पर्सनल कानून हैं। इसके अलावा, अंतर-आस्था वाले वैवाहिक जोड़ों को विशेष विवाह कानून, 1956 के तहत विवाह विच्छेद की प्रक्रिया का पालन करना होता है। तलाक के समान आधार के पक्ष में दलील दी जा रही है कि हिन्दू, ईसाई और पारसी समुदाय में व्यभिचार विवाह विच्छेद का आधार है जबकि मुस्लिम समुदाय के लिये ऐसा नहीं है। हिन्दू और ईसाई समुदाय में असाध्य कुष्ठ रोग तलाक का आधार है लेकिन पारसी समुदाय में ऐसा नहीं है जबकि हिन्दू और मुस्लिम समुदाय में नपुंसकता तलाक का आधार है परंतु ईसाई और पारसी समुदाय में ऐसा नहीं है। यह भी दलील दी गयी है कि हिन्दुओं में नाबालिग से विवाह तलाक का आधार है जबकि ईसाई, पारसी और मुस्लिम समुदाय में इस आधार पर तलाक का प्रावधान नहीं है। इसी से जुड़ा एक और सवाल है और वह है परस्पर सहमति से तलाक। परस्पर सहमति से तलाक का मसला ईसाई समुदाय के तलाक कानून के संदर्भ में न्यायालय में आया था। ईसाई समुदाय के डेढ़ सदी से ज्यादा पुराने भारतीय तलाक कानून की धारा 10-क (1) के तहत कम से कम दो साल अलग रहने के बाद ही इस समुदाय का कोई जोड़ा परस्पर सहमति से विवाह विच्छेद के लिये आवेदन कर सकता है। इसके विपरीत, विशेष विवाह कानून, 1954 की धारा 28, हिन्दू विवाह कानून, 1955 की धारा 13-बी और पारसी विवाह एवं तलाक कानून, 1936 के तहत परस्पर सहमति से तलाक के लिये पति-पत्नी को कम से कम एक साल अलग रहना होता है। इसी तरह, समान नागरिक संहिता की अप्रत्यक्ष रूप से हिमायत करते हुए न्यायालय में एक अन्य याचिका दायर की गयी थी।

इस याचिका में भरण पोषण और गुजारा भत्ता के संबंध में भी समान आधारों वाली ऐसी व्यवस्था बनाने का अनुरोध किया गया था जो लैंगिक और धार्मिक रूप में तटस्थ हो तथा अंतर्राष्ट्रीय संधियों के अनुरूप हो।संविधान के प्रावधानों का हवाला देते हुए कुछ समुदायों के व्यक्तिगत कानूनों में प्रचलित प्रथाओं पर सवाल उठाये जा रहे हैं। इसमें बहुविवाह से लेकर तलाक होने की स्थिति में गुजारा भत्ता और भरण पोषण तथा बच्चों के उत्तराधिकार जैसे सवाल उठाये जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में सवाल उठता है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के प्रावधानों के अनुरूप विभिन्न समुदायों से संबंधित व्यक्तिगत कानूनों में उचित सुधार करने का समय आ गया है तो इसके लिये संबंधित समुदायों या धर्म गुरुओं और प्रतिनिधियों को पहल करनी होगी।

आखिर लड़कियों की किन बात से चिढ़ते हैं लड़के

अन्नू रंजन

लड़कियों को इम्प्रेस करने के लिए लड़के कई तरह के हथकंडे अपनाते हैं। लड़कों के बारे में एक चीज बड़ी बदनाम हैं कि वे हमेशा लड़कियों के पीछे लार टपकाए घूमते रहते हैं। यदि कोई खुबसूरत लड़की प्यार से बात कर ले तो वे बहुत जल्दी पिघल जाते हैं। लेकिन लड़कियों की कुछ आदतें ऐसी होती हैं जिनसे वह जरूर चिढ़ते हैं। जो अक्सर लड़कों को परेशान कर देती हैं। आइये जाते हैं...

धोखा: कुछ लड़कियां ऐसी भी होती हैं जो बेहतर लड़का मिलने पर अपने बॉयफ्रेंड को छोड़ देती हैं। या किसी और मामले में अपने मतलब के लिए लड़कों को धोखा देने से परहेज नहीं करती हैं। लड़कों को धोखे से सबसे ज्यादा नफरत होती हैं। यदि किसी लड़की ने उन्हें धोखा दिया तो वो उनसे बातचीत भी नहीं करते हैं। उन्हें उस लड़की से नफरत सी हो जाती हैं।

अकड़ू और रौबदार लड़कियां: इस बात में कोई शकनहीं कि लड़कियां नखरे और एटीट्युड दिखाती हैं लड़के उस लड़की से दूर भागते हैं, जो प्रकृति के नखरे और नखरे दिखाती है। लड़कों को यह पसंद नहीं है कि कोई लड़की उन पर हावी हो रही है। जो लड़के खुद को अधिक ओवरस्मार्ट दिखाने की कोशिश करते हैं, वे भी उन्हें नापसंद करते हैं।

मतलब से बात करना: कुछ लड़कियां बड़ी मतलबी भी होती हैं। वे सिर्फ अपने मतलब के लिए लड़कों का इस्तेमाल करती हैं। उदाहरण के लिए अपने खर्चे निकालने के लिए ही कुछ लड़कियां बॉयफ्रेंड बना लेती हैं। वहीं कुछ काम पड़ने पर ही लड़कों को याद करती हैं। ऐसी मतलबी

लड़की से लड़के बहुत चिढ़ते हैं। वे उनकी मदद करने में भी हिचकिचाने लगते हैं। कई बार उन्हें पूरी तरह इग्नोर भी करते हैं।

हर बात पर रोने वाली लड़कियां: लड़के ऐसी लड़कियों से दूर रहना पसंद करते हैं जो बहुत भावुक होती हैं। ऐसी लड़कियां छोटी-छोटी बातों पर भावुक हो जाती हैं और रोने लगती हैं। चाहे सुख हो या दुख, उन्हें बस रोने का मौका चाहिए। लड़कों को लगता है कि ऐसी लड़कियों के पास शिकायतों का एक बड़ा बंडल होता है, जो वे हमेशा अपने रोनी सूरत से बताती हैं। ऐसी लड़कियों से लड़के बहुत चिढ़ते हैं।

बात बात में कमियां निकालना: कुछ लड़कियों की आदत होती है कि वह अपने ब्वॉयफ्रेंड के मां बाप, रिश्तेदारो और दोस्तों में कुछ न कुछ कमियां निकाल देती हैं। जैसे किसी के कपड़ों को लेकर तो किसी के खाना खाने के तरीके को लेकर। मगर लड़कियों की यह आदत उन्हें इरिटेट कर देती हैं। सिर्फ आपके पार्टनर को नहीं, आपकी यह आदत आपके आस-पास ज्यादातर लोगों को पसंद नहीं आती है।

स्पीड न्यूज

श्री अग्रसेन स्कूल में चेतना शिविर शुरू

भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शनिवार से तीन दिवसीय बाल चेतना शिविर उद्घाटन आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक निखिल राज, सीसीएल बीटीटीआई के मैनेजर नवीन शर्मा, स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षक निखिल राज ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग पूरी तरह सांस लेने की तकनीक, ध्यान और योग पर आधारित है। इससे जुड़कर हजारों लोग निराशा, हिंसा, आत्महत्या की प्रवृति से बाहर निकल चुके हैं। इस शिविर में बच्चों को जीवन में उपयोगी बातें सिखाने के साथ उनके अंदर की कला निखारने के लिए विभिन्न गतिविधियां कराई जाएगी। शिविर के पहले दिन बच्चों ने रोचक खेल, ध्यान, प्राणायाम, तनाव मुक्ति कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

भुरकुंडा पंचायत में सेनेटरी पैड वितरित

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पंचायत भवन में शनिवार को मुखिया अजय पासवान के देख-रेख में सीसीएल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराये गये सेनेटरी का वितरण किया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पंचायत की दर्जनों महिलाओं और किशोरियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण करते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कहा गया कि माहवारी के दौरान सेनेटरी पैड का उपयोग कई बिमारियों से बचाता है। मौके पर उपासना देवी, पम्मी देवी, पुनम देवी, अंजली देवी, रेखा देवी, उर्मिला देवी, रीना देवी, पिंकी देवी, रीता देवी, सुनीता, संजू देवी, पूर्वी देवी, रूपा देवी, विमला देवी, अनिता देवी, प्रतिमा देवी, रानी, कोमल सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं।

कुजू में 13 टन अवैध कोयला जब्त

कुजू। सीसीएल कुजू क्षेत्र के आरा परियोजना अंतर्गत दो नंबर खदान के पास से छिपाकर रखे गये अवैध कोयला के खिलाफ सीसीएल सुरक्षा विभाग व कुजू पुलिस ने छापामारी कर बरामद किया। वहीं अधिकारियों को ग्रामीण महिलाओं का विरोध का सामना करना पड़ा। बाद में अधिकारियों के द्वारा चोरी के कोयला रखने के खिलाफ मामला दर्ज करने की बात कहने पर सभी ग्रामीण महिला वहां चली गयी। इसके बाद कोयला को जब्त करते हुए कुजू न्यू साइडिंग, तोपा परियोजना को सुपुर्द किया गया। उक्त स्थल से करीब 13 टन कोयला बरामद हुआ। अभियान में कुजू ओपी के सअनि रौशन कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी पीसी साहू, आरा पारियोजना पदाधिकारी पी एस देव, मैनेजर राजीव भारद्वाज, ओवरमैन आफताब हुसैन, मुरली मनोहर, हेमंत कुमार सिंह, जीतेन्द्र नोनिया, राज किशोर महतो, मुकेश कुमार, अजय कुमार, प्रदीप आदि शामिल थे।

झूठा केस दर्ज कराना दुर्भाग्यपूर्ण : पोद्दार

भुरकुंडा (रामगढ़)। बजरंग दल के जिला संयोजक भागीरथ पोद्दार ने शनिवार को कहा कि महुदी में हो रहे हनुमान चालीसा के दौरान रात्रि में प्रशासन के द्वारा करवाए गए लाठी चार्ज के विरोध में हिंदू समाज द्वारा 16 जुलाई को विधायक अंबा प्रसाद का पुतला दहन करवाया गया था। इसमें सभी समाज के लोग उपस्थित थे। विधायक अंबा प्रसाद के इशारे पर कुछ लोगों ने इस मामले को तूल दिया और कहा कि पुतले को जो साड़ी पहनाया गया था वह सरना का साड़ी था। जबकि वहां के फोटो और वीडियो को देखेंगे तो ये साफ हो जाएगा कि यह साड़ी किसी और प्रकार की थी। इस मामले को तूल देकर विधायक फिलिस्तीनी झंडे के मामले को दबवाना चाहती थी और पुतला दहन में उपस्थित आदिवासी बहनों समेत कईयों पर झूठा केस दर्ज करवा दिया है। जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा की विधायक द्वारा समाज को बांटने का कार्य समझ से परे और दुर्भाग्यपूर्ण है।

अनवर ने की बच्चों के साथ चर्चा

रजरप्पा। माउंट एवरेस्ट पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विशेषज्ञ संवाद श्रृंखला के अंतर्गत शहजादा अनवर ने स्कूल के बच्चों के साथ एक विस्तृत चर्चा की। यह कार्यक्रम समाजशास्त्र विषय के अंतर्गत आयोजित किया गया था और इसका शीर्षक था प्रजातंत्र एवं भारत की राजनीतिक पार्टियां। इस संवाद में शहजादा अनवर ने भारत के प्रजातंत्र और राजनीतिक पार्टियों के बारे में बच्चों के साथ ज्ञान साझा किया। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं पर अपनी राय रखी। प्रश्नकाल के दौरान बच्चों ने शहजादा से कई रोचक प्रश्न पूछे। छात्र आदर्श तिवारी ने पूछा कि कानून क्या है, एक अन्य छात्र ने पूछा कि भारत में पार्टियों की आवश्यकता क्या है, किसी ने पूछा कि भारतीय लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका क्या है, छात्रा साक्षी ने आबादी नियंत्रण पर प्रश्न पूछा, एक और छात्रा ने धारा 370 पर प्रश्न पूछा, फैजान ने पूछा कि राजनीति में अच्छे लोग कैसे भाग ले सकते हैं, और एक अन्य छात्र ने पूछा कि क्या राजनीति को एक करियर के रूप में अपनाया जा सकता है।

अंतिम सोमवारी को जलाभिषेक यात्रा

कुजू। 12 अगस्त को सावन माह के अंतिम सोमवारी पर जलाभिषेक यात्रा निकालने को लेकर शनिवार को कुजू शिव मंदिर में विश्व हिंदु परिषद, बजरंग दल, हिंदु जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अर्जुन केशरी ने किया। बैठक में जिलाभिषेक यात्रा निकालने को लेकर चर्चा हुई। जलाभिषेक यात्रा को लेकर आस-पास के क्षेत्रों में जाकर कूपन देने, जगहर बैनर-पोस्टर लगाने, 12 अगस्त को सुबह 4 बजे कुजू शिव मंदिर से वाहनों से श्रद्धालुओं को टूटी झरना मंदिर पहुंचाने, सुबह 6 बजे यात्रा का शुभारंभ कर कुजू शिव मंदिर आकर जलाभिषेक करने, मंदिरों का साज-सज्जा, श्रद्धालुओं के लिए शरबत व प्रसाद वितरण करने का निर्णय लिया गया। बैठक में ऋषभ सहाय, सुमित, आकाश सिंह, मिंटू पांडेय, सुनील, संदीप, किशन, पिंटू सिंह, सिंटू, बंटी, दीपक, रितेश, सुदीप, गौरव, अनिल, सोनू आदि शामिल थे।

बड़कागांव में रोजगार को लेकर रैयतों ने दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

जिनकी जमीन गई है, पहले उन्हें सुनिश्चित करें कंपनी: अंकित राज

बड़कागांव। पकरी बरवाडीह में बारूद स्टोर घर के बिना मुआवजा लिए बेरोजगार भू रैयत संघ के बैनर तले ग्रामीणों ने मैगजीन प्लांट जाने वाले पथ में प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बेरोजगार नवयुवकों को सम्मानजनक लंबित मुआवजा प्रदान करना एवं स्थाई रोजगार से जोड़ना, बेरोजगार नवयुवकों को बेरोजगारी भत्ता देने की मांग की। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद के भाई इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज भी धरना स्थल पर पहुंचे एवं उनके मांगों का समर्थन किया। अंकित राज ने कंपनी के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि जिनकी भी जमीन गई है उनको रोजगार से जोड़ना निश्चित करें। कंपनी प्रबंधन ने इस मामले पर जमीन के पेपर दस्तावेज ग्रामीणों से मांग की एवं समय मांगा जिस पर अंकित राज ने कहा कि लगभग दो-तीन वर्ष से यह मामला लटका हुआ है कंपनी को और कितना वर्ष चाहिए, इसलिए तुरंत 25 लोगों को रोजगार सुनिश्चित करें एवं तत्पश्चात दस्तावेजो की जांच कर बाकी अन्य रैयतों को रोजगार सुनिश्चित किया जाए। वार्ता के बाद कंपनी ने 1 अगस्त से सत्यापन कर रोजगार से जोड़ने पर सहमति जताई, लिखित समझौता के बाद धरना स्थगित कर कर दिया। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम व मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव ने भी अपनी बातों को रखा। कंपनी प्रबंधन ने सभी रैयतों के जमीन से संबंधित दस्तावेज जमा करने की बात कही । चार दिन का समय कंपनी प्रबंधन को दिया गया उसके बाद 1 अगस्त के बाद से रोजगार पर जोड़ने की बात कही गई, पुनः धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई। मौके पर एनटीपीसी की ओर से विक्रम बत्रा, त्रिवेणी सैनिक कंपनी के अभिनव, रोहन साव, उमेश कुमार, हरि कुमार, गोविंद कुमार, गौतम कुमार, पिंटू कुमार, सुनील कुमार, किनु साव, चुरामनि साव, विकास कुमार साव, राम दुलार साव, अर्जुन साव, पिंटू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

डायन बिसाही के आरोप में हुक्का पानी बंद

खबर मन्त्र संवाददाता

दारु के अंबदोहर में घटना, जासो देवी को जात से निकाला और 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया

दारु। दिगवार पंचायत के ग्राम अम्बदोहर में डायन बिसाही का आरोप लगाकर एक महिला और उसके परिजनों को पिछले छह माह से प्रताड़ित करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। डायन का आरोप लगाकर महिला का हुक्का पानी बंद कर दिया गया है और उसे जाति से भी बाहर कर दिया गया है। पीड़ित परिवार के जाति के लोगों ने यह निर्णय लिया गया है कि जो भी व्यक्ति पीड़ित परिवार के घर जाएगा उसे 25000 जुर्माना देना होगा। मोहल्ले में एक दुकान से उसे खाने का राशन नही दिया जाता है और उसे गाली गलौज कर भगा दिया जाता है। सरकारी कुवां से पानी लेने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस मामले मे दारु थाना को आवेदन देने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कारवाई नही किया गया। इस मामले मे पीड़ित महिला जासो देवी पति महेश मरांडी ने रो-रो कर अपनी व्यथा सुनाई। महिला ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व गाव के ही फूलचंद मरांडी के बेटे कि मौत हो गयी थी जिसके मौत का जिम्मेवार वह लोग उसे मानते हुए डायन का आरोप लगाकर समय समय पर प्रताड़ित करते रहते थे। इस बात को लेकर उसे परिवार सहित जाति से बाहर कर हुक्का पानी बंद कर दिया, बगल के सरकारी कुंवा से पानी लेने पर भी मनाही कर दिया गया। पड़ोस के दूसरे जाति गोविंद महतो के पुराने कुंवा से दूषित जल निकालकर खाना बनाने और इसी पानी पिने को वह मजबूर है। इस कुवां से भी पानी लाने पर उसके तीन से चार बाल्टी को कुंवा मे डाल दिया गया। कुंवा से बाल्टी निकालने के लिए पड़ोस से झग्गर भी नही देता है जिससे बाल्टी निकाला जा सके। इन सब के जुर्म से तंग आकर वह इस वर्ष के मार्च महीने अपने पति के पास जयपुर चली गयी जहाँ उसका पति मजदूरी का काम करता है। जून महीने मे वापस आने के बाद इनलोगों का जुर्म और बढ़ गया। इस महिला कि दो नाबालिग बेटी और एक बालिग बेटा है जिन्हे भी अक्सर मारपीट करने व जान से मारने कि धमकी दी जाती है। इस मामले को लेकर 22 जुलाई को दारु थाना मे आवेदन दिया पर पांच दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ब्यक्तियों के खिलाफ कोई करवाई नही किया गया उल्टा पड़ोसी और धमकी देने लगे कि जहाँ जाना है जाव हमारा कोई कुछ भी नही बिगाड़ सकता है। इस मामले मे पीड़ित परिवार काफी डरा सहमा हुआ है उन्हे उनके साथ किसी तरह कि अनहोने होने कि चिंता सता रही है।इस बारे मे दारु थाना प्रभारी शफीक खान ने कहा कि उनके पास आवेदन दिया गया है। इस मामले को एएसआई गणेश हांसदा जांच कर रहे है जांच के बाद कार्रवाई कि जाएगी।

विधायक के प्रयास से तीन उपस्वास्थ्य केंद्र व दो स्कूल बाउंड्री का होगा निर्माण

बरही। विधायक उमाशंकर अकेला यादव अपने विस क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में दो बरही और चौपारण में दो नए योजनाओं के लिए 16 अगस्त को होगा टेंडर। उन्होंने बताया कि चौपारण प्रखंड के 3 उप स्वास्थ्य केंद्र हजारीधमना, पांडेयबारा और रामपुर केंद्र के लिए नए भवन का निर्माण और बरही प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कटीयौन और उत्क्रमित मध्य विद्यालय केदारूत का चाहरदिवारी निर्माण की स्वीकृति हो चुकी है, इसके लिए 16 अगस्त को निविदा निकालने की तिथि निर्धारित है।

विजय दिवस पर लायंस क्लब ने दो सैनिकों को किया सम्मानित

भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर के कोल कंपनी में कारगिल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि समारोह में लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने भुरकुंडा के दो सैनिकों को सम्मानित किया। सर्वप्रथम लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने देश के सीमा पर तैनात युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही अमर जवानों के परिजनों के सुख-समृद्धि के लिए कामना की। गई। इसके बाद लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा कारगिल की लड़ाई में दुश्मनों का छक्का छुड़ाने वाले कोल कंपनी निवासी सह भूतपूर्व वीर सैनिक सूबेदार एचएन यादव (विशेष सेवा मेडल) एवं भुरकुंडा निवासी भूतपूर्व वीर सैनिक अमित साहू को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने कहा की देश के सैनिकों को सम्मान करना बड़ा ही गौरव की बात है। देश के वीर जवानों की बदौलत ही हमारी सरहदें व हम सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर तैनात जवान अपना सबकुछ छोड़ देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान तक गवां बैठते हैं। इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। मौके पर लायन अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, डॉ एमके मंजुल, एमजेएफ लायन डॉ राजेंद्र महतो, विजय वर्णवाल सहित क्लब के दर्जनों लोग मौजूद थे।

अंबा प्रसाद के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर वैश्य समाज ने की निंदा

रामगढ़। झारखंड वैश्य समाज ने शनिवार को साहू भवन रामगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विशेष राजनीतिक दल के खिलाफ विधायक अंबा प्रसाद के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर आक्रोश जताया। केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता ने कहा कि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद झारखंड में बहुसंख्यक वैश्य जाति की लोकप्रिय, शिक्षित और क्रांतिकारी विधायक होने के साथ-साथ जनता के हितों को मुखर रूप से उठाने वाली विधायक हैं। ऐसे में राजनीतिक दल के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा एक महिला के ऊपर अभद्र टिप्पणी करना उसकी मानसिकता को दर्शाता है । उन्होंने कहा कि इससे वैश्य समाज में आक्रोश है और समाज इसकी घोर निंदा करती है। केंद्रीय उपाध्यक्ष जयगोविंद साहू उर्फ लालू जी ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा लांघना खास राजनीतिक दलों को शोभा नहीं देता है। जिस तरह से विशेष राजनीतिक दल द्वारा अभद्र टीका टिप्पणी एक महिला विधायक के उपर की गई है वह उस दल का व्यवहार और जनता के प्रति घटिया प्रवृति दशार्ता है। किसी भी दल,संगठन या समाज के बेटी को कोई भी दल अभद्र भाषा का प्रयोग करती है तो झारखंड वैश्य समाज उसका विरोध करता है। दल विशेष के अभद्र व्यवहार का खामियाजा चुनाव के समय पूरे झारखंड में वैश्य समाज देने का काम करेगी। केंद्रीय सदस्य मधु गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजनीति मुद्दा बनाकर अभद्र टिप्पणी की गई है । उसे लेकर सरकार में रहते 40 वर्षों तक क्यों नहीं सुलझाया गया। चुनावी मुद्दा बनाकर रखने एवम अभद्र टिप्पणी पर वैश्य समाज में व्याप्त आक्रोश है । मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल कुमार, प्रवक्ता संतोष रंजन मोदी, राजेश कुमार साह, रंजीत कुमार साह, उपेंद्र प्रसाद गुप्ता, पंकज मोदी, राजू गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

आयुक्त ने रामगढ़ में मतदाता सूची को लेकर की बैठक

बड़कागांव और रामगढ़ में कई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

रामगढ़। मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत हो रहे कार्यों को लेकर शनिवार को आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने रामगढ़ जिले का दौरा किया । इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने परिसदन, रामगढ़ के सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की । बैठक के दौरान आयुक्त के द्वारा मतदाता सूची द्वितीय संक्षिप्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत अब तक हुए कार्यों का जायजा लिया गया । वहीं, उन्होंने अभियान के तहत प्राप्त विभिन्न आवेदनों, प्रपत्रों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। मौके पर आयुक्त ने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्धारित विशेष शिविर दिवसों पर मतदान केन्द्रों सहित अन्य स्थानों पर आयोजित किए जाने वाले शिविरों को सफलतापूर्वक आयोजित करने तथा प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में होना सुनिश्चित करने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त ने 22 बड़कागांव एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्र संरक्षण का द्वितीय विशेष संक्षिप्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत हुए कार्यों तथा विशेष शिविर दिवस के तहत आयोजित शिविरों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने 22 बड़कागांव अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 430, 431, 433, 434, 435, 436, 437, 441, 442, 443, 438, 439 एवं 23 रामगढ़ अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 1, 2, 191, 192, 236,237,238 239, 240, 241, 242 का निरीक्षण कर द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 25 जुलाई को हुए मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का जायजा लिया। मौके पर आयुक्त ने सभी बीएलओ सहित अन्य कर्मियों को उनके उनके क्षेत्र में प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित होना सुनिश्चित करने, लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जांच करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप सहित अन्य ऑनलाइन माध्यमों के प्रति जागरूक करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्धारित विशेष शिविर दिवस 28 जुलाई, 3 अगस्त एवं 4 अगस्त को मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने अपील की।

एक नजर में

श्रावणी मेला को लेकर शांति समिति की बैठक

बड़कागांव।श्रावणी मेला को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर में बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल की अध्यक्षता में हुई। संचालन थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने किया। बैठक में प्रबुद्ध लोगों ने साउंड सिस्टम,जुलूस में भड़काऊ गाना नहीं बजाने का निर्णय लिया।शांति व्यवस्था बनाने के लिए बुद्धिजीवी को सहयोग करने की अपील की गई। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि आपसी भाईचारगी के साथ श्रावणी मेला मनाएं। बीडीओ ने कहा सभी पंचायतों के चयनित जनप्रतिनिधियों द्वारा सहयोग करने की अपील की। प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि महूदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव में आयोजित मेला व पूजा को संपन्न कराने को लेकर बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति की सराहनीय भूमिका रहती हैं। मौके उपप्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, पूर्व डीएसपी मुटुधारी महतो,एसआई सुदेश कुमार,प्रभात कुमार सिंह,भगवान सिंह, मुखिया बासुदेव यादव, पूर्व मुखिया भीखन महतो,मुखिया प्रतिनिधि चंदनपुरी, पूर्व मुखिया दीपक दास, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार , सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

हवलदार से मारपीट के आरोप में युवक को जेल

बरही। बरही चौक पर ट्रैफिक हवलदार के साथ कर्तव्य के दौरान गाली गलौज, मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा पहुँचाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर बरही पुलिस ने जेल भेज दिया है। इस बाबत बरही थाना कांड संख्या 318/24 में धारा 126 (2)/ 115(2)/ 132/351 (2)/ 352/ 121(1) बी.एन.एस . एंड 3 प्रिवेंशन प्रोपर्टी एक्ट दर्ज कर प्राथमिकी अभियुक्त अनिल केसरी पिता भगवती प्रसाद केसरी को गिरफ्तार कर उपस्थापन हेतु न्यायालय में कड़ी सुरक्षा के साथ भेजा गया।

बिछड़े हाथी ने कई गांवों में मचाया उत्पात

दारू। झुंड से बिछडे एक हाथी ने शुक्रवार रात भर प्रखंड के पिपचो, बडवार, चिरूआं गांव में जमकर उत्पात मचाया है। हाथी टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में उत्पात मचाने के बाद दारू प्रखंड क्षेत्र के पिपचो पहुंचा जहां राज प्रधान होटल में जमकर उत्पात मचाया। होटल संचालक राजेंद्र पासवान ने बताया कि हाथी ने फ्रीज, स्टील का बना काऊंटर, दो दरवाजा, अनाज, राशन, बर्तन क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसके बाद शुक्रवार के रात्रि में हाथी ने बडवार निवासी अजय यादव का गौशाला को पूरी तरह से तोड़कर गिरा दिया ,गोशाला में रखे एक साईकिल , 50 किलो मक्का , दो ग्रिल खिड़की, 10 पीस अल्बेस्टर सीट, गोशाला में लगे 20 फिट का 2 पीस लोहा का पाइप, एक बड़ा ओर छोटा बक्सा में रखे बहुत सारे कपड़े ओर स्टील का बर्तन चापट कर पूरा इधर उधर बिखेर दिया गया। पीडितों ने अंचलाधिकारी दारू एवं वन विभाग से क्षति की भरपाई करने की मांग किया है।

केदार यादव ने खिलाड़ियों को दिया जर्सी व फुटबॉल

बरही। समाजसेवी सह बरही विधानसभा के विधायक उम्मीदवार केदार यादव ने पदमा प्रखंड के खिलाड़ियों को जर्सी एवं फुटबॉल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने सरैया मैदान में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। वहीं सभी खिलाड़ियों ने केदार यादव का आभार जताया। खेल को प्रोत्साहित करने का यह काम अत्यंत प्रशंसनीय है। केदार यादव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले युवको में खेल की काफी प्रतिभा है। उचित प्लेटफार्म के अभाव व खेल सामग्री नहीं रहने के कारण वह अपनी प्रतिभा को उजागर नहीं कर पाते है। इसी का ध्यान रखते हुए ग्रामीण क्षेत्र के युवको की टीम के बीच फुटबॉल का वितरण किया जा रहा है।

गरजामो के ग्रामीण विस चुनाव का करेंगे बहिष्कार

बरही। पंचायत डपोक के गरजामों में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि गरजामो आरईओ रोड से मस्जिद होते हुए मुनवर के घर तक रोड की स्थिति बहुत खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के 77 वर्षों के बाद भी आज तक रोड निर्माण नहीं होना कहीं ना कहीं इस क्षेत्र के अनदेखी करने को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस संबध में जनप्रतिनिधियों से कई बार इस संबंध में सूचना दी गई है। बताया कि बैठक कर ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि आगामी विधानसभा चुनाव में वोट का बहिष्कार किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता डपोक पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रमजान अंसारी ने किया। मौके पर मो मनुवर, मो मकबूल, मो हसनैन मोहम्मद, मो गुलजार, मो समीम, मो मिनहाज, मो फिरोज, मो युसूफ, मो नसीम, मो मुमताज, ईश्वर दास, महेंद्र दास, मुंशी दास, महेश दास, राजेंद्र दास, मो बरकत, राजू दास आदि उपस्थित रहे।

मुखिया ने बीडीओ के खिलाफ दिया आवेदन

कटकमसांडी। प्रखण्ड के शाहपुर पंचायत मुखिया सुनीता देवी ने कटकमसांडी बीडीओ के विरुद्ध अबुआ आवास के आवंटन में सरकार के निदेशों का अनुपालन नही करने के खिलाफ डीसी को आवेदन दिया है।मुखिया ने आवेदन में लिखा है कि शाहपुर पंचायत में 19 जाति संवर्ग के लोग निवास करते हैं जिसमें 50 प्रतिशत एससी एसटी संवर्ग के लोग निवास कर रहे हैं।अबुआ अवास की प्रतीक्षा सूची में शाहपुर पंचायत में 429 व्यक्ति का नाम है इसमें 243 एससी, एसटी परिवार के लोग है। और सभी लोग जर्जर आवास में रहने को मजबूर हैं। बावजूद बीडीओ ने सरकार के निर्देश के खिलाफ जाकर मात्र 14 यूनिट आवास का आवंटन शाहपुर पंचायत के एसटी एससी को दिया है, जबकि प्रखंड के कई ऐसे पंचायत है जहाँ एसटी एससी की आबादी अत्यंत ही कम है उस पंचायत में 50 से 60 यूनिट आवास का आवंटन हुआ है जो नियम संगत नही है। मुखिया ने डीसी से मामले की जांच कर जर्जर आवास में रहने वालों को प्राथमिकता के आधार पर अबुआ आवास देने की मांग की है।

प्रदीप प्रसाद ने कई पंचायतों में लगवाया ट्रांसफार्मर



हजारीबाग। सदर विधानसभा क्षेत्र के कई प्रखंडों के पंचायत में पिछले कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण नयाखाप, छडवा,नया टोगरीं,डूमर,मोरांगी, दुग्धा सहित कई गांव के लोग भारी मात्रा में परेशान थे। उनकी परेशानी कोई सुनने वाला नहीं था जब स्थानीय लोग प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में परेशानी को बताया तो उन्होंने ने सहयोगी सुरेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों को विभाग से ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके बाद टीम के सदस्य ने 24 घंटे के अंदर में सभी गांव में ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया।

दारू प्रखंड में जनशक्ति सम्मान समारोह

हजारीबाग। सामाजिक सेवा में अपनी कर्तव्यों को पूरी निष्ठा पूर्वक निभाने वाले शहर के युवा शख्सियत हर्ष अजमेरा के द्वारा दारू प्रखंड के बीडी जायसवाल झुमरा इंटर महाविद्यालय के हॉल में जनशक्ति सम्मान समारोह का भव्य रूप से आयोजन किया गया, आयोजन में रूप में हर्ष अजमेरा स्वयं उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने अजमेरा का स्वागत व अभिनंदन किया। दारू प्रखंड के सभी वार्ड सदस्य ने युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा को पौधा एवं कार्यालय बैग भेट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके द्वारा दिए जा रहे सेवा की प्रशंसा की गई।

बड़े काम की हैं छोटी-छोटी स्किल्स

देश-विदेश केआइटी क्षेत्र में असीमित संभावना

झारखंड में 13 हजार लोगों की भर्ती होगी

12 वीं के बाद करियर संभावना

सिस्टम एनालिस्ट की मांग लगातार बढ़ रही है

मंदी के बावजूद देश में आइटी सेक्टर में मांग बढ़ी

झारखंड के छात्रों को बीसीए, एमसीए में ज्यादा दिलचस्पी

12 वीं के बाद करियर की असीम संभावना

आईटी सेक्टर में सबसे अधिक प्रोफेशनल्स कोर्स कर रहे हैं और सभी को जॉब्स भी मिल रही हैं। मुख्य वजह यह है कि देश में लगातार कंप्यूटराइजेशन हो रहा है। यही कारण है कि एक समय अमेरिका की सिलिकॉन वैली को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में टॉप माना जाता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षो में अमेरिका की आईटी बादशाहत को किसी ने टक्कर दी है, तो वह भारत है। आज भारत आईटी सेक्टर में दुनिया के टॉप कंट्रीज में शुमार किया जाता है। ग्लोबल मंदी में सबसे अधिक प्रभावित होने के बावजूछ पिछले कुछ सालों में भारतीय आईटी सेक्टर में वृद्धि का दर कम नहीं हो रहा है।एक अनुमान के मुताबिक भारतीय आईटी और आईटीईएस सेक्टर में आने-वाले समय में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और सस्टिम एनालस्टि रह सकता है। पूरी दुनियां में सबसे सस्ते आई टी प्रोफेसनल्स भारत में हैं, यहीं कारण है कि अमेरिका, यूरोप सहित पूरे विश्व की आईटी कंपनी भारत आ चुकी है औरअपना व्यापार करना चाहती है।झारखंड में युवाओं में सामान्य तौर पर बीसीए और बेवडिजाइनिंग की कोर्स में रुचि है। राज्य के यूनिवर्सिटी में आईटी के कई कोर्स चलाए जा रहे हैं।

अभिषेक विश्वकर्मा

आईटी में आने वाले 10 साल में 22 से 30 प्रतिशत तक रहने की संभावनाएं है। आईटी सेक्टर में भारतीय युवा हर जगह अपना परचम लहरा रहे हैं। आई टी सेक्सर की किसी भी बड़ी कंपनी में भारतीय युवा अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं। यह क्षेत्र बेहतरीय करियर के लिए युवाओं को आर्कषित कर रहा है। आज आईटी सेक्टर के हर क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग है लेकिन सॉफ्टवेयर इंजीनियर और सिस्टम एनालस्टि की मांग बाजार में कुछ ज्यादा ही है।

सॉफ्टवेयर इंजीनियर

सॉफ्टवेयर दो तरह के होते हैं। एप्लीकेशन और सिस्टम। इन दोनों सॉफ्टवेयर्स की हेल्प से कई तरह की प्रोग्रामिग लैंग्वेज विकसित की जाती हैं, जिनका उपयोग विभन्नि प्रकार के काम में किया जाता है।

फोकस मार्केट डिमांड पर

सॉफ्टवेयर इंजीनियर बाजार के मांग के अनुसार सॉफ्टवेयर्स की डेवलपिग में हेल्प करते हैं। किस सॉफ्टवेयर में क्या कमी है, किसमें क्या नई चीज जोडनी है, ये काम भी इन्हीं के जम्मि रहता है। किसी भी प्रोग्राम के नए वर्जन में भी इनकी भूमिका आगे ही रहती है।

जॉब ऑप्शंस

आईटी को लेकर स्टूडेंट्स का रुझान जिस तरह बढ रहा है, उसे देखते हुए इसके प्रोफेशनल्स के लिए जॉब की कोई कमी आने वाले कई वर्षो तक नहीं होगी। कंप्यूटर का इस्तेमाल बढने से कई नए तरह के सॉफ्टवेयर बनाए जाने की जरूरत रोज ही महसूस की जाती है। इस काम में वे मददगार होते हैं, सॉफ्टवेयर इंजीनियर। इससे समझा जा सकता है कि इनकीमांग तकरीबन सभी क्षेत्र में है।

नवीनतक जानकारी से अपडेट

एक अच्छा सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना है, तो हमेशा इस क्षेत्र में अपडेट रहना होगा। कोई भी नई चीज आए, उसे सीखें। किस सॉफ्टवेयर में कहां, क्या कमी है, उसे जज करें और कुछ नया करने की कोशिश करते रहें। जो लोग कुछ इस तरह की सोच रखते हैं, उनके लिए यह क्षेत्र काफी उपयोगी है।

सिस्टम एनालास्टि

सिस्टम एनालस्टि की मांग भी कम नहीं है। कंट्री में कई नए तरह के कंप्यूटर बनाने की प्रक्रिया भी चल रही है। आपसी प्रतियोगिता के चलते कंपनियां भी नए-नए तरह के कंप्यूटर बना रही हैं। ऐसे में इसके विशेषज्ञ के पास जॉब की कमी आने वाले दो-तीन दशकों तक कम नहीं होगी।

नए-नए अविष्कार

सिस्टम एनालस्टि नए कंप्यूटर्स को डेवलप करने का प्लान बनाता है। वह देखता है कि डिमांड के अनुसार कंप्यूटर के आकार और उसकी क्वॉलिटी में किस तरह के बदलाव करने जरूरी हैं। इसका फोकस कंप्यूटर की काम करने की स्थितियां और उसके अपीयरेंस दोनों पर रहता है।

जॉब के विकल्प

सिस्टम एनालस्टि की डिमांड सरकारी और निजीदोनों क्षेत्र में है। बाजार में जिस तरह से प्रतियोगिता का अवसर पैदा हुआ है उससे आईटी सेक्टर की किसी भी बडी कंपनी के साथ जुडकर काम कर सकते हैं। खुद का कारोबार भी कर सकते हैं।

स्कील्स

कंप्यूटर के क्षेत्र में हो रहे सभी अपडेट की पूरी तरह जानने और समझने की क्षमता हो। कस्टमर की बात को समझने की काबिलियत और अपनी कम्युनिकेशन स्किल से उसे संतुष्ट करने की क्षमता उपयोगी साबित हो सकती है। बाजार में कंप्यूटर से संबंधित उत्पाद की सप्लाई, और इससे संबंधित जानकारी आवश्यक है।

कोर्स

इससे संबंधित कोर्स निट, अपटेक सहित कई कंपनियों द्वारा चलाए जा रहे हैं। साथ ही विभिन्न कॉलेज और यूनिवर्सिटी में भी कोर्स पढ़ाज जा रहे है उससे प्रशिक्षण प्राप्त करें।

(लेखक योगदा सत्संग कॉलेज रांची के आइटी विभाग से जुड़े हैं)

बड़े काम की हैं छोटी-छोटी स्किल्स

अन्नू अंबालिका

कोई वर्किंग वुमन हों या फिर होम मेकर, कुछ ऐसे काम हैं जो जरूर सीख लेने चाहिए। जिंदगी को आसान और उपयोगी बनाने में इनकी बड़ी भूमिका हो सकती है। इनमें से कुछ स्किल्स भले ही आपके रोजमर्रा की जिंदगी में काम न आएं लेकिन जब इनकी जरूरत पड़ती है और ये आपकी सीखी हुई नहीं होती हैं, तो आपको बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। वैसे भी छोटी-छोटी बातों के लिए किसी दूसरेका सहारा लेना कोई अच्छी बात नहीं। ये घरेलू जरूरतों से जुड़े हैं व बाहर काम आने वाले भी। जानिये ऐसे ही छोटे-मोटे लेकिन सीखने के लिए लाजिमी काम या स्किल्स।

होम इकोनॉमिक्स यानी घरेलू रिपेयरिंग

इसका संबंध अर्थशास्त्र से नहीं हैं, लेकिन घर की जरूरतों से जुड़ी स्किल्स से है। विदेशों में एक सब्जेक्ट की तरह इसे कॉलेजों में पढ़ाया जाता है। इसके तहत आपको घरेलू जरूरतों से जुड़ी कई स्किल्स की प्रैक्टिकल पढ़ाई करवाई जाती है। लेकिन हमारे देश में आप इसे दूसरों को करते हुए या अलग-अलग फील्ड के लोगों से सीख सकती हैं। वैसे तो इसमें हाउस पेंटिंग, प्लंबिंग, कारपेंट्री, इलेक्ट्रिकल वर्क एवं घर को मेन्टेन रखने की और रिपेयरिंग से जुड़ी छोटी-मोटी कई चीजें हैं, लेकिन आप कुछ जरूरी चीजें जरूर सीखें। जैसे फ्यूज उड़ जाने पर वायर दोबारा लगाना, नल की टोंटी खराब हो जाए, तो खुद नल फिट कर लेना, दीवार में ड्रिल मशीन से खूंटी लगाना, कारपेंटर से जुड़े छोटे-मोटे काम करना आदि। इससे लाइफ स्मूद तरीके से जी सकेंगी।

फर्स्ट एड

बीमारी और दुर्घटनाएं कभी भी हो सकती हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा जरूरी है मरीज या दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा देना और तुरंत अस्पताल पहुंचाना। हमेशा घर में कुछ जरूरी दवाएं जैसे एंटेसेप्टिक मलहम, बैंडेज, पेनकिलर दवाएं व स्प्रे, कॉटन, गैस की दवाएं, जी मितलाने पर दी जाने वाली दवाएं आदि रखनी चाहिए और साथ ही फर्स्ट ऐड का प्रशिक्षण भी ले लेना चाहिए।

व्हीकल्स का रेगुलर मेंटीनेंस

जब छोटी मोटी खराबी के चलते वाहन रास्ते में अचानक अटक जाए और आसपास कोई मैकेनिक न मिले। ऐसे में वाहनों के रख रखाव से जुड़ी छोटी मोटी बातें जरूर सीखनी चाहिए। कार-स्कूटर की नियमित सफाई, ऑयल चेंज करना, टायर प्रेशर चेक करना छोटी-मोटी तकनीकी खराबियां दुरुस्त करना आपको जरूरी सीखने चाहिए। कार चलाती हैं तो टायर बदलना सीखना भी जरूरी है।

अनजान लोगों से संवाद करना

बड़ी संख्या में महिलाएं किसी अपरिचित से बातचीत करने में हिचकती हैं। बच्चों के एडमिशन के दौरान, सरकारी दफ्तर में, कोर्ट में एफिडेविट, डॉक्टर के पास जाने के लिए या तो वे अपने पति, बेटे को साथ लेकर जाती हैं या फिर उन्हीं को भेजती हैं। ऐसे में कम्यूनिकेशन स्किल डेवलप करना और संवाद-कला सीखना बेहद जरूरी है।

साइबर प्राइवेसी प्रोटेक्ट करना

साइबर क्राइम में हुई बढ़ोतरी के मद्देनजर यह जरूरी है। कूल मॉम टेक डॉट कॉम की लिज गंबीनर बताती हैं, जब भी आप ऑनलाइन शॉपिंग करती हैं, तो वेब एड्रेस के शुरूआत में देखें अगर ँ३३स्र के बाद २ नहीं लगा है, तो आपके क्रेडिट कार्ड की सूचना यहां चोरी हो सकती है। इसी प्रकार फेसबुक अकाउंट भी सिक्योर करना सीखना चाहिए। बेहतर होगा कि पासवर्ड बदलती रहें।

अकेले यात्रा करना

ज्यादातर महिलाएं अब भी अकेले किसी दूसरे शहर की यात्रा करने का साहस नहीं जुटा पातीं। गस्टी ट्रेवलर डॉट कॉम की सीइओ बोंड कहती हैं, ह्यआप को कम से कम एक बार सोलो ट्रेवलिंग जरूर ट्राई करनी चाहिए। इसका प्लान खुद तैयार करना चाहिए। शुरूआत आप कम दूरी की किसी जगह से कर सकती हैं।

अपने फाइनेंस कंट्रोल करना

आपको हमेशा पता होना चाहिए कि आपके पास कितनी आ? है, कितनी सेविंग्स है, महीने का औसत खर्च क्या है। आपकी हेल्थ इंश्योरेंस या लाइफ इंश्योरेंस कितने की है और आपको उससे क्या फायदा मिल सकता है। म्यूचुअल फंड्स कौन सा अच्छा है, प्रॉपर्टी किस एरिया की अच्छी है आदि। आपको एक डायरी या कॉपी में आय-व्यय का पूरा हिसाब, अपनी ऐसेट्स व लायबिलिटी एवं वित्त से जुड़ी अन्य सभी जानकारियां दर्ज रखनी चाहिए।

मोटिवेशन

बदलाव स्वीकारें

एडी बाधवा

हमारे देश में दो प्रकार के लोग सामान्यतः मिल जायेंगे। एक जो किसी भी कार्य के पीछे होने वाले सकरात्क बदलाव का स्वागत करेंगे और उसके गुणों पर चर्चा करेंगे। दूसरे जो किसी भी बदलाव की आलोचना करेंगे और जिद पर अड़े रहेंगे कि जो रहा है वह एक दम बेकार है।

विगत दिनों मैं यात्रा पर था। रेल गाड़ी में मैंने ऑनलाइन खाने का आर्डर दिया। मन में आलोचकों के बुरे ख्याल थे। लग रहा था क्या किया जाए। खैर परिणाम बड़ा ही सुखद रहा। गर्मागरम स्तरीय भोजन रास्ते में उपलब्ध कराया गया। मैंने रेल मंत्री को धन्यवाद दिया। रेल मंत्रालय की सक्रियता और प्रयास से देश में एक विश्वसनीयता पैदा हुई है। मैं रांची में रहता हूं जो अब भी एक छोटा शहर है। रेल सुविधाओं और रेल के विकास में झारखंड में तेजी से विकास हो रहा है लेकिन कुछ लोग इसे स्वीकार नहीं करते और इसी कारण बड़ी संख्या में लोग सहयोग नहीं करते। अब लगातार सुविधा बढ़ी है।

ऐसा ही कुछ मोमेंटम झारखंड के बारे में सुनने के लिए मिल रहा है। झारखंड सरकार ने एतिहासिक प्रयास किया है। निवेश आज की तारीख में राज्य की मांग है। जब तक राज्य में निवेश नहीं होगा हमारे युवक युवतियों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ेगा। आज लाखों युवा राज्य के औद्यागिक विकास थमने के कारण बाहर जा रहे हैं। लेकिन इस कार्यक्रम का भी विरोध किया जाना सही नहीं है। दुनिया में जो बदलाव आये हैं उन्हें सिर्फ सीमित लोभ और लाभ के लिए अस्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। पहले से ही पिछड़े झारखंड राज्य में यह एक अनूठा और बेहतरीन प्रयास है। इसकी भी आलोचना अन्यायपूर्ण कार्य है। बदलाव समय की मांग है और जो इसे स्वीकार नहीं करते उन्हें समय मूल धारा से अलग-थलग कर देता है। रेल मंत्रालय हो या राज्य सरकार या अन्य कोई भी संगठन अगर सार्थक और सही प्रयास करता है तो हम सभी को उसका समर्थन करना चाहिए न कि उसमें त्रुटि निकालने में अपनी उर्जा बर्बाद करना चाहिए।

अपने अंदर हिम्मत पैदा करें। अपने लिए खुद रास्ता चुनें। जो लोग अपने लिए रास्ता चुनते हैं सफलता हर हाल में उनके कदम चूमती है। यह बात समाज, राज्य और संगठन सभी पर लागू होती है। सोचें, विचारें तब विचार प्रकट करें।

(सीएमए सह मोटिवेटर)

गणित सीखेने का चीनी तरीका

अंकगणित को पढाने के लिए दुनिया भर में एक नई विधि चर्चा में है। शंघाई टेक्निक नाम की इस चीनी विधि में एक टीचर पहले छात्रों को मैथ्स के कॉन्सेप्ट्स बताता है और जब हर छात्र उसे सही तरह से समझ लेता है, तब ही अगले चैप्टर्स की पढाई शुरू होती है। इस विधि को लेकर दुनिया भर में चर्चा है कि इसे हर जगह अपनाया जा सकता है या नहीं।

शंघाई टेक्निक कुछ साल पहले उस समय प्रकाश में आई जब चीन के एक शहर के 15 साल के छात्र ने अंतरराष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन परीक्षा (पिसा) के त्रैवार्षिक कार्यक्रम में दुनिया के अन्य हिस्से के छात्रों के मुकाबले अच्छा प्रदर्शन किया।

हैदराबाद के शिक्षाविदों का कहना है कि इस थिअरी में समानता पर जोर दिया जाता है। एक शिक्षाविद चुक्का रमैया ने बताया, 'अगर इस विधि में हर एक की समझ में आने के बाद ही अगले चैप्टर की पढाई होती है तो इसका मतलब है यह समानता को बढावा देती है। यह भारत में यह 16 छात्रों से कम वाले क्लास के लिए उपयुक्त हो सकती है।'

उन्होंने बताया, इस तरीके में स्कूलों में मैथ को पढाने में लगने वाले समय में बचत होती है। छात्रों का इसमें सतत मूल्यांकन होता रहता है। इस टेक्निक के ऊपर दक्षता हासिल करने के लिए शिक्षकों को कम से कम पांच सालों तक विशिष्ट प्रशिक्षण लेना जरूरी है। अगर किसी छात्र का बेहतर प्रदर्शन नहीं होता है तो उसका सतत मूल्यांकन होना चाहिए और उनको अलग से प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। कुछ विशेषज्ञो का कहना है कि हालांकि इससे गरीब छात्रों का फायदा होगा लेकिन स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए इसे अपनाया नहीं जा सकता है। एक शैक्षिक संस्थान के मालिक रामअब्राहम ने बताया, 'हमारे छात्र विभिन्न सांस्कृतिक एवं क्षेत्रीय पृष्ठभूमि के होते हैं। इस संदर्भ में कोई एक खास दिशा को अपनाना संभव नहीं है।' कुछ लोगों का मानना है कि यह सिस्टम सही नहीं है क्योंकि इससे छात्रों एवं शिक्षकों पर अतिरिक्त दबाव बढेगा। उनका कहना है कि वाकई में पीएसए टेस्ट का परिणाम प्रभावी नहीं होता है।

रिजल्ट को सफलता से न जोड़े

एनके मुरलीधर

दसवीं और 12 वीं के परीक्षा परिणाम आ चुके हैं। कुछ छात्र परीक्षा में सफल नहीं हो सके। इसका अर्थ यह नहीं कि हमारे जीवन में कुछ शेष न रहा। हमारे जीवन का प्रत्येक प्रयास सफलता के लिए होता है। सफलता जिसके मायने हर किसी के लिए अलग हो सकते हैं। हर एक का सफलता पाने का तरीका भी अलग हो सकता है। जीवन संभावनाओं से भरा है आपको जीवन में संभावनाओं को कभी भी नहीं नकारना चाहिए। हो सकता है कल तक आपको जिस काम को करने में दिक्कत आती थी आज वह उतना मुश्किल न लगे आप उसे आसानी से कर सको। ऐसे ही बहुत सारी बातें , हालात , चीजें या लोग हमें पसंद नहीं होते और यह हमारी कामयाबी की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन जाती है। कामयाब लोगों को अपने जीवन में अनेक किरदार निभाने पड़ते हैं। उनका व्यक्तित्व नरम लचीला होता है। हमें अपने दिमाग को खुला रखना चाहिए और तथ्यों को कसौटी पर परख कर ही फैसला लेना चाहिए। कल जो नुकसान था वो आज फायदा बन सकता है। बस जरूरत के भावनाओं को अलग करके सोचने की।

जब आपने तय कर लिया कि आपको जीवन में क्या चाहिए, आपको अपने लक्ष्य के प्रति सर्मिपत हो जाना चाहिए। लक्ष्य पर ध्यान रखिए और विफलताओं को अहमियत मत दीजिए। कामयाब लोगों के जीवन में विफलता नाम की कोई चीज नहीं होती। अगर आप सौ बार नाकामयाब होते हैं, तो मान लीजिए आपको सौ नए सबक मिल गए और आप लक्ष्य को चुनने में दोबारा वो गलती नहीं करने वाले। जब आप लक्ष्य पर केंद्रित रहेंगे, तो आपका दिमाग भी हमेशा लक्ष्य के विषय में ही सोचेगा। हमारे जीवन का प्रत्येक प्रयास सफलता के लिए होता है। सफलता जिसके मायने हर किसी के लिए अलग हो सकते हैं। हर एक का सफलता पाने का तरीका भी अलग हो सकता है, पर चाहे तरीका कुछ भी हो अगर आपको सफलता नहीं मिल रही तो आपको ये पांच नियम अपने जीवन में जरूर अपनाने चाहिए। ये जीवन के हर क्षेत्र में कारगर सिद्ध होंगे। किस्मत को छोड़िए, तय कीजिए आपको क्या चाहिए झ हमने अकसर लोगों को कहते सुना होगा कि जो किस्मत में होगा मिल कर ही रहेगा और ऐसा सोच कर अकसर लोग किसी चमत्कार के इंतजार में सारी जिंदगी निकाल देते हैं। चमत्कार अकसर नहीं होते और चमत्कार भी उन्हीं के जीवन में घटते हैं, जो अपने जीवन में क्या पाना है यह तय कर लेते है उन्हें क्या पाना है। तो सबसे पहले आपको अपने जीवन में क्या चाहिए यह तय करना चाहिए और उसे पाने के लिए पूरी लगन से कोशिश करते रहना चाहिए, जब तक आपको वह मिल न जाए और याद रखिए सब को सब कुछ नहीं मिल सकता अपने लिए आपको क्या चाहिए यह आपको पता होना जरूरी है।

लक्ष्य पर सर्मिपत रहिए : जब आपने तय कर लिया कि आपको जीवन में क्या चाहिए, आपको अपने लक्ष्य के प्रति सर्मिपत हो जाना चाहिए। लक्ष्य पर ध्यान रखिए और विफलताओं को अहमियत मत दीजिए। कामयाब लोगों के जीवन में विफलता नाम की कोई चीज नहीं होती। अगर आप सौ बार नाकामयाब होते हैं, तो मान लीजिए आपको सौ नए सबक मिल गए और आप लक्ष्य को चुनने में दोबारा वो गल्ती नहीं करने वाले। जब आप लक्ष्य पर केंद्रित रहेंगे तो आपका दिमाग भी हमेशा लक्ष्य के विषय में ही सोचेगा। इससे आपकी ऊर्जा भी लक्ष्य की दिशा में प्रवाहित होने लगेगी। मान लीजिए आपको नदी के उस पार जाना है बीच में तूफान आ जाता है, तो अगर आपकी नजर लक्ष्य से भटक जाती है, तो आप भी भटक सकते हैं, पर अगर आपकी नजर लक्ष्य पर केंद्रित है तो पानी का तेज बहाव भी आपको रोक नहीं पाएगा। कारण आपकी एकाग्रता है, क्योंकि आपका ध्यान तूफान पर नहीं लक्ष्य पर था।

विवेक मन्त्र

आपकी उदारता से ही आपको ईश्वरीय सत्य का अहसास हो सकता है। आपका ज्ञान इस व्यवहारिक जगत में ही परीक्षण के बाद तपकर सिद्ध होता है। कृष्ण के ब्रंहमज्ञानी मित्र उद्धव जी को यही ज्ञान का अहंकार था। गोपियों ने उनके ज्ञान के अहंकार को तोड़ा और प्रेम और त्याग के तथ्य से अवगत कराया। मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार को छोड़कर ही परमपद प्राप्त किया जा सकता है। ईश्वर का कल्याण विश्व व्यापक है। उदारता भक्ति की सबसे बड़ी पहचान है इसके वगैर भक्ति पूरी नहीं हो सकती है। कामी, क्रोधी, लालची इनसे भक्ति न होय, भक्ति करें कोई सूरमा जाति, धर्म कुल खोय।

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

एडमिशन एलर्ट

सवाल-मैं हरियाणा से बीएड करना चाहता हूं। कॉलेज की मान्यता संबंधित जानकारी कैसे मिलेगी। प्रकाश हजारीबाग, दिनकर खूंटी

जवाब : बीएड ट्रेनिंग पर सरकार नेशनल काउसिंल फॉर टीचर्स एजुकेशन, एनसीटीई के माध्यम से नियंत्रित करती है। एनसीटीई के बेवसाइट पर पूरे देश के मान्यता प्राप्त बीएड कॉलेज की सूची और मान्यता संबंधित नवीनतम जानकारी उपलब्ध है।

सवाल- डूयल डिग्री प्रोग्राम क्या होता है? रविकांत बोकारो,शशि रांची

जवाब : डूयल डिग्री कोर्स का इन दिनों युवाओं में लोकप्रिय हो रहा है। विशेषकर इंटर के बाद ही इसमें एडमिशन होता है। सामान्य तौर पर यह पांच साल का कोर्स है जिससे आप ग्रेजुएशन के साथ एक और डिग्री हालिस कर लेते हैं। जैसे पांच साल के लॉ की डिग्री के कोर्स में लॉ के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री भी मिल जाती है। इंटर के बाद बीबीए एलएलबी का पांच साल का कोर्स जिसमें बीबीए के साथ लॉ की डिग्री भी मिल जाती है।

सवाल: बीएससी नर्सिंग का टॉप संस्थान कहां है। प्रीति बोकारो

जवाबः रिम्स रांची सहित देश के शीर्ष मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई होती है। इस कोर्स में शतप्रतिशत जॉब्स की संभावना है। अब ग्रेट ब्रिटेन सहित खाड़ी देशों में भारतीय नर्स की मांग है और उन्हें जॉब्स देने में अन्य देशों की तुलना में विशेष महत्व दिया जा रहा है। देश में भी स्वास्थ्य सेवा में इनकी मांग है।देश में स्वास्थ्य सेवा में प्रति 16 हजार एक डॉक्टर है जो काफी कम है। उससे भी कम संख्या नर्सिंग उतीर्ण महिलाओं की है। बढ़ती जनसंख्या और शहरीकरण के कारण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में संभावना अधिकाधिक बढ़ती जा रही है। इस क्षेत्र में केरल और आंध्रप्रदेश में बड़ी संख्या में झारखंड से लड़कियां पढ़ाई करने जाती है।

करियर जोन

सवाल : क्या बीआइटी मेसरा में फार्मेसी की पढ़ाई होती है। चितरंजन कुमार रामगढ़

जवाब : बीआईटी मेसरा में फार्मेसी की पढ़ाई होती है। इसके लिए एडमिशन टेस्ट होता है जिसकी सूचना मार्च-अप्रैल में प्रकाशित होती है।

सवाल- क्या प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक करके सेना की नौकरी ज्वाइन कर सकते है। रितू खूंटी

जवाब : किसी भी प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज जिसका एनसीटीई से मान्यता प्राप्त हो वह सरकारी नियमों के तहत संचालित होता है। इसलिए आप सेना के वैसे नौकरी जो इंजीनियरिंग कोर का हो या ग्रेजुएशन के किसी भी संकाय का हो उसमें आवेदन कर सकते हैं। शारीरिक रुप से स्वस्थ्य होना भी आवश्यक है। सेना सहित किसी भी विभाग में नौकरी पा सकते हैं। आवश्यक है कि आप अपनी योग्यता और अंग्रेजी के स्किल को बढ़ायें जिससे आप अच्छा जॉब पा सकते हैं।

इस थिअरी में समानता पर जोर दिया जाता है। एक शिक्षाविद चुक्का रमैया के अनुसार, 'अगर इस विधि में हर एक की समझ में आने के बाद ही अगले चैप्टर की पढाई होती है तो इसका मतलब है यह समानता को बढ़ावा देती है। यह भारत में यह 16 छात्रों से कम वाले क्लास के लिए उपयुक्त हो सकती है।'

स्पीड न्यूज

बिष्टुपुर मारवाड़ी मंदिर में सहस्त्रघट पूजा आज

जमशेदपुर। शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान द्वारा सावन मास के शुभ अवसर पर 28 जुलाई रविवार को सहस्त्रघट पूजा का आयोजन बिष्टुपुर स्थित सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में किया जा रहा है। इस संबंध में संस्था की अध्यक्ष बीना देबूका ने बताया कि 11 पंडितों ने विधिपूर्वक संपूर्ण सहस्त्रघट पूजा करायेगी। सुबह 8 बजे से पूजा शुरू होगी। भगवान शिव का श्रृंगार और महाआरती होगी। इसे सफल बनाने में संस्था की सभी महिलाएं लगी हैं।

मुकेश मित्तल को मिला प्रथम पुरस्कार

जमशेदपुर। 15 जुलाई को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आयोजित लेखन प्रतियोगिता में पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का विषय था एक जागरूक नागरिक के तौर पर नयी केंद्र सरकार से क्या अपेक्षाएं हैं। इसपर समाज के अनेक लोगों ने अपने लेख भेजे, परंतु मुकेश मित्तल का लेख सबसे उत्कृष्ट पाया गया।

जनकल्याण रथ से 1241 लोग लाभान्वित

जमशेदपुर। शहर के लोगों को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही उन योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ अजय कुमार द्वारा 9 जुलाई को बारीडीह चौक से जनकल्याण रथ (वाहन) का फीता काट कर रवाना किया गया था। तब से यह जनकल्याण रथ जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं (वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, झारखंड सरकार की बहु बेटी योजना) की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही योजनाओं से संबंधित ऑनलाईन आवेदन भरवाने में सहयोग कर रहा है। पिछले 15 दिनों में 1241 लोगों ने जनकल्याण रथ से लाभ उठाया है, जिसमें 363 लोगो ने विभिन्न पेंशन योजना, 407 परिवार ने राशन कार्ड और 471 लोगो ने आयुष्मान कार्ड बनवाया है।

शिव मंदिर में सहस्त्रघट जलाभिषेक पूजा 30 को

जमशेदपुर। साकची बाजार स्थित श्री श्री साकची शिव मंदिर में लगातार तीसरे साल मंगलवार 30 जुलाई को सावन पर सुलतानगंज से आये हुए गंगाजल से भोले बाबा का सहस्त्रघट जलाभिषेक पूजा की जायेगी। इसका आयोजन शिव मंदिर कमेटी के लालचंद अग्रवाल एंव बबलु अग्रवाल सपरिवार अपने पिता (स्व विनोद अग्रवाल) की याद में करते रहे हैं। मंगलवार सुबह 10 बजे से शिव पूजन तथा दोपहर 12.30 बजे से सुलतानगंज से टैंकर में आये हुए गंगाजल से भोले बाबा का सहस्त्रघट जलाभिषेक किया जायेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

गोपाल मैदान में एरो मॉडलिंग शो देख रोमांचित हुए नगरवासी

- भारत रत्न जेआरडी टाटा की 120वीं जयंती पर आयोजित था यह शो

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। भारत रत्न जेआरडी टाटा की 120वीं जयंती समारोह के तहत आज गोपाल मैदान में एरो मॉडलिंग शो आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कॉर्पोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील की वाइस प्रेसिडेंट (ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट) अत्रेयी सान्याल और टाटा स्टील के चीफ, एविएशन सर्विसेज रवि राधाकृष्णन ने शिरकत की।

13 विभिन्न आकार और प्रकार के मॉडल विमान प्रदर्शित किये गये, जिनमें डीजल इंजन, बैटरी संचालित इंजन और ग्लो इंजन वाले विमान शामिल थे। जमशेदपुर के एरो मॉडलिंग क्लब, कोलकाता के एरो मॉडलिंग क्लब और एनसीसी कैडेट्स की टीमों ने अपने मॉडल विमान प्रदर्शित किये।

स्टेटिक मॉडल में एसयू-30 एमकेएल, एमआई-35, एवीआरओ, सी-130जे, जगुआर, मिग-26, मिग-29 प्रदर्शित किये गये, जबकि कंट्रोल लाइन मॉडलों में पीस मेकर (3.2 सीसी डीजल इंजन), गोल्डन एरो (2.5 सीसी ग्लो 15 इंजन) और गोल्डन एरो (3.2 सीसी डीजल इंजन) शामिल थे। रिमोट कंट्रोल (आरसी) मॉडलों में 2 स्वान मॉडल और 1 स्वात मॉडल शामिल थे। ये प्रदर्शन बंगाल एआइआर एसक्यूएन एनसीसी कैडेट्स द्वारा आयोजित किये गये थे। यह कार्यक्रम सेंटर फॉर एक्सीलेंस (सीएफई), कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन, टाटा स्टील द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें जमशेदपुर के 500 से अधिक स्कूली छात्र और नागरिक शामिल हुए।

टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी अपने परिवार के साथ शो का आनंद लेते हुए और उड़ते मॉडल को देख रोमांचित दर्शक।

इंटर स्कूल क्विज के विजेताओं को हेलिकॉप्टर से शहर की सैर करायी

जेआरडी टाटा इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता के विजेता और प्रथम उपविजेता टीमों को टाटा स्टील के हेलीकॉप्टर में शहर के चारों ओर हेलीकॉप्टर की सवारी करायी गयी। मौके पर जमशेदपुर मीडिया के लिए आयोजित फोटो कैप्शन प्रतियोगिता के विजेताओं को टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कॉर्पोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी द्वारा सम्मानित किया गया। जेआरडी टाटा की 120वीं जयंती के समावेशी समारोह के रूप में जमशेदपुर मीडिया के लिए फोटो कैप्शन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। 20 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई, और विजेताओं को इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

133वां इंडियन ऑयल डूरंड कप का आगाज आज

जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीन बजे होगा रंगारंग कार्यक्रम के साथ उद्घाटन समारोह

- पहला मैच जमशेदपुर एफसी और असम राइफल्स के बीच

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला की मेजबानी में जमशेदपुर में 133वां इंडियन ऑयल डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप डी का मैच 28 जुलाई से खेला जायेगा। जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 28 जुलाई से 23 अगस्त तक सभी मैच खेले जायेंगे। टू अंतर्राष्ट्रीय स्तर के इस टूर्नामेंट की मेजबानी को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। टूर्नामेंट के सुचारू आयोजन, खेल प्रेमियों की सुविधा, विधि व्यवस्था का संधारण, सुगम यातायात व्यवस्था, पार्किंग आदि तमाम तैयारियों के मद्देनजर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने जेआरडी स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में प्रशासनिक व पुलिस तैयारियों के मद्देनजर की संयुक्त ब्रीफिंग कर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

मौके के पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि भारतीय सेना के तत्वाधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के इस टूर्नामेंट के अनुरूप सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी पूरी तरह से अनुशासित और समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सभी प्रतिनियुक्त सजग, सतर्क, वरीय अधिकारियों से संपर्क में रहते हुए कार्य को बेहतर तरीके से करेंगे ।

जेआरडी स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में 28 जुलाई को अपराह्न 3 बजे रंगारंग कार्यक्रम के साथ मैच का आगाज होगा। समारोह में स्थानीय कलाकार झारखंडी कलाकार पाईका, छऊ, नागपुरी लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे, इसके अलावा भारतीय सेना के जवान डॉग शो, बैंड, पारा ग्लाइडिंग, खुखरी नृत्य का प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यक्रम में देश के अन्य कोनों से आये लोक कलाकार अपने कला की प्रस्तुति देंगे। उद्घाटन समारोह में लगभग 25 हजार खेलप्रेमी शामिल होंगे।

स्टेडियम का जायजा लेते डीसी अनन्य मित्तल और एसएसपी किशोर कौशल।

पहली बार चार राज्यों में खेला जायेगा टूर्नामेंट : गौरतलब है कि पहली बार चार राज्यों में यह टूर्नामेंट खेला जा रहा है, जिसमें पिछले साल के कोकराझार और कोलकाता के अलावा इस साल पहली बार शिलांग और जमशेदपुर को मेजबान शहरों की सूची में जोड़ा गया है। कुल 24 टीमों को छह समूहों में विभाजित किया गया है, जिसमें ग्रुप ए, बी और सी के मैच कोलकाता में खेले जाएंगे, जबकि ग्रुप डी, ई और एफ के मैच क्रमशः जमशेदपुर, कोकराझार और शिलांग में आयोजित किए जाएंगे। ग्रुप टॉपर और दो सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें कोलकाता के अलावा कोकराझार और जमशेदपुर में होने वाले क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की सभी टीमों के साथ-साथ आई-लीग और सर्विसेज की कुछ रोमांचक टीमों के साथ, यह इंडियन ऑयल डूरंड कप के पूरी तरह तैयार है। टूर्नामेंट के सुचारू आयोजन की तैयारियों का निरीक्षण जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने किया। मौके पर भारतीय सेना के कर्नल मानस कुंडू, मेजर मोहित जैन, उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार, ग्रामीण सह सिटी एसपी ऋषभ गर्ग समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बता दें कि देश के चार शहरों में यह टूर्नामेंट खेला जा रहा है जिसमें जमशेदपुर को भी मेजबानी का अवसर मिला है। कुल 24 टीमें इस टूर्नामेंट में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। ग्रुप टॉपर और दो सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें कोलकाता के अलावा कोकराझार और जमशेदपुर में होने वाले क्वार्टर फाइनल में जगह बनायेंगी।

एक नजर में

एफटीएस तथा जमशेदपुर महिला क्लब ने किया रुद्राभिषेक का आयोजन

जमशेदपुर। सावन महीने के शुभ अवसर पर एफटीएस युवा जमशेदपुर ने जमशेदपुर महिला क्लब के सहयोग से भूतनाथ मंदिर, सोनारी में एक भव्य रुद्राभिषेक पूजा का आयोजन किया। इसमें दोनों संगठनों के सदस्यों ने एक साथ भगवान शिव की आराधना की। पांच पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि विधान से रुद्राभिषेक की पूजा कराया। इसमें दोनों संगठनों के प्रमुख सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। युवा एफटीएस का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष रश्मि गर्ग, सचिव पीयूष चौधरी, कोषाध्यक्ष निधि मित्तल, आकांक्षा गुप्ता, रोहित खेमका और अन्य समर्पित सदस्यों ने किया। जमशेदपुर महिला क्लब की अध्यक्ष रीना वेदाग्री, सचिव ममता आगीवाल, शीतल खैतान, श्रद्धा अग्रवाल, पूजा भालोठिया और अन्य सम्मानित सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने एकता और भक्ति की भावना को प्रतिबिंबित किया।

साईं देवस्थानम्, घोड़ाबांधा में हर हो रहा एकल और सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन

जमशेदपुर। साईं परिवार विश्व सेवा संस्थान, जमशेदपुर के तत्वावधान में श्री साईंनाथ देवस्थानम, घोड़ाबांधा, टेल्को में सावन माह के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं के लिए प्रत्येक दिन एकल एवं सामूहिक रुद्राभिषेक किया जा रहा है। रुद्राभिषेक सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक एवं शाम 4 बजे से संध्या 6 बजे तक किया जा रहा है। स्फटिक की शिवलिंग पर रुद्राभिषेक के लिए प्रत्येक दिन बड़ी तादाद में श्रद्धालुगण सपरिवार रुद्राभिषेक में सम्मिलित हो रहे हैं। संस्थान ने श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की है। संस्थान के पुजारी पंडित नंदलाल मिश्रा ने बताया की स्फटिक का शिवलिंग घर में सुख और समृद्धि बनाए रखता है और जीवन में होने वाले बुरे प्रभावों से हमें बचाता है, स्फटिक के शिवलिंग में रुद्राभिषेक से मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। सावन माह में स्फटिक शिवलिंग की पूजा करना बेहद शुभ माना जाता है।

राज्यों को पंगु बनाने की कोशिश न करें केंद्र सरकार : डॉ अजय कुमार

जमशेदपुर। दिल्ली में चल रहे नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की बैठक का विपक्षी इंडिया गठबंधन ने बहिष्कार किया है। इस बीच पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ अजय कुमार ने शनिवार को प्रेस बयान जारी कर केंद्र सरकार की नीति पर हमला करते हुए कहा कि केंद्र सरकार राज्यों को पंगु बनाने की कोशिश न करे। पिछले दस सालों में नीति आयोग ने विपक्षी शासित राज्यों के साथ जो भेदभाव किया है। वह संघीय ढ़ाचे के नीति के विपरीत है। दस साल पहले स्थापित होने के बाद से, नीति आयोग पीएमओ का एक अटैचड ऑफिस मात्र बन कर रह गया है। यह संस्था प्रधानमंत्री के लिए ढोल पीटने वाले तंत्र के रूप में काम करता है। डॉ अजय ने नीति आयोग के काम करने के तरीके पर भी सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी रूप में नीति आयोग ने सहकारी संघवाद को मजबूत नहीं किया है। इसका काम करने का तरीका स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण रहा है। यह प्रोफेशनल और स्वतंत्र तो बिल्कुल भी नहीं है। वहीं नीति आयोग पर ममता बनर्जी द्वारा लगाए गए आरोप के संबंध में डॉ अजय ने कहा कि नीति आयोग की मीटिंग में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रति किया गया व्यवहार नीति आयोग का वास्तविक रूप है, जो बिल्कुल अस्वीकार्य है।

गम्हरिया बाजार : प्राचीन शीतला मंदिर के आस-पास से हटेंगी मांस-मछली की दुकानें

गम्हरिया। आदित्यपुर नगर निगम के अधीन संचालित गम्हरिया बाजार स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर से सटे मीट मार्केट का शनिवार को नगर निगम की टीम द्वारा सर्वे किया गया। गौरतलब है कि गम्हरिया बाजार स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर के आसपास मीट मार्केट खोल दिया गया है। इस दौरान मीट कारोबारियों ने मंदिर को भी अपने कब्जे में ले लिया है। इस पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताते हुए नगर निगम प्रशासन और जिला प्रशासन से इस मामले में संज्ञान लेने की अपील की थी। उसके बाद शनिवार को सिटी मैनेजर देवाशीष प्रधान ने उक्त स्थल की जांच की। सिटी मैनेजर देवाशीष प्रधान ने बताया कि पूरे मामले से प्रशासक को अवगत कराया जायेगा और बीच का कोई रास्ता निकाला जाएगा। इधर, नगर निगम के इस कार्रवाई से मीट व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है।

एवीएन स्कूल, छोटगोविंदपुर का कायाकल्प करेंगे विधायक मंगल कालिंदी

जमशेदपुर। आदर्श विद्या निकेतन मध्य विद्यालय के स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में विधायक मंगल कालिंदी एवं जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह शामिल हुए। स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा स्वागत कर मुख्य रूप से 2011 से झारखंड सरकार के द्वारा स्कूल को दी जाने वाली अनुदान की राशि को बंद करना, प्रतियोगी परीक्षाओं में स्कूल को मान्यता नहीं देना, अनुदान नही मिलने से गरीब बच्चो की पढ़ाई बाधित होने, छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था नहीं होने संबंधी विषयों में चर्चा हुई। विधायक ने स्कूल के सभी कमरों का निरीक्षण कर तत्काल दूरभाष से उपायुक्त को स्कूल की समस्याओं से अवगत करा कर निदान की मांग की। उपायुक्त ने समस्याओं को जल्द समाधान का भरोसा दिया। मौके पर स्कूल समिति के रणविजय सिंह, बनानी डे, हेमा कुमारी, सुजाता कुमारी, बीरेंद्र सिंह, ब्रिज मोहन सिंह, दुर्गा कुमारी आदि भी उपस्थित थी।

झामुमो ने फूंका भाजपा जमशेदपुर सांसद का पुतला

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शनिवार को भाजपा के झारखण्ड विरोधी मानसिकता के विरोध में राज्य के पूर्वी सिंहभूम जिला समिति ने जमशेदपुर के साकची गोलचक्कर पर भाजपा सांसद का पुतला दहन किया। विगत दिनों भाजपा के सांसद ने लोकसभा में झारखंड राज्य के अभिन्न अंग संथाल परगना प्रमंडल, बिहार एवं पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिला कर यूनियन टेरिटरी बनाने के संबंध में बयान दिया गया था। झामुमो का कहना है कि उक्त बयान झारखंड एवं झारखंडी विरोधी मानसिकता का परिचायक है। भाजपा के झारखंड विरोधी मानसिकता के विरोध में राज्य के पूर्वी सिंहभूम जिला के जमशेदपुर स्थिति साकची गोलचक्कर पर भाजपा नेता का पुतला दहन कर विरोध एवं प्रदर्शन किया गया। इस पुतला दहन कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी नेता शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, पूर्व सांसद सुमन महतो, वीर सिंह सुरेन, राज लकड़ा आदि थे।

चांडिल : अवैध लॉटरी के खिलाफ एसडीएम ने की छापेमारी, 7 गिरफ्तार, भेजे गये जेल

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

छापेमारी के दौरान पुलिस टीम के साथ एसडीओ शुभ्रा रानी व गिरफ्तार धंधेबाज।

चांडिल। एसडीएम शुभ्रा रानी ने अवैध लॉटरी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार लोगों को लॉटरी का संचालन करते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया की लगातार अवैध लॉटरी संचालन की सूचनाएं मिल रही थी। इसी कड़ी में चांडिल हाई स्कूल के पास एक भाड़े के मकान से अवैध लाटरी संचालन करते हुए चार लोगों को पकड़ा गया है। इस दौरान मौके से अवैध लॉटरी, कैश मेमो नकद राशि, लॉटरी का हिसाब रखने वाले रजिस्टर तथा अन्य सामान को जब्त किया गया है। नीमडीह पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध लाटरी के साथ चांडिल रेलवे स्टेशन के पास से तीन लोगों को धर दबोचा है। एसडीएम की कारवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। एसडीएम ने कहा चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में अवैध धंधे को चलने नहीं दिया जायेगा। अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। इस अवैध लॉटरी के धंधे से कई परिवारों में कलह उत्पन्न हो रही थी। रातों रात अमीर बनने कि सपने दिखाकर लोगों को कंगाल किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान एसडीएम के साथ चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव दल बल के साथ मौजूद थे। मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गये अभियुक्तों ने इस धंधे में संलिप्त राजनीतिक दलों से संरक्षण प्राप्त सफेद पोश एवं अन्य लोगों का भी नाम कबूला है।

इंफिनिटी-2024 का ओवर ऑल चैंपियन बना हिल टॉप स्कूल

खबर मन्त्र ब्यूरो

ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते छात्र-छात्राएं।

जमशेदपुर। टेल्को स्थित विद्या भारती चिन्मय विद्यालय द्वारा आयोजित बहु प्रतियोगिता उत्सव इन्फिनिटी 2024 के अंतर्गत 20 विविध प्रतियोगिता आयोजनों में शामिल 21 विद्यालयों के लगभग 1300 विद्यार्थियों ने अपनी योग्यताओं एवं क्षमताओं को अपने श्रेष्ठतम रूप में प्रदर्शित किया। विज्ञान, गणित एवं मानविकी के विविध विषयों पर आधारित प्रतियोगिताओं के इस वृहद आयोजन में ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी हिलटॉप स्कूल ने अपने नाम किया। वहीं लोयोला स्कूल, बिष्टुपुर उक्त आयोजन का प्रथम उपविजेता तथा केरला पब्लिक स्कूल कदमा द्वितीय उपविजेता रहा।

चिंता की बात है संथाल परगना में बदलती डेमोग्राफी : संजीव कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

संजीव कुमार।

जमशेदपुर। सांसद बिद्युतबरण महतो के प्रतिनिधि संजीव कुमार ने एक बयान जारी कर कहा है कि संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण वहां पर आदिवासियों की आबादी तीव्र गति से घट रही है। इस संबंध में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा संसद में दिया गया वक्तव्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। सन 2000 से लेकर अद्यतन जनगणना में संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी 36% से घटकर 26% हो जाना अत्यंत चिंता जनक है। सच तो यह है कि बांग्लादेशी घुसपैठ सिर्फ संथाल परगना तक सीमित न होकर पूरा झारखंड इससे बुरी तरह प्रभावित है यह झारखंड के लिए खतरे की घंटी है। इस घुसपैठ से कोल्हान भी अछूता नहीं है। जमशेदपुर के मानगो एवं सरायकेला का कपाली क्षेत्र इसका जीता जागता उदाहरण है। संजीव ने आगे कहा कि इन घुसपैठियों के कारण बड़े पैमाने पर धर्मांतरण, आदिवासी महिलाओं से विवाह एवं आदिवासी/ सरकारी भूमि पर धड़ल्ले से कब्जा किया जा रहा है।

व्यापारी हितों के लिए व्यापार मंडल के राष्ट्रीय संगठन ने भरी हुंकार

- अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाये गये पवन अग्रहरि
- महिलाओं की कमान सुनीता को

खबर मन्त्र ब्यूरो

बैठक में झारखंड प्रदेश कार्य समिति के अध्यक्ष पवन अग्रहरि और सुनीता जायसवाल अपनी टीम के साथ।

जमशेदपुर। अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल सम्पूर्ण भारत के झारखण्ड के प्रदेश पदाधिकारी की बैठक तुलसीभवन में हुआ। यह व्यापार मंडल देश के 22 राज्यों में व्यापारी में समस्याओं पर व्यापार हितो के लिए संघर्ष कर रहा है। छोटे व्यापारी, रेदी, ठेले वालों को भी यह व्यापार मंडल अपने साथ लेकर चल रहा है। झारखंड में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार साव (अग्रहरि) के नेतृत्व में मंडल व जिले स्तर की टीम बनाकर संगठन का सम्पूर्ण विस्तार किया जायेगा।

झारखंड प्रदेश के प्रदेश संगठन में निम्न पधादिकारी को घोषणा राष्ट्रीय टीम की स्वीकृति से की गई जिसमें पवन पवन कुमार साव (अग्रहरि) को प्रदेश अध्यक्ष, चंचल भाटिया को प्रदेश उपाध्यक्ष, रितेश अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष, विकास गुप्ता को प्रदेश महामंत्री, दीपक कुमार अग्रहरि प्रदेश संगठन मंत्री, अनीस सबलोक व कुमार विपिन बिहारी को प्रदेश सचिव, मनोज शर्मा को प्रचार मंत्री तथा प्रदेश महिला अध्यक्ष सुनीता जायसवाल को नियुक्त किया गया।

बैठक में कहा गया कि संगठन का उद्देश्य सरकारकी व्यापारी हितो में चल रही योजनाओं से व्यापारियों तक पहुंचाना व उसे व्यापार में जो समस्याएं आ रही हैं उसे ज्ञापन देकर व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल सरकार तक पहुंचायेगा। बैठक में कहा गया कि छोटे व्यापारी क रेढ़ी फूलो वाले व्यापारी भाइयों के बाजार में पार्किंग स्थल स्ट्रीट लेंड कैमरा, सुलभ शौचालय की वयस्था के लिए सरकार से वार्ता कर इन मूलभूत आवश्यकताओं पर शासन का ध्यान केंद्रित करवाया जायेगा। बैठक में राष्ट्रीय टीम से राष्ट्रीय सचिव राज कुमार जायसवाल नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष झारखंड व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने आग्रह किया कि हम सभी संगठित होकर ही व्यापार व व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करें।

खबर मन्त्र
स्पोर्ट्स
epaper.khabarmantra.net
रांची, रविवार
28.07.2024

भारत के मैच, 28 जुलाई का पूरा शेड्यूल

भारत ने पेरिस ओलंपिक की शुरूआत कर दी है। महिला निशानेबाज मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर भारत के लिए पदक की उम्मीद बरकरार रखी है, जबकि भारत ने 10 मीटर पुरुष एयर पिस्टल और राइफल मिश्रित टीम इवेंट में निराशाजनक प्रदर्शन किया और इन दोनों वर्ग में कोई भारतीय निशानेबाज फाइनल में भी जगह नहीं बना सका। अब रविवार को मनु से पहले पदक की उम्मीद रहेगी, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और निकहत जरीन भी दूसरे दिन से अपने अभियान की शुरूआत करेंगी।

निशानेबाजी
महिला10 मीटर एयर राइफल क्वालिफिकेशन: इलावेनिल वलारिवन (दोपहर 12:45 बजे)।
पुरुष 10 मीटर एयर राइफल क्वालिफिकेशन: संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता (दोपहर 2:45 बजे)।
महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल: मनु भाकर (दोपहर 3:30 बजे)

बैडमिंटन
महिला एकल (ग्रुप चरण): पीवी सिंधू बनाम एफएन अब्दुल रज्जाक (दोपहर 12:50 बजे से)।
पुरुष एकल (ग्रुप चरण): एचएस प्रणय बनाम फैबियान रोथ (रात 8 बजे से)

रोइंग
पुरुष एकल स्कल (रेपेचेज दो): बलराज पंवार (दोपहर 1:18 बजे)।

टेबल टेनिस
महिला एकल (दूसरा दौर): श्रीजा अकुला बनाम क्रिस्टीना कालबर्ग (दोपहर 12:15 बजे से)
महिला एकल (दूसरा दौर): मनिका बत्रा बनाम हर्से (दोपहर 12:15 बजे से)
पुरुष एकल (दूसरा दौर): शरथ कमल बनाम कोजुल (दोपहर 3:00 बजे से)

तैराकी
पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक (हीट 2): श्रीहरि नटराज (दोपहर 3:16 बजे से)
महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल (हीट 1): धीनिधि देसिंगु (दोपहर 3:30 बजे से)

मुक्केबाजी
निकहत जरीन महिला 50 किग्रा (दोपहर 3:50 बजे से)

तीरंदाजी
महिला टीम क्वार्टर फाइनल : अंकिता भकत, भजन कौर और दीपिका कुमारी (शाम 5:45 बजे से)
महिला टीम सेमीफाइनल: (क्वालिफाई करने पर) शाम 7:17 बजे से
महिला टीम पदक चरण के मैच: (क्वालिफाई करने पर) रात 8:18 बजे से

भारत के लिए मिला-जुला रहा पहला दिन

सात्विक-चिराग की आसान जीत के साथ शुरूआत

एजेंसी

पेरिस। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने आसान जीत के साथ पेरिस ओलंपिक की शुरूआत की है। इस भारतीय जोड़ी ने पुरुष युगल टूर्नामेंट के ग्रुप मैच में फ्रांस के लुकास कोर्वी और रोनन लाबर को सीधे सेटों में 21-17, 21-14 से मात दी। 46 मिनट तक चले इस मुकाबले में भारत को फ्रांस से कड़ी टक्कर मिली। लेकिन, मौजूदा एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक-चिराग ने मेजबानों को निराश करते हुए अपने ओलंपिक अभियान की शुरूआत शानदार जीत के साथ की। कोर्वी और लाबर को घरेलू दर्शकों का समर्थन किया लेकिन उन्हें तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। एशियाई खेलों के चैंपियन ने मैच की शुरूआत से ही तेजी दिखाई और कई जबरदस्त स्मैश के साथ प्वाइंट्स हासिल किये। भारत के लिए ओलंपिक पदक की प्रबल दावेदार इस जोड़ी ने पहला सेट 21-17 से जीतकर गेम में में 1-0 की बढ़त बना ली। दूसरे सेट में दोनों देशों के बीच एकतरफा मुकाबला देखने को मिला। फ्रांसीसी खिलाड़ियों ने दूसरे सेट की शुरूआत में भारतीय शटलरों को थोड़ा परेशान किया लेकिन सात्विक-चिराग की तेजी के आगे वह टिक नहीं पाए। भारतीय जोड़ी ने दूसरा सेट 21-14 से आसानी से जीतकर पेरिस ओलंपिक में अपनी पहली जीत दर्ज की।

29 जुलाई को होगा अगला मुकाबला

बता दें कि, तीसरी वरीयता प्राप्त इस भारतीय जोड़ी का अब अगला मुकाबला 29 जुलाई को जर्मनी के मार्विन सेडेल और मार्क लैम्सफस की जोड़ी से होगा।

लक्ष्य सेन का पेरिस ओलंपिक में धमाकेदार आगाज

पेरिस (फ्रांस)। भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक में धमाकेदार अंदाज में अपने अभियान की शुरूआत की है। सेन ने शनिवार को खेले गए बेडमिंटन पुरुष एकल के ग्रुप स्टेज मुकाबले में ग्वाटेमाला के खिलाड़ी कॉर्डन केविन को सीधे सेटों में मात दी। पहले सेट को 21-8 से आसानी से जीतने के बाद सेन को दूसरे सेट में कड़ी टक्कर मिली। लेकिन, सेन ने दूसरा सेट 22-20 से जीतकर गेम अपने नाम कर लिया। पेरिस में पदक जीतने के प्रबल दावेदार 22 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने मैच में तेज शुरूआत की और 37 वर्षीय अपने विरोधी खिलाड़ी को पहले सेट में कोई मौका नहीं दिया। सेन ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया और पहले सेट के मिड ब्रेक तक 11-3 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद अपने प्रदर्शन को जारी रखते हुए पहला सेट 21-8 से अपने नाम किया। दूसरे सेट की शुरूआत में ग्वाटेमाला के खिलाड़ी कॉर्डन केविन ने खेल में शानदार वापसी की और 6-2 से सेन पर बढ़त बना ली। सेन ने इस सेट में कई गलतिया की और कई बार शटल नेट में मारी। इस सेट में केविन, भारतीय खिलाड़ी पर भारी नजर आए और मिड ब्रेक तक सेन को 11-6 से पीछे करते हुए जबरदस्त वापसी की। इस सेट में 37 वर्षीय खिलाड़ी सेन पर भारी पड़े। मिड ब्रेक में पिछड़ने के बाद सेन ने खेल में वापसी की। इस सेट में लक्ष्य को कड़ी टक्कर मिली। लेकिन, दुनिया के 18वें रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने 41वीं रैंकिंग वाले ग्वाटेमाला के कॉर्डन केविन को 22-20 से हराकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

हरमीत देसाई की पेरिस ओलंपिक में धमाकेदार शुरूआत, जॉर्डन के अबू यमन जैद 4-0 से हराया

पेरिस। ओलंपिक 2024 के पदार्पण मैच में हरमीत देसाई का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। ओलंपिक में अपने पदार्पण मैच में भारतीय पैडलर हरमीत देसाई ने शनिवार को पेरिस ओलंपिक 2024 की टेबल टेनिस एकल प्रतियोगिता में पहली जीत हासिल की। हरमीत ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया और खेल को अपने हाथों से फिसलने नहीं दिया जिससे उन्होंने उन्होंने प्रारंभिक मैच में जॉर्डन के अबो यमन जैद पर 4-0 से आसान जीत हासिल की। हरमीत ने अपने प्रतिद्वंद्वी को हराने में केवल 30 मिनट का समय लिया। हरमीत ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया और खेल को अपने हाथों से फिसलने नहीं दिया, क्योंकि उन्होंने प्रारंभिक मैच में जॉर्डन के अबू यमन जैद पर 4-0 से आसान जीत हासिल की। हरमीत ने 11-7, 11-9, 11-5, 11-5 से जीत हासिल कर अपने अभियान को सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया और अपने प्रतिद्वंद्वी को हराने में उन्हें ठीक 30 मिनट लगे।

जरीन पेरिस ओलंपिक में मुकाबले के लिए तैयार

पेरिस। भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन पेरिस ओलंपिक में रविवार को नॉर्थ पेरिस एरिना में अपने पहले मुकाबले के लिए तैयार हैं। दो बार की विश्व चैंपियन जरीन को ट्रायल में मैरी कॉम से हारने के बाद टोक्यो 2020 ओलंपिक से बाहर कर दिया गया था। उन्होने तब से दो विश्व खिताब, एक राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण और पिछले साल के एशियाई खेलों में एक कांस्य पदक सहित कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

भारतीय हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया, हरमनप्रीत ने दागा विजयी गोल

एजेंसी

फ्रांस (पेरिस)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 में शानदार जीत के साथ शुरूआत की है। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली सितारों से सजी भारतीय टीम ने यहां शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए ग्रुप बी के मैच में 3-2 से धमाकेदार जीत दर्ज की। भारत की ओर से मनदीप सिंह (23वें मिनट), विवेक सागर प्रसाद (34वें मिनट) और हरमनप्रीत सिंह (59वें मिनट) ने गोल किये। वहीं, न्यूजीलैंड की ओर से लेन सैम (8वें मिनट) और साइमन चाइल्ड (53वें मिनट) ने गोल दागे।

हरमनप्रीत के गोल से जीता भारत

भारत को 59वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल पोस्ट में डालकर पेरिस ओलंपिक 2024 के पहले मुकाबले में भारत की जीत सुनिश्ति की।

रोइंग: हीट्स में बलराज पंवार चौथे स्थान पर

पेरिस। बलराज पंवार ने पेरिस 2024 की रोइंग प्रतिस्पर्धा में पुरुषों की सिंगल स्कल्स हीट्स में भारत के अभियान की शुरूआत की। बलराज ने हीट 1 में 7:07:11 में अपनी रेस पूरी करके चौथा स्थान हासिल किया। वह रविवार को रेपेचेज राउंड में भाग लेंगे।

शूटिंग: एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में भारतीय जोड़ी चूकी

पेरिस। पेरिस ओलंपिक 2024 में अर्जुन बाबूता और रमिता जिंदल की भारतीय जोड़ी 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के पदक मैच में जगह बनाने से चूक गयी। क्वालीफिकेशन राउंड में रमिता और अर्जुन ने क्वालीफिकेशन में तीन राउंड में कुल 628.7 अंक हासिल किए और उन्हे छठे स्थान पर संतोष करना पड़ा। इस स्पर्धा में अन्य भारतीय जोड़ी संदीप सिंह और एलावेनिल वालारिवन 626.3 के कुल स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रही।

चीन ने पेरिस ओलंपिक खेलों के पहले दो स्वर्ण पदक जीते

पेरिस। चीन ने पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में प्रतिस्पर्धा के पहले दिन दो स्वर्ण पदक जीते। इन पदकों में खेलों का पहला स्वर्ण पदक भी शामिल है। विश्व चैंपियन निशानेबाज चीन के हुआंग युटिंग और शंग लिहाओ ने शनिवार को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीत हासिल कर अपने देश को पेरिस ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। चीन ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम के फाइनल में दक्षिण कोरियाई निशानेबाजों पर 16-12 से करीबी जीत दर्ज की। कजाकिस्तान ने पहले इस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

बेहद कम अंतर से सरबजोत पेरिस ओलंपिक में मेडल राउंड से चूके

पेरिस। भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह शनिवार को पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पदक राउंड के लिए क्वालीफाई करने के बेहद करीब पहुंच गए, लेकिन बेहद कम अंतर के कारण अंततः उन्हें पोडियम पर जगह नहीं मिल पाई। सिंह ने असाधारण कौशल और फोकस का प्रदर्शन करते हुए अपनी एक श्रृंखला में 100 के पूर्ण स्कोर के साथ उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस प्रभावशाली उपलब्धि के बावजूद, उनकी अंतिम श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण गलती महंगी साबित हुई। वह मेडल टेली में नौवें स्थान पर रहे और फाइनल में मात्र एक अंक से चूक गये।

भारत ने पहले टी20 में श्रीलंका को 43 रनों से हराया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत बनाम श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत ने शानदार जीत हासिल की। गौतम गंभीर की कोचिंग में यह भारत की पहली जीत है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 213 रनों का विशाल स्कोर बनाया, जिसके जवाब में श्रीलंका की टीम निर्धारित 19.2 ओवरों में 170 पर ढेर हो गई।

- सूर्यकुमार यादव मैन ऑफ द मैच
- सूर्या की कप्तानी व गंभीर की कोचिंग में भारत का विजयी आगाज
- बेकार गई पाथुम निसंका की 48 गेंद में 79 रन की ताबड़तोड़ पारी

भारत 217/7 (20ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	चौका	छक्का
जयसवाल स्टंप मेंडिस बो. हसरंगा	40	21	05	02
गिल कै. फर्नान्डो बो. मदुशंका	34	16	06	01
सूर्यकुमार एलबीडब्ल्यू पथिराना	58	26	08	02
ऋषभ पंत बो. पथिराना	49	33	06	01
हार्दिक बो. पथिराना	09	10	01	00
पराग एलबीडब्ल्यू पथिराना	07	06	01	00
रिंकू सिंह बो. असिता फर्नान्डो	01	02	00	00
अक्षर पटेल नाबाद	10	05	00	01
अर्शदीप सिंह नाबाद	01	01	00	00

अतिरिक्त : 04
विकेट पतन : 74-1, 74-2, 150-3, 176-4, 192-5, 201-6, 206-7.
गेंदबाज : दिलशान मदुशंका : 3-0-45-1, असिता फर्नान्डो : 4-0-47-1, महीश थीक्षाना : 4-0-44-0, वानिंदु हसरंगा : 4-0-28-1, कामिंदु मेंडिस : 1-0-9-0, मथीशा पथिराना : 4-0-40-4.

श्रीलंका 170/10 (19.2 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	चौका	छक्का
पाथुम निसंका बो. पटेल	79	48	07	04
मेंडिस कै. जयसवाल बो. सिंह	45	27	07	01
परेरा कै. बिश्नोई बो. पटेल	20	14	03	00
कामिंदु बोल्ड रियान पराग	12	08	02	00
असलंका कै. जयसवाल बो. रवि	00	02	00	00
दसुन शनाका रन आउट	00	00	00	00
हसरंगा कै. पराग बो. सिंह	02	03	00	00
थीक्षाना बोल्ड रियान पराग	02	05	00	00
पथिराना कै. पटेल बो. सिराज	06	07	00	00
असिता फर्नान्डो नाबाद	00	01	00	00
मदुशंका बो. रियान पराग	00	01	00	00

अतिरिक्त : 04
विकेट पतन : 84-1, 140-2, 149-3, 158-4, 160-5, 161-6, 163-7, 170-8, 170-9, 170-10.
गेंदबाज : अर्शदीप सिंह : 3-0-24-2, मोहम्मद सिराज : 3-0-23-1, अक्षर पटेल : 4-0-38-2, रवि बिश्नोई : 4-0-37-1, हार्दिक पंड्या : 4-0-41-0, रियान पराग : 1.2-0-5-3.

भारतीय बल्लेबाजों का शानदार प्रदर्शन

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक की बदौलत 213 का विशाल स्कोर बनाया। भारत की तरफ से सूर्यकुमार यादव ने 26 गेंदों में 58 रन बनाये। इसके अलावा यशस्वी जायसवाल ने भी शानदार पारी खेली, उन्होंने 2 छक्के और 5 चौकों की मदद से 40 रन बनाए. वहीं, भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अर्धशतक से चूक गए और 49 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन लौट गये। जिन्होंने 1 छक्का और 5 चौके लगाये। इसके अलावा उपकप्तान गिल 34 रन बनाकर आउट हुये।

श्रीलंका को मिली धमाकेदार शुरूआत

भारत के 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका को शानदार शुरूआत मिली। श्रीलंका ने 8 ओवर में बिना विकेट खोए 80 रन बना लिए थे। श्रीलंका का पहला विकेट 8.4 ओवर में 84 रन के स्कोर पर गिरा जहां, कुसल मेंडिस 27 गेंदों में 45 रन बनाकर आउट हुये। मेंडिस ने 1 छक्के और 7 चौकों से सजी पारी खेली। उसके बाद श्रीलंका का दूसरा विकेट 140 के स्कोर पर गिरा जब सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका 48 गेंदों में 79 रन बनाकर पटेल का शिकार हो गये।

सलामी बल्लेबाजों के अलावा श्रीलंका की टीम फुस्स

इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद श्रीलंका का कोई भी बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सका और टीम बड़े अंतर से मैच हार गई। श्रीलंका के अन्य बल्लेबाजों के प्रदर्शन की बात करें तो कुसल परेरा 20, कामिंदु मेंडिस 12 रन बनाकर आउट हुये। इसके अलावा कप्तान चरिथ असलांका और दासुन शंका और दिलशान मधुशंका बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। वानिंदु हसरंगा ने 2 रन बनाये।

भारतीय गेंदबाजों का कैसा रहा प्रदर्शन

भारत के गेंदबाजी प्रदर्शन की बात करें रियान पराग ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिये। वहीं, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिये। इसके अलावा मोहम्मद सिराज, रवि बिश्नोई को एक-एक विकेट मिला। हार्दिक पांड्या ने 4 ओवर गेंदबाजी की लेकिन वह 41 रन देकर एक विकेट भी हासिल नहीं कर पाये।

लगातार आठवें खिताब जीतने मैदान पर उतरेगी भारतीय लड़कियां

दांबुला। एशिया कप टी20 के फाइनल में पहुंची हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय महिला टीम रविवार को मेजबान श्रीलंका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसका इरादा जीत हासिल कर लगातार आठवीं बार प्रतिष्ठित ट्राफी को घर लाना होगा। चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ मैच के साथ टूर्नामेंट का आगाज करने वाली भारतीय टीम लगातार जीत के साथ फाइनल में पहुंची है। हरमनप्रीत की सेना ने अब तक पाकिस्तान को सात विकेट से, संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से और नेपाल को 82 रन से धूल चटाई है जबकि सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 10 विकेट से धो दिया था।

पुरुषों की स्ट्रीट स्केटबोर्डिंग बारिश के कारण सोमवार तक स्थगित

पेरिस। पेरिस ओलंपिक खेलों में शनिवार को होने वाली पुरुषों की स्ट्रीट स्केटबोर्डिंग प्रतियोगिता को भारी बारिश के कारण सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। वर्ल्ड स्केट के स्केटबोर्डिंग निदेशक लुका बेसिलिको ने यहां जारी एक बयान में कहा, दोपहर तक प्रतिकूल पूर्वानुमानों के कारण पुरुषों की स्ट्रीट स्केटबोर्डिंग प्रतियोगिता को सोमवार को पुनर्निर्धारित की गई है जो मूल रूप से नियोजित समय के अनुसार ही शुरू होगी।

स्वियातेक, अल्काराज और जोकोविच दूसरे दौर में

एजेंसी

पेरिस। सात सप्ताह पहले फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाले कार्लोस अल्काराज और इगा स्वियातेक ने रोलां गैरो में खेले जा रहे ओलंपिक टेनिस स्पर्धा में अपने अभियान का आगाज सीधे सेटों में जीत के साथ किया। बारिश के कारण छत को बंद करके इन मुकाबलों को खेला गया। स्वियातेक और अल्काराज की तरह नोवाक जोकोविच ने भी सीधे सेटों में जीत हासिल की। जोकोविच के सामने दूसरे दौर में लंबे समय से प्रतिद्वंद्वी राफेल नडाल की चुनौती हो सकती है जो पुरुष एकल में रविवार को अपने अभियान का आगाज करेंगे। नडाल ने अपने 22 ग्रैंड स्लैम खिताब में से फ्रेंच ओपन को रिकॉर्ड 14 बार जीता है। वह ओलंपिक में भी दो स्वर्ण पदक के विजेता है। नडाल शुक्रवार की रात उद्घाटन समारोह के दौरान मशाल वाहक थे। वह शनिवार को अल्काराज के साथ युगल मुकाबलों में चुनौती पेश करेंगे। फ्रेंच ओपन में तीन बार की गत चैंपियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक ने रोमानिया की इरिना कैमेलिया बेगु को सीधे सेट में हराया। सात हफ्ते पहले रोलां गैरो पर चौथा फ्रेंच ओपन खिताब जीतने वाली पोलैंड की स्वियातेक ने बेगु को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। मौजूदा फ्रेंच ओपन और विंबलडन चैंपियन अल्काराज ने लेबनान के हेडी हबीब को 6-3, 6-1 से हराया। ओलंपिक में शीर्ष वरीयता प्राप्त सर्बिया के जोकोविच ने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन को आसानी से 6-0, 6-1 से हराया। जून में फ्रेंच ओपन और दो हफ्ते पहले विंबलडन में उप विजेता रही इटली की जैस्मिन पाओलिनी पेरिस ओलंपिक खेलों में जीत दर्ज करने वाली पहली टेनिस खिलाड़ी बनीं जब उन्होंने रोमानिया की ऐना बोगडेन को 7-5, 6-3 से हराया।

मुख्यमंत्री नीतीश को क्लाइमेट लीडर

युवा कांग्रेस ने पीएम मोदी और सीएम नीतीश के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

पटना के श्री कृष्णा नगर में पौधरोपण करते निशांत कुमार

एजेंसी

पटना। जदयू राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व विधायक राजीव रंजन के अंत्योष्टि पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार श्रद्धांजलि अर्पित किया। दुनिया की श्रेष्ठतम संस्था संयुक्त राष्ट्र ने बिहार में जल-जीवन-हरियाली पर किए सराहनीय कार्य के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को 'क्लाइमेट लीडर कहा है। अपने पिता के रास्ते चलकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए निशांत कुमार ने शनिवार को पटना के श्री कृष्णा नगर में पौधरोपण किया। पटना मे युवा कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं पर जनहित के मुद्दों पर निकाले गये शांतिपूर्ण रैली मे पुलिस द्वारा किये गए लाठीचार्ज के विरोध मे किशनगंज ओबीसी जिला कांग्रेस द्वारा शनिवार को शम्भु यादव के अध्यक्षता में प्रतिरोध किया गया। जिसका नेतृत्व कांग्रेस के किशनगंज जिलाध्यक्ष इमाम अली चिंटू ने किया। इस अवसर पर दर्जनों कांग्रेसजनों ने शहर के सुभाषप्ली चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रोष व्याप्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से युवा कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष मो आजाद साहिल ने नीतीश सरकार को नौजवान विरोधी सरकार बताते हुए यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, किशनगंज युवा अध्यक्ष सहित 40 से अधिक कार्यकताओं के घायल होने पे सरकार की निंदा की। मौके पर किशनगंज कांग्रेस ज़िला उपाध्यक्ष अरुण कुमार साह, महिला बिहार प्रदेश महासचिव सहजाहा बेगम, सफी अहमद, पूर्व युवा कांग्रेस बिहार प्रदेश महासचिव सरफराज खान, महिला ज़िला उपाध्यक्ष ईला देवी, तौशीफ अंजार, अतुल कुमार साह, राजद ज़िला महासचिव सहनवाज हैदर, अल्पसंख्यक ज़िला कांग्रेश उपाध्यक्ष हाफिज मूवासीर, शुभम दास, आदि मौजूद रहे। कांग्रेस ज़िला उपाध्यक्ष मो. सफी अहमद ने बिहार सरकार को होश में रहने की नसीहत देते हुए युवा कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष मो. आजाद साहिल के पैर में आयी चोट का जल्द स्वास्थ होने की कामना की उन्होंने कहा कि बिहार का नौजवान अब अपने को पहचान लिया। इस दौरान युवा कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष मो. आजाद साहिल ने एनडीए सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि हम कांग्रेस के लोग ऐसे कायराना हरकते कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे और सरकार की ईट से ईट बजा देंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार श्रद्धांजलि अर्पित

अग्रवाल परिवार ने किया भोजन वितरण

वितरण करते लोग

गढ़वा। अग्रवाल परिवार के तत्वावधान में लगातार 45वें सप्ताह शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन के समीप जरुरत मंदो के बीच भोजन का वितरण किया गया। मौके पर चन्द्र प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल परिवार हमेशा जरुरतमंदो और दीन हिनों की सेवा करता रहता है।

हर्ष अग्रवाल ने कहा कि जरुरतमंदों को भोजन करा कर उनका पेट भर कर बहुत ही आंनद की अनुभूति होती है। मौके पर संतोष अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मानस अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

मृतक के परिजनों से मिले सोशल इनोवेशन ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष

केतार। सामाजिक संस्था सोशल इनोवेशन ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष अनुपम राज सिंह ने पूरे टीम के साथ प्रखंड अंतर्गत परती कुशवानी निवासी स्व. देवेंद्र चेरो के घर पर पहुंचे। जो बैंगलोर में कार्यरत थे उनकी कुछ दिन पहले संदिग स्थिति में मृत्यु हो गयी थी। ग्रुप के सदस्य मृतक की पत्नी और उनके अभिभावक से मिलें। उन्होंने उनके परिवार से वादा किया कि उनकी एकलौती बच्ची जो अभी डेढ़ वर्ष की है उसका पालन-पोषण, पठन पाठन से लेकर उसकी शादी तक का हर खर्च हमारी संस्था सोशल इनोवेशन ग्रुप वहन करेगी। प्रेस वार्ता के शुरुआत में ही उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि हमारी संस्था किसी भी राजनीतिक दल या राजनीतिक व्यक्ति का ना तो समर्थन करता है और ना ही विरोध करती है।

टेलर चालक की मौत

कांडी। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम घोड़दाग निवासी अलियार यादव के लगभग 27 वर्षीय पुत्र ललन यादव टेलर चालक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ललन को छत्तीसगढ़ के औरंगाबाद में टायर बनवाने के क्रम में टायर फट जाने से सर में गम्भीर चोट लगने कारण नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उसके बाद ठीक हो गया। एक महीने बाद पुनः दर्द बढ़ने लगा इसके बाद 24 जुलाई को रांची रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान 25 जुलाई को ललन यादव का निान हो गया। 26 जुलाई को ललन यादव का शव निवास स्थान घोड़दाग लाया गया। जानकारी मिलने पर समाजसेवी सह राजद प्रदेश महासचिव नरेश प्रसाद सिंह घोड़दाग पहुंचे और शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

केतार प्रमुख ने रूआर कार्यक्रम का किया उद्घाटन

केतार। मध्य विद्यालय के प्रांगण में प्रमुख चंद्रावती देवी ने रुआर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष के बीच के बच्चे जो विद्यालय से वंचित रह रहे हैं या पढ़ाई से दूरी बना चुके हैं, उनको विद्यालय से जोड़ने का प्रयास करना। मौके पर प्रमुख ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों को संबोाित करते हुए निर्देश दी की आप सभी लोग अपने-अपने पोषक क्षेत्र में एक जागरूकता अभियान चला कर अभी वंचित बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का प्रयास करें। मौके पर समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद, प्राानायापक मय विद्यालय केतार देवेंद्र कुमार, सुनील पांडेय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

शिक्षा विभाग के निर्देशक के गवारू बयान से शिक्षक हुए आहत

चप्पल पहनकर विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक

खबर मन्त्र संवाददाता

मझिआंव। झारखंड शिक्षा परियोजना के निर्देश आईएएस आदित्य रंजन ने एक प्रशिक्षण के दौरान कहा कि जो भी शिक्षक विद्यालय में चप्पल पहन कर आएगा, उसकी पिटाई उसी चप्पल से की जाएगी। उनकी इस बेतुका एवं गवारू बयान से सभी शिक्षक आहत है।

सभी कोटि के तमाम विद्यालय के शिक्षको ने आईएएस के इस तरह की गंवारू बयान की घोर निंदा की है। इधर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर मझिआंव प्रखंड के संबंधित विद्यालय के तमाम शिक्षकों ने कार्यावधि के दौरान विद्यालय में चप्पल पहनकर विरोध प्रदर्शन किया है। विदित हो कि मार्च 2024 को झारखंड शिक्षा परियोजना विभाग के निर्देश आदित्य रंजन के द्वारा एक प्रशिक्षण में ड्रेस कोड कि बात करने के दौरान विद्यालय में चप्पल पहनकर आने वाले शिक्षकों को चप्पल से पीटने की बात कहने कि वीडियो वायरल हुई है। जिसकी चारों तरफ घोर निंदा की जा रही है। विरोध करने वालों में अखिल झारखंड प्राथमिक विद्यालय शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद, प्रधानाध्यापक रामाकांत तिवारी, अवधेश कुमार रवि, अंजनी कुमार सिंह, विजय सिंह, अंबिका राम, जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार तिवारी, अर्चना कुमारी, पूनम शर्मा, चंद्रशेखर उपाध्याय, उमेश कुमार मिश्रा, बृज किशोर कुमार, नीतू कुमारी, नीरज कुमार तिवारी, रामनरेश प्रसाद सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों का नाम शामिल है।

कसौधन समाज महिला मंच ने किया पौधरोपण

गढ़वा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर कसौधन समाज महिला मंच गढ़वा के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गढ़वा एसटी गर्ल्स हॉस्टल के बाहर पौधरोपण किया गया। मौके पर समाज की अध्यक्ष शोभा कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री के अपील पर पौधे लगाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि पौधों से वातावरण शुद्ध रहता है एवं हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है। मौके पर संरक्षक श्यामादुलारी कश्यप, उपाध्यक्ष कंचन कश्यप, कोषायक्ष ममता कश्यप, सीता कश्यप, मुस्कान कश्यप आदि उपस्थित थी।

बिजली आपूर्ति में अनियमितता के कारण लोगो का हाल बेहाल

रमना। बिजली उपभोक्ताओं के लिए सरकार 200 यूनिट मुफ्त की योजना ला रही है। जिसमे की कम बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं का लाभ मिल सके। लेकिन बिजली वितरण निगम की घोर लापरवाही से रमना प्रखंड के लोग त्राहि-त्राहि कर रहे है। कम बरसात और उमस भारी गर्मी से सुकुन पाने के लिए लोग बिजली पंखा की ओर भाग रहे है, परन्तु वहां भी सुकून नहीं। गत तीन चार दिन से दिन और रात में बिजली वितरण निगम के द्वारा बिजली आपूर्ति में अनियमितता के कारण गर्मी से लोगो का हाल बेहाल है। बिजली वितरण निगम का ऐसा हाल है कि हलकी बूंदा-बांदी के बाद ही 33 हजार में फल्ट हो जा रहा है। ना कोई आंधी न तूफ़ान बस हल्की बारिश में ही पूरे प्रखंड परसवान पवर हउस से जुड़े ग्रामो को छोड़ कर भागोडीह पावर हउस से जुड़े सभी ग्रामो में आंकार हो जा रहा है। शुक्रवार की रात्रि दस-ग्यारह बजे जोरो की बारिश हुई। जिसमें आंधी तूफ़ान नहीं था। फिर भी 33 हजार प्रवाहित विद्युत तार में फल्ट हो, जबकी मय रात्री में ही बर्षा बंद हो गयी फिर भी पूरी रात बिजली बंद रहा। लाइनमैन का कहना है कि पवर हाउस से बिजली सप्लाई की शक्ति कम है। जिससे फल्ट नहीं रहने के बावजूद भी मशीन ट्रिप कर जाता है। यदि पवर बढ़ा दिया जाय तो यह समस्या नहीं आएगा। कही भी फल्ट होगा तो अवाज और स्पार्क होगा जिससे फल्ट की सूचना जनता द्वारा बता दिया जायेगा कि कहा खराबी हुआ है।

झारखंड में युवाओं के अधिकारों का हनन किया जा रहा है : रितेश

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने हेमंत सरकार का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड के युवाओं के भविष्य को दूसरे राज्यों के हाथों बेचने का काम किया है। नगर विकास एवं आवास विभाग में सहायक नगर निवेशक के बहाली में 28 लोग को नियुक्ति पत्र दिया गया। जिसमें 17 लोग दूसरे राज्यों से आने वाले हैं। आखिर किस नियमावली के तहत इतने बड़े पैमाने पर दूसरे राज्यों के लोगों को नौकरी दिया गया।

उन्होंने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड के युवा पढ़ लिखकर नौकरी के लिए ठोकर खाने को मजबूर हैं, लेकिन झामुमो सरकार ने असम, हरियाणा, बिहार, तेलंगाना, दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के लोगों को नौकरी देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के अधिकारों के साथ बंदरबांट हुआ है। झारखंड में युवाओं के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। अभी कुछ दिन पहले पीजीटी भर्ती परीक्षा में खुलेआम धांधली सामने आया लेकिन कोई जांच नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में सिर्फ झारखंड से बाहर के लोग लाभ ले रहे हैं। हेमंत सरकार ने झारखंड के नियोजन नीति को वस्त करते हुए दुसरे राज्यों के लोगों को सरकारी नौकरी देने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि झामुमो ने खतियानी जोहार यात्रा का शुरुआत गढ़वा से किया और पूरे झारखंड में घुमाया। झामुमो 1932 खतियान का बात करता था, लेकिन धीरे-धीरे झामुमो का चाल चरित्र झारखंड के युवाओं के सामने स्पष्ट हो गया। झारखंड के युवाओं के प्रति हेमंत सरकार का सोच बेहद शर्मनाक है। झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक को जनता के सामने स्पष्ट करना होगा।

अन्यथा गढ़वा सहित पूरे झारखंड के युवा भ्रष्ट हेमंत सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार बैठा है। मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, महामंत्री विकास तिवारी, जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल, गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

पेज एक का शेष

यह बदलावों का ...

बदलाव के साथ अवसरों का दशक : पीएम मोदी ने कहा कि यह दशक बदलावों का है, तकनीकी और भू-राजनीतिक के साथ-साथ अवसरों का भी है। भारत को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए । अपनी नीतियों को अंतरराष्ट्रीय निवेश के अनुकूल बनाना चाहिए। यह भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति की सीढ़ी है। बैठक में विकसित भारत@ 2047 पर विजन डॉक्यूमेंट पर भी चर्चा हुई। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों की भूमिका पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

राज्यों का सहयोग जरूरी : 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। इस सपने के लिए रोडमैप बनाने और केंद्र और राज्यों के बीच टीम इंडिया के रूप में टीम वर्क को बढ़ावा देने के लिए 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की सिफारिशों पर भी विचार किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहभागितापूर्ण शासन और सहयोग को बढ़ावा देना, सरकारी हस्तक्षेपों के वितरण तंत्र को मजबूत करके ग्रामीण और शहरी लोगों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है।

मनु भाकर ने ...

वहीं संदीप सिंह और इलावेनिल वलारिवन की जोड़ी 12वें स्थान पर रही। 10 मीटर एयर पिस्टल में सरबजोत सिंह अंतिम स्थान से मामूली अंतर से चूक गये। सरबजोत (9वां स्थान) और जर्मन निशानेबाज दोनों समान अंक (577) पर बराबरी पर थे। इसके अलावा अर्जुन सिंह चीमा (18वें स्थान) पुरुष पिस्टल राउंड से बाहर हो गये।

भाजपा सीएम परिषद...

बैठक में मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, हरियाणा, मणिपुर और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बैठक : लोकसभा चुनाव के बाद यह पहली बैठक है। यह बैठक केंद्रीय बजट प्रस्तुत किये जाने के बाद हो रही है, जिसमें विपक्ष ने सरकार पर बिहार और आंध्र प्रदेश को छोड़कर अन्य राज्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और पार्टी ने लोकसभा में अपना बहुमत खो दिया। हालांकि, पार्टी नेताओं ने कहा कि बैठक में चर्चा के केंद्र में शासन संबंधी मुद्दे थे। ऐसी पिछली बैठक फरवरी में हुई थी।

हेमंत भी नहीं ...

हालांकि इंडिया ब्लॉक का हिस्सा होने के बावजूद पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी बैठक में पहुंची थीं, पर बोलने का पूरा मौका नहीं देने का हवाला देते हुए बैठक को बीच में ही छोड़कर निकल गयी।

बहिष्कार का कारण : वहीं भाकपा के महासचिव डी राजा ने कहा कि केंद्र की हरकतों के कारण इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्रियों ने नीति आयोग की बैठक से बनायी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने करों और धन का उचित बंटवारा नहीं किया है।

झारखंड में 11 ...

झारखंड में पार्टी को किया जा रहा मजबूत : इस मौके पर बिहार सरकार में मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि झारखंड में जेडीयू पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगा, इसके लिए उन्होंने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा कि फिलहाल वे लोग गठबंधन में हैं और झारखंड में भी उसी तरह का गठबंधन रहेगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन के अनुसार उन्हें जिन सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए कहा जाएगा वे उन सीटों पर लड़ने लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के बारे में सीएम नीतीश कुमार से काफी विस्तार से बातचीत हुई है।

झारखंड में फिर सूखे...

धान के अलावा मक्का, दलहन, तिलहन और मोटे अनाज सहित अन्य खरीफ फसलों की स्थिति भी अलग नहीं है। खरीफ फसलों की बुवाई 26 जुलाई तक 28.27 लाख हेक्टेयर के लक्ष्य के मुकाबले सिर्फ 5.59 लाख हेक्टेयर में हुई है। यानी कृषि योग्य भूमि का सिर्फ 19.77 प्रतिशत हिस्सा ही बोया गया है।

झारखंड में बारिश की कमी से चिंतित मुख्यमंत्री ने 19 जुलाई को अधिकारियों को कृषि पर इसके प्रभाव पर एक रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया था। ताकि सहायता के लिए इसे केंद्र के समक्ष रखा जा सके। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धान की आदर्श बुवाई अवधि एक जुलाई से 20 जुलाई या अधिकतम 30 जुलाई (स्थानों के अनुसार) है। बीएयू, रांची के अनुसंधान निदेशक पीके सिंह ने बताया, 'बारिश के रुझान बदल रहे हैं और साथ ही बुवाई का पैटर्न भी बदल रहा है। हमें आठ से दस दिन और इंतजार करना चाहिए। वहीं कृषि विभाग के अनुसार 'हमें किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए 15 अगस्त तक इंतजार करना होगा। यहां के किसान अगस्त के मध्य तक धान की बुवाई करते हैं।

नोटिस

रिभोकेसन केस नं. - 01/ 2022
बावत टाईटल सुट नं. - 60/ 2009

निरज तिवारी व अन्य ---------------------- वादीगण

बनाम

उषा तिवारी व अन्य ----------------------- प्रतिवादीगण

1. उषा तिवारी पति कन्हाई तिवारी, 2. अवधेश तिवारी, 3. संजीव तिवारी, 4. रूपेश तिवारी तीनों पिता स्व कन्हाई तिवारी, 5. सूर्यदेव तिवारी पिता रामाधार तिवारी, 6. राजेश्वर तिवारी, 7. रामजनम तिवारी, 8. लालमुनी तिवारी तीनों पिता स्व भागीरथ तिवारी, 9. सतेंद्र तिवारी. 10. निर्मला तिवारी दोनों पिता स्व ईश्वर दयाल तिवारी, 11. फुलमती कुंवर पति स्व ईश्वर दयाल तिवारी, सभी निवासी ग्राम-कुटमू, थाना - विश्रामपुर, जिला- पलामू।
12. उषा कुंवर पति स्व धर्मराज तिवारी, निवासी - ग्राम तिवारी मलहतिया, पो.- तिलदाग, थाना -गढ़वा, जिला- गढ़वा।
13. शांति देवी पति मुरली पांडेय ग्राम - कुनरहे, पो.-बरडिहा, थाना - मुझिआंव, जिला- गढ़वा।
14. कुसुम कुंवर पति स्व बिपिन पांडेय, ग्राम- कंसी टण्डवा, पो- नुर, थाना - नवीनगर, जिला- औरंगाबाद, बिहार।
15. ललिता देवी पति ध्रुव शंकर पांडेय, ग्राम- कन्दरेह, थाना- बरडीहा, थाना- मझिआंव, जिला- गढ़वा।
16. संगिता देवी पति कमलेश कुमार तिवारी, ग्राम- बड़कागांव, पो- रजवाडीह, थाना- मेदिनीनगर, जिला- पलामू।
17. पुष्पा देवी पति अजय तिवारी, ग्राम - रेड़मा, पो.- रेड़मा, थाना- डालटनगंज, जिला- पलामू।

बजरिये इस नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आपलोगों के विरूद्ध टाईटल सुट नं.- 60/ 2009 दाखिल किया गया था जो व्यविक्रम के कारण दिनांक 15-02-22 को खारिज किया गया था, जिसे पुनजीर्वित करने हेतू यह वाद दाखिल किया गया है। इस वाद में आपके विरूद्ध नोटिस जारी किया गया है परंतु आप उपस्थित नहीं हुए।

अत: आपको सूचित किया जाता है कि आप तारीख 14-8-24 को स्वंय या अधिवक्ता द्वारा हाजीर होकर अदालत की कार्रवाई में अपना पक्ष रखें अन्यथा वाद कार्रवाई एक पक्षीय कर दी जाएगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

आज दिनांक 2-7-24 को मेरे हस्ताक्षर एवं मेरे न्यायालय की मुहर से आम इस्तेहार जारी।

सिविल जज जूनियर डिवीजन नं.-1
पलामू, डालटनगंज।

विधानसभा क्षेत्र में किसी प्रकार की बुनियादी सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दूंगा : रामाशीष

खबर मन्त्र संवाददाता

कांडी। भारत सरकार के सलाहकार व भाजपा नेता सह भावी विधायक प्रत्याशी रामाशीष यादव प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सैकड़ों समर्थकों के साथ ग्रामीणों से जनसंपर्क किया। इसी क्रम में उन्होंने कांडी बाजार में समर्थकों के साथ पैदल चलकर स्थानीय लोगों व दुकानदार भाइयों से परिचय प्राप्त करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद कांडी चौराहे पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य में झामुमो की सरकार है। वर्तमान स्थिति यह है कि राज्य के विभिन्न प्रखंडों में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है। अधिकारी पदाधिकारी द्वारा गरीबों का शोषण जमकर किया जा रहा है। चाहे बाल विकास परियोजना हो या पीडीएस की दुकानें सभी जगहों पर गरीबों का ही शोषण किया जा रहा है। 05 वर्ष पूर्व जब भाजपा की सरकार थी, तब राज्य में अफसर शाही नहीं चलती थी। अब तो अफसर बेलगाम हो गए हैं। कई जगहों की स्थिति तो यह है कि लोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। बेरोजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा सहित अन्य कई मूलभूत सुविधाओं से लोग वंचित हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने वरिष्ठ नेताओं के निर्देशानुसार विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने उतरा हूं। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से मुझे लोगों की भारी समर्थन मिल रही है। मैं वादा करता हूं कि मैं जब इस क्षेत्र का विधायक बनूंगा तो लोगों को किसी प्रकार की बुनियादी सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हम सब नदियों को संरक्षित करने का काम करते आ रहे हैं, लेकिन वर्तमान सरकार के संरक्षण और भ्रष्ट अधिकारियों के साथ मिलकर बालू माफिया नदियों को विलुप्त करने के लिए काम कर रहे हैं। जनसम्पर्क से पूर्व श्री यादव ने बौद्ध बिहार, कर्पूरी चौक व जगदेव प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्प व पुष्पमाला अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं कांडी बाजार स्थित हनुमान मंदिर में पहुंचकर हनुमान जी का भी दर्शन किया। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के रतनगढ़, हंथियाखांड़, बहेरवा, नैनाबार, सलैया सहित दर्जनों गांव में भ्रमण किया। मौके पर अखिलेश राम, पिंटू राज, शंकर मेहता काशीनाथ चौधरी, रामलाल चौधरी, परमेश्वर चौधरी, प्रभु राम, सकेंद्र प्रजापति, लाला पासवान, धर्मेंद्र कुमार रवि, बबलू भारती, प्रिंस कुमार ठाकुर, सोशिल कुमार, गौरव रवि, अविनाश प्रभाकर, विजय राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

जनसंपर्क करते रामाषीष यादव

स्पीड न्यूज

डोडा हमले में शामिल 3 आतंकियों के स्केच जारी

डोडा। जम्मू-कश्मीर के डोडा में हाल ही में हुए आतंकी हमले में शामिल तीन संदिग्ध आतंकियों के स्केच पुलिस ने जारी किए हैं। माना जा रहा है कि यह तीनों आतंकी डोडा और देसा के ऊपरी इलाकों में सक्रिय हैं। उनके बारे में सूचना देने पर 5 लाख रुपये का इनाम रखा गया है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक ये लोग देसा के उरार बागी इलाके में हाल ही में हुए हमलों में शामिल थे। जनता से उनके ठिकाने या मूवमेंट के बारे में कोई भी जानकारी देने के लिए आगे आने का आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री आज 11 बजे करेंगे 'मन की बात'

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित मासिक कार्यक्रम मन की बात को संबोधित करेंगे। मन की बात का यह 112वां संस्करण होगा। प्रधानमंत्री ने लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीतने के बाद पिछले माह पुनः मन की बात को शुरू किया। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूजऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

नवी मुंबई में चार मंजिला भवन गिरा, तीन की मौत

मुंबई। नवी मुंबई के बेलापुर इलाके में शनिवार सुबह चार मंजिला एक इमारत ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों का इलाज वाशी के एनएमएमसी अस्पताल में हो रहा है। नगर निगम के आयुक्त कैलाश शिंदे ने बताया कि शनिवार को सुबह नवी मुंबई में चार मंजिला इमारत ढह गई थी। इस इमारत के गिरने से पहले इमारत में कंपन हुआ था, जिससे इमारत में रहने वाले 52 लोग भाग कर निकल गए थे। इनमें 13 बच्चे भी हैं।

अनंतनाग में खाई में गिरी कार, आठ मरे

अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सिंथन-कोकरनाग मार्ग पर शनिवार को एक तेज रफ्तार मारुति स्विफ्ट कार सड़क से फिसलकर खाई में पत्थरों पर जा गिरी। इस हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई। कोकरनाग के एसडीएम ने कहा कि पुलिसकर्मी इम्तियाज अहमद पत्नी, एक अन्य रिश्तेदार महिला और पांच बच्चों के साथ कार से किश्तवाड़ से माडवा अपने घर वापस आ रहे थे, जहां उनकी तैनाती थी। उसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया।

इराक में तुर्की का हमला कुर्दिश के 25 ठिकानें नष्ट

अंकारा। तुर्की सेना ने उत्तरी इराक में हवाई हमले करके प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के 25 ठिकानों को नष्ट कर दिया है । तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि हवाई हमलों का उद्देश्य तुर्की सुरक्षा बलों के खिलाफ हमलों को विफल करना और देश की सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 43 गिरफ्तार

गुरुग्राम। सीबीआइ ने डीएलएफ साइबर सिटी क्षेत्र में छापा मारकर फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर 43 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये लोग विदेशियों को उनके कंप्यूटर में आयी समस्या के समाधान की बात कहकर उनसे निजी जानकारी हासिल करते थे, फिर उनके साथ ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। एजेंसी को विदेशियों को धोखा देने के उद्देश्य से लाइव कॉल पर कई एजेंट मिले।

अरबपतियों पर टैक्स लगाने को जी20 देशों के वित्त मंत्री सहमत

एजेंसी

रियो डि जिनेरियो। दुनिया के शीर्ष विकसित और विकासशील देशों के वित्त मंत्री अरबपतियों पर प्रभावी ढंग से कर लगाने के प्रस्ताव पर शुक्रवार को सहमत हुए। एक संयुक्त मंत्रिस्तरीय घोषणापत्र में यह जानकारी दी गई है। रियो डि जिनेरियो में जी20 देशों के वित्त मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक के बाद जारी घोषणापत्र में कहा गया है कि टैक्स संप्रभुता के प्रति पूर्ण सम्मान के साथ, हम सहयोगात्मक रूप से यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि अरबपतियों पर प्रभावी रूप से कर लगाया जाए।

▸▸ 18-19 नवंबर को प्रस्तावित जी20 शिखर सम्मेलन से पहले अरबपतियों पर न्यूनतम दो फीसदी संपत्ति कर लगाने का रखा प्रस्ताव
▸▸ 3,000 अरबपतियों से हर साल 200 से 250 अरब डॉलर जुटाये जा सकेंगे
▸▸ टैक्स लगाने के प्रस्ताव का फ्रांस, स्पेन और द अफ्रीका ने समर्थन किया है और अमेरिका इसके खिलाफ

ब्राजील ने रियो डि जिनेरियो में 18-19 नवंबर को प्रस्तावित जी20 शिखर सम्मेलन से पहले अरबपतियों पर न्यूनतम दो फीसदी संपत्ति कर लगाने का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव पर सहमति कायम करना समूह के अध्यक्ष के रूप में उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालांकि, घोषणापत्र में विशिष्ट वैश्विक कर पर सहमति कायम नहीं की जा सकी, लेकिन ब्राजील के वित्त मंत्री फर्नांडो हद्दाद ने इसे महत्वपूर्ण कदम करार दिया। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि हम इस तरह के नतीजे को लेकर हमेशा आशावादी थे, लेकिन यह वास्तव में हमारी शुरूआती उम्मीदों से कहीं अधिक है। अरबपतियों पर कर लगाने के ब्राजील के प्रस्ताव का जहां फ्रांस, स्पेन और दक्षिण अफ्रीका ने समर्थन किया है, वहीं अमेरिका इसके खिलाफ है।

अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने संवाददाताओं से कहा कि कर नीति को वैश्विक स्तर पर समन्वयित करना बहुत कठिन है। हमें इस संबंध में किसी वैश्विक समझौते पर बातचीत करने की कोई जरूरत नहीं दिखती और वास्तव में हमें यह वांछनीय भी नहीं लगता। ब्राजील द्वारा नियुक्त फ्रांसीसी अर्थशास्त्री गेब्रियल जुकमैन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा समय में अरबपति अपनी संपत्ति का 0.3% हिस्सा कर के रूप में चुकाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दो फीसदी संपत्ति कर लगाने से वैश्विक स्तर पर लगभग 3,000 अरबपतियों से हर साल 200 अरब डॉलर से 250 अरब डॉलर जुटाए जा सकेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, इस धनराशि का इस्तेमाल शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल जैसी सार्वजनिक सेवाओं के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई के लिए भी किया जा सकता है।

नक्सली प्रदीप सिंह चेरो के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। एनआइए ने झारखंड में नक्सली की गिरफ्तारी और हथियार बरामदगी मामले में शनिवार को एक और आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। झारखंड निवासी प्रदीप सिंह चेरो इस मामले में आरोपित होने वाले 23वें आरोपित हैं। एनआईए द्वारा जून 2022 में जांच अपने हाथ में लेने और अगस्त 2023 और जुलाई 2024 के बीच पांच पूरक आरोप पत्र दायर करने से पहले झारखंड पुलिस ने मूल रूप से नौ व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। एनआईए ने शनिवार को यह जानकारी दी। एनआईए की जांच से इस मामले में विभिन्न माओवादी सशस्त्र काडरों और जमीनी समर्थकों की संलिप्तता का पता चला है। शीर्ष कमांडर प्रशांत बोस की गिरफ्तारी का बदला लेने के लिए झारखंड में सुरक्षा बलों पर हमला करने के

लोहरदगा में हथियार बरामदगी मामले में एनआइए ने एक और चार्जशीट दाखिल किया

लिए विभिन्न धाराओं के तहत चेरो के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है। एनआईए के मुताबिक यह हमला फरवरी 2023 में झारखंड के लोहरदगा में हुआ था। उस समय क्षेत्रीय कमांडर रवींद्र गंझू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सीपीआई (माओवादी) कैडर सुरक्षा बलों पर हमले की साजिश रचने के लिए लोहरदगा के बुलबुल के वन क्षेत्र में इकट्ठा हुए थे। गंझू के साथ सीपीआई (माओवादी) के सक्रिय कैडर बलराम उरांव और मुनेश्वर गंझू के साथ 45 से 60 अन्य लोग शामिल हुए। इस दौरान जब राज्य पुलिस और सीआरपीएफ के साथ सुरक्षा बलों ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया तो उस दौरान उन पर माओवादियों ने हमला किया था। इसके बाद चलाए गए तलाशी अभियान में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ था।

सुदर्शन का फाइनल ट्रायल शुरू

एस-400 ने दुश्मन के 80 फीसदी लड़ाकू विमानों को मार गिराया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत को रूस से दो एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम (सुदर्शन) 2026 में मिलेंगे। वायु सेना ने अब तक मिले तीन सिस्टम की क्षमताओं का ट्रायल शुरू कर दिया है। वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार चीनी सेना ने बड़े पैमाने पर वायु रक्षा प्रणालियां की तैनाती की गई हैं, जिसके जवाब में भारत ने भी दो एस-400 स्क्वाड्रन को पूर्वी और उत्तरी सीमा पर तैनात किया है। तीसरी स्क्वाड्रन को पंजाब में इस तरह से तैनात किया गया है, ताकि पाकिस्तान की सीमा के साथ-साथ उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों को भी कवर किया जा सके। यूक्रेन से युद्ध के बीच रूस अब तक भारत को 3 एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति कर चुका है, जबकि दो सिस्टम अभी मिलने हैं। चौथी प्रणाली मार्च?, 2026 में और

▸▸ रूस से तीन मिले और दो और 2026 में मिलेंगे
▸▸ भारत ने दो एस-400 स्क्वाड्रन को पूर्वी -उत्तरी सीमा पर किया तैनात और तीसरा पंजाब में

पांचवीं प्रणाली 2026 के अंत तक पहुंचाई जाएगी। यह दो साल की देरी यूक्रेन संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला संबंधी समस्याओं के कारण हुई है। भारतीय वायु सेना ने भगवान कृष्ण के शक्तिशाली सुदर्शन चक्र के नाम पर एस-400 को 'सुदर्शन' नाम दिया है। वायु सेना ने अब इस मिले तीन सिस्टम को पूरी तरह से एकीकृत कर लिया है। वायु सेना ने अब तक मिले 03 सिस्टम की क्षमताओं का ट्रायल शुरू कर दिया है। वायु सेना और भारतीय सेना ने पिछले साल

अक्टूबर में चीन की सीमा से लगे उत्तर पूर्व क्षेत्र में आकाश पूर्वी अभ्यास किया, जिसमें सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी के रूसी एस-400 को भी शामिल किया गया था। इसके बाद अभी हाल ही में एक हवाई अभ्यास के दौरान एस-400 सिस्टम ने 'दुश्मन' के 80 फीसदी लड़ाकू विमानों को मार गिराया। रूस में बने इस भारतीय एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम ने अन्य टारगेट को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया, जिससे उनके मिशन रद्द हो गए। इन दोनों मेगा हवाई अभ्यासों में सुखोई-30 एमकेआई, राफेल, स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस और अटैक हेलीकॉप्टर एलसीएच प्रचंड के साथ-साथ जमीनी सैनिक भी शामिल थे। वायु सेना ने हाल ही में एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की क्षमताओं का आकलन करने के लिए एक थिएटर में अभ्यास किया, जहां लंबी दूरी की एस-400 के एक स्क्वाड्रन को तैनात किया था। इस अभ्यास के दौरान असली लड़ाकू विमान उड़ान भर रहे थे, जिसे सुदर्शन ने नकली कार्रवाई में लॉक ऑन और टारगेट करके दुश्मन के 80 फीसदी लड़ाकू विमानों को मार गिराने की क्षमता दिखाई। इसके बाद अन्य बचे विमानों ने अपने मिशन को रद्द कर दिया, जिन्हें भारतीय क्षेत्र के भीतर अपने लक्ष्यों पर हमला करना था। चीन और पाक के खतरे को देखते हुए भारत को एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की बहुत जरूरत थी। भारत ने रूस के साथ पांच एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 खरीदने के लिए 35 हजार करोड़ रुपये में सौदा किया था, जिसे रूस और भारत के रक्षा मंत्रियों ने 06 दिसंबर, 2021 को अंतिम रूप दिया था। वायु सेना ने हाल के वर्षों में रक्षा क्षमताओं में काफी सुधार किया है।

हॉलीवुड में काम करना चाहती हैं तृप्ति डिमरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी हॉलीवुड फिल्मों में काम करना चाहती है। डिमरी इन दिनों फिल्म बैड न्यूज को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इससे पहले से तृप्ति डिमरी फिल्म एनिमल की सफलता का लुत्फ उठा रही थीं, जिसके जरिए उन्हें नेशनल क्रश का टैग भी मिला। डिमरी ने अब हॉलीवुड फिल्मों में जाने की इच्छा जताई है। चर्चा है कि तृप्ति पश्चिमी फिल्म उद्योगों में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए एक एजेंट की तलाश कर रही हैं और वह किसी फिल्म में एक छोटा सा हिस्सा लेने के लिए भी तैयार हैं, जो उनके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

अगस्त में यूक्रेन जायेंगे प्रधानमंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कीव (यूक्रेन) जाने वाले हैं। सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी अगस्त में कीव की यात्रा करेंगे। रूस से जंग के बीच पीएम मोदी का यह यूक्रेन का पहला दौरा होगा। जुलाई में दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय वार्ता हुई, जिसमें एस जयशंकर और यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और यूक्रेन के आंद्रेई यरमाक ने फोन पर बातचीत की थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की बात कही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जून में इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की थी। राष्ट्रपति वोलोडिमिर

▸▸ रूस से जंग के बीच मोदी का यूक्रेन का पहला दौरा होगा
▸▸ मोदी ने मास्को में कहा था, युद्ध किसी समस्या का नहीं है, बातचीत से निकलेगा हल

जेलेंस्की ने 4 जून को आम चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी थी।

साथ ही राष्ट्रपति ने उन्हें देश का दौरा करने का निमंत्रण दिया था। मार्च में वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ फोन पर बातचीत में पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत-यूक्रेन साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर बातचीत की थी। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जेलेंस्की को भरोसा दिलाया था कि भारत शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर संभव कोशिश करना जारी रखेगा। पीएम मोदी ने इस महीने की शुरूआत में

अपनी दो दिवसीय मास्को यात्रा के दौरान कहा था कि युद्ध के मैदान में किसी समस्या का समाधान नहीं है। बातचीत और कूटनीति ही आगे बढ़ने का रास्ता है। पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि भारत ने हमेशा क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता समेत संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करने की अपील की है।

नीति आयोग की बैठक में माइक्रोफोन बंद का ममता का दावा भ्रामक

नयी दिल्ली। नीति आयोग की राजधानी में शनिवार को हुई बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का माइक्राफोन को बंद किए जाने के दावे को केंद्र सरकार के अधिकारियों ने भ्रामक बताया है। उनका कहना है कि सुश्री बनर्जी को राज्य सरकार के अनुरोध पर उनके क्रम से पहले बोलने का मौका दिया गया और उनका समय पूरा होने की घंटी तक नहीं बजायी गयी। अधिकारियों का कहना है, वहां की घड़ी दर्शाती है कि उनका (सुश्री बनर्जी का) बोलने का समय पूरा हो गया था। समय पूरा होने की घंटी भी नहीं बजायी गयी थी।

राज्य सरकार के अनुरोध पर पहले बोलने का मौका दिया गया : केंद्र

नीति आयोग 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी।

लाओस ने जारी किया रामलला पर डाक टिकट

एजेंसी

वियनतिएन। दक्षिण पूर्वी एशिया के देश लाओस ने भारत के साथ अपने सभ्यतागत जुड़ाव को प्रदर्शित करते हुए विश्व का पहला ऐसा डाक टिकट जारी किया है जिसमें अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में विराजित रामलला की प्रतिमा दर्शाई गई है। लाओ पीडीआर की राजधानी वियनतिएन में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और लाओ पीडीआर के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री सेलुमक्से कोमासिथ ने ये विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किये।

डॉ. जयशंकर आसियान-भारत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के विदेश मंत्रियों की बैठक और आसियान क्षेत्रीय मंच की बैठक के लिए वियनतिएन की यात्रा पर हैं। लाओ पीडीआर और भारत के बीच गहरे सभ्यतागत

▸▸ लाओस की प्राचीन राजधानी लुआंग में भगवान बुद्ध और भगवान राम को दर्शाया गया
▸▸ दुनिया का पहला डाक टिकट है, जिसमें अयोध्या के श्री रामलला को दी गयी जगह

जुड़ाव को दर्शाने वाले दो टिकटों के इस स्टांप सेट में लाओस की प्राचीन राजधानी लुआंग प्रबांग शहर के भगवान बुद्ध और भगवान राम की पवित्र राजधानी अयोध्या के भगवान श्री राम को दर्शाया गया है। बौद्ध धर्म के संबंधों ने सहस्राब्दियों से भारत और लाओ पीडीआर को एक साथ बांध रखा है। रामायण के लाओ संस्करण को रामकियेन या फ्रा लाक फ्रा राम की कहानी कहा जाता है।

यह भारत की तरह लाओस में भी पूज्यनीय है, और शुभ अवसरों पर इसका प्रदर्शन किया जाता है। इसलिए स्टाम्प सेट का शीर्षक

ह्यलाओ पीडीआर और भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत का महोत्सवह्न दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक टिकट सेट की एक अनूठी विशेषता यह है कि भगवान श्री राम पर लाओ पीडीआर द्वारा बनाया गया डाक टिकट दुनिया का पहला टिकट है जिसमें अयोध्या के श्री रामलला को दर्शाया गया है।

संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पहली बार मोरारी बापू करेंगे रामकथा

वॉशिंगटन। आध्यात्मिक गुरु मोरारी बापू रामचरितमानस की प्रासंगिकता का प्रसार करने के लिए न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पहली बार रामकथा करेंगे। पिछले 65 वर्षों से अधिक समय से रामकथा का पाठ कर रहे मोरारी बापू ने कहा कि रामचरितमानस धार्मिक एवं सांस्कृतिक सीमाओं से परे एक वैश्विक संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह सत्य, प्रेम और करुणा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों की बात करता है जिनकी आज की दुनिया में जरूरत है।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में रामकथा का आयोजन एक दैवीय कृपा है और यह वैश्विक सद्भाव की दिशा में एक कदम है। यह पहली बार है जब न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में रामकथा का आयोजन होगा। मोरारी बापू ने इस आयोजन को सपना सच होने जैसा बताया।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar – II	₹ 120	English Grammar – II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!